स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी
लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ, सोमवार
3 अगस्त, 2026
श्रावण मास कृष्ण पक्ष 5
सं. 2083 वि.
वर्ष 79, अंक - 342 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर *
मूल्य : 3 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net



श्रीलंका दौरे से पहले भारत को बड़ा झटका, बुमराह टेस्ट सीरीज से बाहर

# नशे का व्यापार दुश्मन देशों के आतंकी एजेंडे का हिस्सा : मोदी






**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान' की शुरुआत की। पीएम नरेंद्र मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि 28 हजार से ज्यादा जगहों से जुड़े मेरे एक करोड़ से ज्यादा युवा

- पीएम ने किया नशा मुक्त युवा अभियान का आगाज
- कहा हमारे युवा नशे और ड्रग्स के खतरों को समझें और हर तरह से जागरूक रहें

साथियों का अभिनंदन करता हूं। पीएम मोदी ने कहा कि दुश्मन देश भारत में ड्रग्स भेजकर और युवाओं को निशाना बनाकर देश को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं।
उन्होंने अवैध ड्रग्स के कारोबार को दुश्मन के 'आतंकवादी एजेंडे' का हिस्सा बताया। पीएम मोदी ने कहा, 'आज जब देश ने विकसित भारत का लक्ष्य तय किया है, तो इसके लिए जरूरी है देश का युवा तन-मन से स्वस्थ हो और आत्मविश्वास से भरपूर हो। इसके साथ ही ड्रग्स जैसी घातक आदत से हमेशा दूर ही रहे। यही इस अभियान का उद्देश्य है। हम सबको ये संकल्प लेना है कि हमारे युवा नशे और ड्रग्स के खतरों को समझें और हर तरह से जागरूक रहें।' प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, 'कुछ काम ऐसे होते हैं, जो व्यक्तिगत रूप से कोई प्रयास करे तो कभी-कभी निराश हो जाता है, थकान महसूस करता है, लंबी दूरी चलने में मन तैयार नहीं होता है, लेकिन जब सामूहिक अभियान बन जाता है और कंधे से कंधा मिलाकर करोड़ों लोग चल पड़ते हैं तो ऐसे सभी जो व्यक्तिगत रूप से अपने आप नहीं कर पाते हैं, उनको भी एक ऊर्जा मिल जाती है। आज उस ताकत को लेकर ये अभियान हर युवा मन को छूने वाला है।' उन्होंने कहा, 'आने वाले 100 रविवार 'नशा मुक्त भारत' की दिशा में 100 मजबूत कदम होंगे। आज हजारों स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के लाखों विद्यार्थी इस कार्यक्रम से ऑनलाइन जुड़े हैं। समाज का सहयोग, योग और ध्यान की ताकत, ये नशे के खिलाफ हमारे अन्तर्मन को ताकत देते हैं। और आज तो हमारे पास नशा छोड़ने के लिए रिहैबिलिटेशन सेंटर जैसी सुविधाएं भी हैं।' पीएम ने कहा, 'ड्रग्स के खिलाफ अभियान में आज सरकार भी मजबूती से युवाओं के साथ खड़ी है। देश में नशे के कारोबारियों और नशे पर सख्ती से कार्रवाई हो रही है, पहले की तुलना में कई गुना ज्यादा गिरफ्तारियां हुई हैं, हजारों करोड़ रुपये की ड्रग्स जब्त की गई हैं।

## सीडब्ल्यूजी : भारत चौथे नंबर पर

| CWG | गोल्ड | सिल्वर | ब्रॉन्ज | कुल पदक |
|---|---|---|---|---|
| ऑस्ट्रेलिया | 65 | 41 | 52 | 158 |
| इंग्लैंड | 26 | 41 | 34 | 101 |
| कनाडा | 18 | 20 | 21 | 59 |
| भारत | 13 | 17 | 9 | 39 |

**ग्लासगो।** ग्लास्गो में खेले जा रहे कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में भारत ने इतिहास रचते हुए पदक तालिका में चौथे स्थान पर कब्जा जमा लिया है। 10वें दिन मुक्केबाजी, जूडो, एथलेटिक्स और पैरा एथलेटिक्स में शानदार प्रदर्शन के दम पर भारत ने 16 मेडल जीते। अब भारत के खाते में अब 13 स्वर्ण, 17 रजत और नौ कांस्य सहित कुल 39 पदक हो गए हैं। भारत ने ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और कनाडा के बाद चौथा स्थान हासिल किया है। खास बात यह है कि इस बार भारत ने कुश्ती, बैडमिंटन और हॉकी जैसे अपने मजबूत खेलों के बिना भी बेहतरीन प्रदर्शन किया है। मुक्केबाजी में रिकॉर्ड सात स्वर्ण, जूडो में पहली बार दो स्वर्ण और एथलेटिक्स में कई ऐतिहासिक उपलब्धियों ने भारत के अभियान को यादगार बना दिया। भारत की सबसे बड़ी सफलता मुक्केबाजी में रही। महिला वर्ग में प्रीति पवार (54 किग्रा), जैस्मिन लंबोरिया (57 किग्रा), साक्षी चौधरी (51 किग्रा), अरुंधति चौधरी (70 किग्रा) और प्रिया घंघास (60 किग्रा) ने स्वर्ण पदक जीते। पुरुष वर्ग में सचिन सिवाच (60 किग्रा) और अंकुश (70 किग्रा) ने भी गोल्ड अपने नाम किया। लवलीना बोरगोहेन, जादूमणि सिंह और नरेंद्र बेरवाल ने रजत पदक जीतकर भारत का कुल मुक्केबाजी प्रदर्शन 10 पदकों तक पहुंचाया। जूडो में अस्मिता डे और हर्ष सिंह भारत के पहले स्वर्ण पदक विजेता बने। यामिनी मौर्य ने रजत और उन्नति शर्मा ने कांस्य जीतकर भारत को इस खेल में रिकॉर्ड चार पदक दिलाए। एथलेटिक्स में गुलवीर सिंह ने 5000 मीटर में कांस्य जीतकर इतिहास रचा। वह एक ही कॉमनवेल्थ गेम्स में एथलेटिक्स के दो पदक जीतने वाले पहले भारतीय बने। इससे पहले वह 10,000 मीटर में रजत जीत चुके थे। वहीं प्रवीण चित्रावेल ने ट्रिपल जंप में रजत और सेल्वा प्रभु ने कांस्य पदक जीता।



## मणिपुर में नौ उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर में सुरक्षा बलों ने खुफिया जानकारी के आधार पर चलाए गए अलग-अलग अभियानों में पिछले 24 घंटों के दौरान प्रतिबंधित विद्रोही संगठनों से जुड़े नौ उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। उनसे हथियार, गोला-बारूद व अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई है। रविवार को पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मणिपुर पुलिस और दूसरी सुरक्षा एजेंसियों के संयुक्त अभियान में थोउबल, तामेंगलोंग, काकचिंग, चंदेल, इंफाल पूर्व और इंफाल पश्चिम जिलों से नौ उग्रवादियों को पकड़ा गया। पुलिस के मुताबिक, पकड़े गए उग्रवादी कई तरह की आपराधिक गतिविधियों में शामिल थे, जिनमें अपहरण और जबरदस्ती चंदा वसूलना शामिल है। उग्रवादी संगठन रंगदारी के लिए अक्सर चंदा शब्द का इस्तेमाल करते हैं।सुरक्षाकर्मियों ने पकड़े गए उग्रवादियों के पास से कई आपत्तिजनक दस्तावेज, चंदे की रसीदें, कैश, प्रतिबंधित संगठनों की मुहरें और लेटरहेड, बाओफेंग कम्युनिकेशन हैंडसेट और कई अन्य चीजें बरामद की। पकड़े गए उग्रवादी प्रतिबंधित संगठनों में कांगलेईपाक कम्युनिस्ट पार्टी (केसीपी), पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) और उसके पॉलिटिकल विंग रिवोल्यूशनरी पीपल्स फ्रंट (आरपीएफ) नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नगालैंड-खापलांग और पीपुल्स रिवोल्यूशनरी पार्टी ऑफ कांगलेईपाक से जुड़े हैं।

- हथियार और छह आईईडी बरामद

यूपी विधानमंडल सत्र कल से

## सदन के शांतिपूर्ण संचालन के लिए सर्वदलीय बैठक

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** यूपी में सोमवार से शुरू हो रहे विधानमंडल के सत्र को लेकर रविवार को विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में सभी दलों के साथ सदन की कार्यवाही शांतिपूर्ण ढंग से चलाने के लिए सहमति बनाने का प्रयास किया गया। बैठक में सत्ता पक्ष की ओर से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, कैबिनेट मंत्री डॉ संजय निषाद, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर सत्ता पक्ष की तरफ से मौजूद रहे। वहीं, विपक्ष की ओर से नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय, लोकदल के नेता राजपाल बालियान, कांग्रेस नेता आराधना मिश्रा मोना, जनसत्ता दल से कुंवर रघुराज प्रताप सिंह मौजूद रहे। बैठक में सभी विपक्षी दलों से विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही को सुचारुरूप ढंग से चलाने की अपील की। वहीं, कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में विधानसभा के संचालन की रूपरेखा बनी। चार दिन चलने वाले विधानमंडल सत्र में कई विधायी कार्य पूरे किए जाएंगे।

- सीएम योगी रहे मौजूद



## नीट यूजी 2026 काउंसलिंग का शेड्यूल जारी

**नई दिल्ली।** मेडिकल की पढ़ाई का सपना देख रहे नीट-यूजी 2026 अभ्यर्थियों के लिए बड़ी खबर है। मेडिकल काउंसलिंग कमेटी (एमसीसी) ने एमबीबीएस और अन्य स्नातक मेडिकल पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए काउंसलिंग का विस्तृत शेड्यूल जारी कर दिया है। इसके अनुसार ऑल इंडिया कोटा की पहले चरण की काउंसलिंग 4 अगस्त से शुरू होगी, जबकि 2026-27 का नया शैक्षणिक सत्र 8 सितंबर से आरंभ होगा। एमसीसी के अनुसार, डीम्ड और केंद्रीय विश्वविद्यालयों के लिए पहले चरण की काउंसलिंग 4 अगस्त से 17 अगस्त तक चलेगी। इस राउंड में सीट आवंटित होने वाले अभ्यर्थियों को 22 अगस्त तक संबंधित संस्थान में रिपोर्ट कर प्रवेश प्रक्रिया पूरी करनी होगी। इसके बाद दूसरे चरण की काउंसलिंग 24 अगस्त से 2 सितंबर तक, तीसरे चरण की काउंसलिंग 10 सितंबर से 18 सितंबर तक आयोजित की जाएगी। वहीं, स्ट्रे वैकेंसी राउंड 28 सितंबर से 3 अक्टूबर तक चलेगा।

- चार अगस्त से शुरू होगी प्रक्रिया
- आठ सितंबर से नए सत्र की शुरुआत

## पाकिस्तान बिकता नहीं, किराए पर चलता है : रिपोर्ट

**वाशिंगटन।** पाकिस्तान की दोहरी विदेश नीति और आतंकवाद को लेकर उसके रवैये पर अमेरिका में फिर सवाल उठे हैं। अमेरिकी पत्रिका



'द नेशनल इंटरेस्ट' की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका वर्षों से यह गलती करता रहा कि वह पाकिस्तान को 'खरीद' सकता है, जबकि वास्तविकता यह है कि इस्लामाबाद किसी एक पक्ष का स्थायी सहयोगी नहीं, बल्कि अपने हितों के अनुसार किराए पर उपलब्ध रहने वाली शक्ति की तरह व्यवहार करता है। रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका के लिए पाकिस्तान की यही नीति कभी-कभी रणनीतिक फायदा भी देती है, जबकि चीन को इस स्थिति से मजबूरी में समझौता करना पड़ रहा है। रिपोर्ट में ईरान-अमेरिका संघर्ष का उदाहरण देते हुए कहा गया कि पाकिस्तान ने दोनों देशों से रिश्ते बनाए रखते हुए युद्धविराम कराने में भूमिका निभाई, जिससे कुछ समय के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य दोबारा खुल सका। रिपोर्ट का दावा है कि फ्रांस, जर्मनी और ब्रिटेन जैसे अमेरिका के पारंपरिक सहयोगी यह भूमिका नहीं निभा सकते थे और यह काम केवल संतुलन साधने वाला देश ही कर सकता था। रिपोर्ट में पाकिस्तान की

- अमेरिका को बेवकूफ बना रहा पाक

इसी रणनीति का दूसरा उदाहरण जून 2025 में अजरबैजान के साथ हुए करीब 4.6 अरब डॉलर के रक्षा समझौते को बताया गया। इसके तहत पाकिस्तान 40 जेएफ-17 लड़ाकू विमान अजरबैजान को देगा। रिपोर्ट के अनुसार, यह विमान चीनी डिजाइन, रूसी इंजन और पाकिस्तानी निर्माण का मिश्रण है, जिससे इस्लामाबाद चीन के साथ अपने संबंधों का आर्थिक लाभ भी उठा रहा है।

सांसद पप्पू यादव की प्रेस कॉन्फ्रेंस में हंगामा, सांसद ने कहा-

## चाकू से हमले की कोशिश की गई



**नई दिल्ली।** बिहार के पूर्णिया से निर्दलीय सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव की प्रेस कॉन्फ्रेंस में हंगामे की खबर सामने आ रही है। सांसद पप्पू यादव के साथ कथित तौर पर धक्कामुक्की और मारपीट की गई। इसके बाद पप्पू यादव के समर्थकों ने भी कथित तौर पर उस व्यक्ति की पिटाई की, जिसने दिल्ली स्थित उनके आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान हमला करने की कोशिश की थी। सांसद पप्पू यादव ने कहा, मेरे घर में किसी ने घुसकर हमला किया। क्या अब लोग हमसे मिलने भी नहीं आ सकते? चाकू लेकर मारने आया। पप्पू यादव ने दावा किया कि उनकी हत्या की साजिश रची गई थी। लेकिन वह बच गए। उन्होंने कहा कि कुछ बाबा लगातार धमकी दे रहे थे कि 'मुझे मार दो, जला दो, हम 51 लाख रुपये देंगे।' उन्होंने कहा कि उन्होंने आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है।

## कॉलेजियम : जस्टिस भुइयां ने पारदर्शिता पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली।** उच्च अदालतों में जजों की नियुक्ति करने वाले सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम की प्रणाली पर शीर्ष अदालत के वरिष्ठ न्यायाधीश जस्टिस उज्जल भुइयां ने ही सवाल उठाए हैं। जस्टिस भुइयां ने कहा कि कॉलेजियम की सिफारिशों में जज के चयन का कारण नहीं बताना, अच्छा काम करने वाले जजों के साथ अन्याय है। यह प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी को भी दर्शाता है। जस्टिस भुइयां ने कानूनी थिंक टैंक विधि की रिपोर्ट के विमोचन पर चर्चा के दौरान कहा, मैंने देखा है कि पिछले तीन कॉलेजियम प्रस्तावों में सिफारिशों के पीछे के कारण नहीं बताए गए। उन्होंने पूछा, क्या कारण न बताना पारदर्शिता के सिद्धांत से पीछे हटने जैसा नहीं है। उन्होंने कहा कि नियुक्तियों व पदोन्नति के कारण उजागर न करने से अयोग्य उम्मीदवारों को न्यायपालिका में प्रवेश करने का मौका मिलता है। कॉलेजियम की पिछली कुछ सिफारिशें एक ही ढर्रे पर नजर आती हैं। जस्टिस भुइयां ने कहा, न्यायपालिका में जनता का विश्वास बनाए रखने और असांविधानिक सोच वाले लोगों को सिस्टम में आने से रोकने के लिए जरूरी है कि सिफारिशों पर खुली चर्चा हो। कारण न बताकर कॉलेजियम उन कई जजों के साथ अन्याय करती है जो वास्तव में उत्कृष्ट हैं। जस्टिस भुइयां ने कोर्ट कार्यवाही के सीधे प्रसारण का समर्थन किया। उन्होंने इसे बीते दशक का सबसे पारदर्शी विकास करार दिया। उन्होंने कहा कि अदालतों का जनता के लिए खुला होना जरूरी है। इससे न्याय प्रणाली में लोगों का विश्वास मजबूत होता है।

- कहा- जज को क्यों चुना, नहीं बताना बाकी के लिए अन्याय

## 12 अगस्त को लगेगा पूर्ण सूर्य ग्रहण

**नई दिल्ली।** अंतरिक्ष की दुनिया में दिलचस्पी रखने वालों के लिए इस साल अगस्त का महीना बेहद रोमांचक होने वाला है। आसमान में एक ऐसी खगोलीय घटना घटने जा रही है, जिसका इंतजार दुनिया भर के वैज्ञानिक और खगोल प्रेमी बेसब्री से कर रहे हैं। 12 अगस्त को सूर्य और पृथ्वी के बीच चंद्रमा कुछ इस तरह आएगा कि तेज धूप वाले दिन में ही अचानक रात जैसा घना अंधेरा छा जाएगा। सबसे खास बात यह है कि दुनिया के कुछ हिस्सों में प्रकृति का यह दुर्लभ और अद्भुत नजारा पूरे एक सदी यानी 100 साल बाद देखने को मिलेगा। इस पूर्ण सूर्य ग्रहण को लेकर सबसे ज्यादा उत्साह स्पेन में देखा जा रहा है।

## बारामूला में ओवर ग्राउंड वर्कर गिरफ्तार

**बारामूला।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में सुरक्षाबलों ने एक ओवर ग्राउंड वर्कर (ओजीडब्ल्यू) को गिरफ्तार किया है। उसके पास से एमपी-5 पिस्टल, 10 जिंदा कारतूस, मैगजीन, मोबाइल फोन और बैग बरामद हुआ है। मामले में शिरी थाने में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। सुरक्षाबलों ने रविवार को जंदफरन-गोरिवान क्रॉसिंग पर नाकेबंदी की थी। इसमें 46 राष्ट्रीय राइफल्स, एसओजी बारामूला, सीआरपीएफ की 53वीं बटालियन और बीएसएफ की 112वीं बटालियन शामिल थी। जांच के दौरान गोरिवान की ओर से आ रहा एक संदिग्ध नाकेबंदी देखकर भागने लगा। जवानों ने पीछा कर उसे मौके पर ही पकड़ लिया।

## मेरठ में पकड़ी गई अवैध पुलिस चौकी

**मेरठ।** ब्रह्मपुरी पुलिस ने टीपीनगर थाना क्षेत्र के मोहकमपुर में कार्यालय की आड़ में अवैध पुलिस चौकी चलाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ कर दिया। इससे जुड़े लोग खुद को सीओ, एसएचओ और दरोगा बताकर लोगों को हनी ट्रैप में फंसाकर वसूली कर रहे थे। इतना ही नहीं उस कार्यालय को पुलिस चौकी साबित करने के लिए वहां वॉकी टॉकी, नेम प्लेट और वर्दी भी रखी जाती थी। इस मामले में फर्जी एसएचओ और दरोगा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।एक डेयरी संचालक की शिकायत पर यह कार्रवाई की गई। आरोपियों के गिरोह में शामिल शशांक शर्मा ने इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर डेयरी संचालक को जाल में फंसाया।




## 'अब न रहे वे पीनेवाले, अब न रही वह मधुशाला!'



सोच, विचार, मानसिकता, संस्कार और संस्कृति के मामले में पीढ़ियों के बीच अंतर्द्वन्द्व, खींचतान और असहिष्णुता की ओर इशारा करते हुए हरिवंशराय बच्चन साहब ने अपनी कालजयी रचना 'मधुशाला' में लिखा है कि– 'अपने युग में सबको अनुपम ज्ञात हुई अपनी हाला / अपने युग में सबको अदभुत ज्ञात हुआ अपना प्याला / फिर भी वृद्धों से जब पूछा एक यही उत्तर पाया / अब न रहे वे पीनेवाले, अब न रही वह मधुशाला!'
शायद तभी जेन–ज़ी यानी जूमर्स कहलाने वाले आधुनिक युग के युवाओं की भाषा-शैली और शब्दावली को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'कल्चरल शॉक' का नाम देते हुए इसमें बदलाव और सुधार की आवश्यकता जताई है। लेकिन क्या उन्हें पता नहीं है कि उनके ही निर्वाचन क्षेत्र काशी में होली से पूर्व आयोजित होने वाले सार्वजनिक 'सांस्कृतिक' कवि सम्मेलन में देश के ज्येष्ठ-श्रेष्ठ और वरिष्ठ-गरिष्ठ कविवृंद भी किन शब्दों, उपमाओं और भावों वाली कविताएं प्रस्तुत करते रहे हैं? उसमें नेताओं, नौकरशाहों, गणमान्यों और संस्थाओं-विभागों के लिए हास्य–व्यंग्य के नाम पर जिस भाषा-शैली का प्रयोग किया जाता है उसके सामने जंतर–मंतर पर जूमर्स द्वारा इस्तेमाल की गई शब्दावली तो कुछ भी नहीं है। इतना ही नहीं बल्कि हिंदी पट्टी के तमाम प्रदेशों में त्योहारों और शुभ अवसरों पर परिवार–समाज में गाए जानेवाले कई लोकगीतों के बोलों और भावों के सामने भी जूमर्स की भाषा-शैली वाकई बच्चों जैसी ही लगती हैं। यहां तक कि मौजूदा दौर की फिल्मों और ओटीटी सीरीज में धड़ल्ले से जिन शब्दों का इस्तेमाल हो रहा है उसकी तुलना में भी जूमर्स द्वारा इस्तेमाल किए गए शब्द बेहद साधारण और सामान्य ही हैं। अलबत्ता जूमर्स द्वारा प्रयुक्त 'अस्वीकार्य' शब्दावली से कहीं अधिक अश्लील और अमर्यादित शब्दों का इस्तेमाल तो समाज में यत्र-तत्र-सर्वत्र हो रहा है। लिहाजा ऐसा लगता है कि जूमर्स की भाषा-शैली या शब्दावली से कहीं अधिक खीझ इस बात की है कि जिन्हें डोनाल्ड ट्रंप भी 'फादर ऑफ इंडिया' बता चुके हैं उनकी शान में गुस्ताखी करने की किसी की हिम्मत कैसे हुई और ऐसा करने वालों में कच्ची उम्र की बच्चियां भी कैसे बढ़–चढ़कर शामिल हो गईं?
वैसे अब इस पूरे प्रकरण पर सामने आ रही रूढ़िवादियों और परंपरावादियों की प्रतिक्रियाओं ने समाज के उस पाखंड को सामने ला दिया है जिसके तहत हर हाल में तमाम संस्कार, संस्कृति, मर्यादा और शुचिता की अपेक्षाएं महिलाओं और युवाओं पर लादकर उसके अनुपालन के अनुपात में ही उनके व्यक्तित्व और चरित्र का निर्धारण किया जाता रहा है। हालांकि जूमर्स ने बाकायदा सड़क पर उतर कर पूर्ववर्ती पीढ़ियों की सांस्कृतिक अपेक्षाओं के प्रति जिस उच्छृंखलता और बेबाकी के साथ घोर उपेक्षा का भाव दर्शाया है वह किसी भी सभ्य, सुसंस्कृत और मर्यादित समाज में कतई अनुकरणीय या स्वीकार्य नहीं हो सकता है। लेकिन इसके लिए सिर्फ जूमर्स पर ही दोषारोपण करते हुए कुछ गिने–चुने चिन्हित चेहरों को कठोरतापूर्वक शालीनता और मर्यादा का पाठ पढ़ाने के बजाय आवश्यक है कि मूल्यों के स्खलन पर हर स्तर पर चिंतन एवं आत्मावलोकन हो और हर व्यक्ति, हर परिवार, हर संस्था और पूरा समाज इसके लिए आचार, विचार और व्यवहार में सुधार और आवश्यक प्रतिकार की सामूहिक जिम्मेदारी स्वीकार करे।
अलबत्ता, प्रधानमंत्री मोदी द्वारा की गई पूरे मामले पर मिट्टी डालकर आगे बढ़ने की अपील को अनसुना करते हुए जूमर्स की बातों और हरकतों को नाकाबिले बर्दाश्त करार देकर कानूनी, सामाजिक और व्यक्तिगत स्तर पर भी उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई के हिमायतियों को बादशाह अकबर के नवरत्नों में शामिल अब्दुर्रहीम ख़ान-ए-ख़ाना की यह समझाइश नहीं भूलनी चाहिए कि– 'क्षमा बड़न को चाहिए, छोटन को उत्पात। कह रहीम हरि को घट्यो, जो भृगु मारी लात॥ जैसी नज़र, वैसा नज़रिया।

**नजर और नजरिया - नवकांत ठाकुर**

# पत्नी और कथित प्रेमी पर जहर देकर हत्या का आरोप

## पत्नी बोली–पति ने खुद पी थी दवा

स्वतंत्र भारत पुवायां शाहजहांपुर। थाना क्षेत्र के मजीदपुर गांव में 27 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में नया मोड़ आ गया है। पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर पर पत्नी और उसके कथित प्रेमी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले में एक आरोपी के भाई को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है। वहीं, मृतक की पत्नी का दावा है कि उसके पति ने खुद जहरीले पदार्थ का सेवन किया था। मजीदपुर निवासी अनूप कुमार वाहनों पर पेंटिंग का काम करता



था। उसकी शादी करीब पांच वर्ष पहले खुटार क्षेत्र की मनु देवी से हुई थी। दंपती का चार वर्षीय बेटा अनुभव है। मृतक के भाई की तहरीर में आरोप लगाया गया है कि शुक्रवार को अनूप घर लौटा तो उसने अपनी पत्नी को गांव के एक युवक के साथ देख लिया। इसके बाद पत्नी और उसके कथित प्रेमी ने उसे समझाकर शराब में जहरीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। पहले उसे स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, फिर शाहजहांपुर और बाद में बरेली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां शनिवार रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं, पत्नी मनु देवी ने पुलिस को बताया कि वह गांव के एक युवक से फोन पर बात करती थीं। पति ने पहले भी उन्हें ऐसा करने से मना किया था। शुक्रवार को भी बात करते देख उन्होंने गुस्से में मोबाइल तोड़ दिया और बिना खाना खाए घर से 100 रुपये लेकर निकल गए। कुछ देर बाद लौटकर उन्होंने कहा कि उन्होंने ÷दवा पी ली है÷, जिसके बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई। पत्नी के अनुसार, इसके बाद तत्काल परिचितों की मदद से उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। दोनों पक्षों के अलग-अलग बयानों के बाद पुलिस हर पहलू की जांच कर रही है। यह भी पड़ताल की जा रही है कि यदि अनूप ने स्वयं जहरीले पदार्थ का सेवन किया था तो वह कहां से खरीदा गया और किस स्थान पर उसका सेवन किया गया। फोरेंसिक टीम ने भी मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। थाना प्रभारी आरके रावत ने बताया कि मृतक के भाई की तहरीर के आधार पर पत्नी और एक युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट, फोरेंसिक साक्ष्य और विवेचना के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मामले की निष्पक्ष जांच जारी है।

# सांसद बोले–अपराधियों पर ऐसी कार्रवाई होगी जो नजीर बनेगी

## सांसद अरुण सागर मृतक गौतम मौर्य के परिवार से मिले, ढांढस बंधाया

स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर। कांट में गौतम मौर्य हत्याकांड के मामले में सांसद अरुण सागर ने मृतक के परिवार से मुलाकात की। उन्होंने परिवार के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उन्हें ढांढस बंधाया और न्याय का आश्वासन दिया। सांसद अरुण सागर ने मृतक गौतम मौर्य के पिता रामचंद्र से मुलाकात कर घटनाक्रम की जानकारी ली। उन्होंने परिवार को भरोसा दिलाया कि अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा और उन्हें कठोरतम सजा दिलाई जाएगी। सांसद ने कहा कि अपराधियों पर ऐसी कार्रवाई होगी जो एक नजीर बनेगी। सांसद ने परिवार को सरकार की ओर से हर संभव मदद दिलाने का भी आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि परिवार की सभी मांगों को पूरा कराने के लिए वह शासन और अधिकारियों



से बात करेंगे। सांसद अरुण सागर ने जोर देकर कहा कि भाजपा सरकार हमेशा पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि योगी सरकार में अपराधियों को पाताल से ढूंढकर सलाखों के पीछे भेजा जा रहा है या फिर मुठभेड़ में ढेर किया जा रहा है। कानून को हाथ में लेने का अधिकार किसी को नहीं है। बता दें कि यह घटना कांट थाना क्षेत्र के कमलनैनपुर गांव की है, जहां शुक्रवार रात गौतम मौर्य की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में आरोपी को पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया था। शनिवार को इस घटना के विरोध में ग्रामीणों ने जाम लगाकर प्रदर्शन भी किया था। सांसद के साथ पूर्व विधायक देवेंद्र पा सिंह भाजपा नेता जितेंद्र तिवारी, अभिषेक सागर भी मौजूद रहे।

# सरस्वती विद्या मंदिर में विकास वर्ग आयोजित



**स्वतंत्र भारत पुवायाँ शाहजहाँपुर।** नगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में रविवार को %कर्मचारी विकास वर्ग% का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों में सेवा, संस्कार, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा की भावना को सुदृढ़ करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे की वंदना और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। उद्घाटन सत्र में जिला प्रचारक श्री चंद्रशेखर और नगर प्रचारक श्री विश्वजीत मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। जिला प्रचारक श्री चंद्रशेखर ने अपने संबोधन में कहा कि प्रत्येक कर्मचारी को उत्तम चरित्र, अनुशासन और समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री राजपाल सिंह भी मौजूद थे। प्रथम सत्र में पूर्व प्रधानाचार्य एवं जिला व्यवस्था प्रमुख श्री सोमदेव मिश्र ने विद्या भारती के उद्देश्यों, कार्यपद्धति और संगठनात्मक मूल्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कर्मचारियों से आत्मीय संवाद करते हुए विद्यालय की कार्यसंस्कृति को मजबूत बनाने में प्रत्येक कर्मचारी की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। द्वितीय सत्र में श्री गोपीनाथ अग्निहोत्री ने कर्मचारियों को विद्यालय की रीढ़ बताया। उन्होंने सभी को व्यवहार में मधुरता, कर्तव्यनिष्ठा और सेवा भाव अपनाने के लिए प्रेरित किया। समापन सत्र के मुख्य वक्ता श्री सोमप्रकाश त्रिवेदी ने कहा कि छात्रों, आचार्यों, प्रधानाचार्य और अभिभावकों के साथ आत्मीय एवं शालीन व्यवहार ही विद्यालय के सकारात्मक वातावरण की पहचान है। उन्होंने ऐसे प्रशिक्षण वर्गों को कर्मचारियों के व्यक्तित्व विकास और कार्यकुशलता के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य श्री राजपाल सिंह ने सभी अतिथियों को स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। वंदे मातरम् के गायन के साथ कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ।

# महाराजा दक्ष प्रजापति की मनाई जयंती

स्वतंत्र भारत सिंधौली। मुड़िया मोड़ स्थित शगुन मैरिज लान निकट एम ए पब्लिक स्कूल में महाराजा दक्ष प्रजापति जी की जयंती मनाकर महाराजा दक्ष के विचारों पर चलने का प्रजापति समाज ने निर्णय लिया। मानवतावादी समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं मुख्य वक्ता राम रघुवीर उर्फ मुकेश प्रजापति ने आए समाज के लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि सभी प्रजापति समाज के लोगों ने आज जो प्यार दिया है उसका मैं हृदय से आभारी रहूंगा प्रजापति एवं कुम्हार समाज के लोगों को अपनी ताकत को पहचाना होगा लोकतंत्र में वोट का अधिकार सबसे बड़ा हथियार है इसे व्यर्थ न जाने दे समाज के लोगों को चाहिए कि वह अपने लोगों को उच्च शिक्षा देकर प्रशासन में भागीदारी लें समाज का नाम रोशन करें समाज का कोई व्यक्ति किसी भी चुनाव में खड़ा है तो उसकी आर्थिक मानसिक एवं जो संभव हो सके



उतनी मदद करें आने वाले विधानसभा चुनाव में प्रजापति समाज का विधानसभा में अपना प्रत्याशी चुनाव लड़कर इतिहास रचने जा रहा है अगर प्रजापति समाज ने अन्य जातियों के साथ मिलकर जुगलबंदी बना ली तो हमारे समाज का भी एक विधायक विधानसभा पहुंचकर हमारे हकों की लड़ाई विधानसभा में लड़ेगा। उन्होंने कहा शिक्षा शेरनी का वह दूध है जो पिएगा वह दहाड़ेगा। इस मौके पर समाज के जिला अध्यक्ष जोगेंद्र प्रजापति प्रधान गढ़िया रंगीन लालू प्रजापति महेश प्रजापति हनुमत प्रसाद प्रजापति दाताराम मुकेश प्रजापति पुवायां इंटर कालेज के प्रवक्ता राजेश प्रजापति प्रदीप कुमार प्रजापति प्रधान कुइयां हरिश्चंद्र प्रजापति पूर्ति लाल प्रजापति योगराज प्रजापति स्वामी दयाल प्रजापति सहित सैकड़ो की संख्या में प्रजाति समाज के लोग एवं महिलाएं उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन अध्यापक वेदराम प्रजापति ने किया मानवतावादी समाजपार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष आर एस मानव ने आए हुए सभी समाज के लोगों का आभार व्यक्त किया।

# सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के प्रकटीकरण की कथा सुन भावविभोर हुए श्रोता

## सावन में भोलेनाथ की भक्ति से मिलती है संसार सागर से मुक्ति : पं.शिवलाल

**स्वतंत्र भारत पुवायां, शाहजहांपुर।** नगर के देवस्थान हॉल में आयोजित श्रीशिव महापुराण कथा के तीसरे दिन कथा व्यास पंडित शिवलाल शुक्ला ने भगवान सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के प्रकटीकरण की पावन कथा का रसपान कराया। कथा सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और पूरा वातावरण ÷हर-हर महादेव÷ के जयघोष से गूंज उठा। कथा व्यास ने बताया कि प्राचीन काल में प्रजापति दक्ष ने अपनी 27 कन्याओं का विवाह चंद्रदेव (सोम) से किया था। ये 27 कन्याएँ 27 नक्षत्रों का स्वरूप थीं। किंतु चंद्रदेव अपनी पत्नी रोहिणी से विशेष स्नेह रखते थे और अन्य पत्नियों की उपेक्षा करते थे। इससे दुखी होकर सभी कन्याओं ने अपने पिता दक्ष से शिकायत की। प्रजापति दक्ष ने चंद्रदेव को समझाने का प्रयास किया, लेकिन जब वे नहीं माने तो उन्होंने क्रोधित होकर चंद्रदेव को क्षय रोग का शाप दे दिया। शाप से पीड़ित चंद्रदेव ने अनेक तीर्थों पर तपस्या की, लेकिन उन्हें शांति नहीं मिली। अंततः वे प्रभास क्षेत्र पहुंचे और भगवान शिव की कठोर आराधना की। उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव ज्योतिर्लिंग के रूप में प्रकट हुए और चंद्रदेव को वरदान दिया कि दक्ष का शाप पूरी तरह समाप्त नहीं होगा, लेकिन वे एक पक्ष में क्षीण होंगे और दूसरे पक्ष में पुनः पूर्ण कांति प्राप्त करेंगे। इसी कारण चंद्रमा का घटना और बढ़ना होता है। पंडित शिवलाल शुक्ला ने कहा कि भगवान शिव की कृपा से चंद्रदेव ने प्रभास क्षेत्र में भव्य मंदिर का निर्माण कराया, जिसके कारण इस ज्योतिर्लिंग का नाम सोमनाथ पड़ा, अर्थात ÷सोम (चंद्र) के नाथ। उन्होंने कहा कि सावन माह भगवान शिव की आराधना का सर्वश्रेष्ठ समय है। इस पवित्र माह में श्रद्धा और भक्ति के साथ भोलेनाथ का पूजन करने से जीवन के कष्ट दूर होते हैं, संसार सागर से मुक्ति का मार्ग प्रशस्त होता है तथा समस्त जगत का कल्याण होता है। कथा के समापन पर श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का पूजन-अर्चन कर सुख-समृद्धि की कामना की।

# न्यायालय के आदेश पर सड़क हादसे की रिपोर्ट दर्ज

स्वतंत्र भारत पुवायां। सिधौली के गांव सैंजना निवासी छोटू यादव पुत्र राजेश यादव ने कमल प्रकाश द्विवेदी पुत्र रामकुमार द्विवेदी निवासी मोहल्ला देवस्थान पुवायां के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। छोटू यादव ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया था जिसमें कहा कि 29 मार्च 2026 को वह बाइक से अपने चाचा ओमपाल के साथ पिपरिया गांव से घर वापस लौट रहे थे की रास्ते में लालपुर मोहम्मदी रोड मोड़ के पास कमलप्रकाश द्विवेदी ने लापरवाही से बाइक चलाते हुए टक्कर मार दी टक्कर में दोनों लोग मैं और साथ में बैठे चाचा घायल हो गए इसी दौरान जब में रखें जरूरी कागज तथा 1700 रुपए गिर गए, इलाज कराने के बाद कोतवाली में मुकदमा लिखबाने पहुंचे तो कमल प्रकाश द्विवेदी ने पहले ही मुकदमा दर्ज करा दिया था जिसके बाद पुलिस ने मेरा मुकदमा दर्ज नहीं किया।न्यायालय ने छोटू यादव की ओर से कमल प्रकाश द्विवेदी खिलाफ मुकदमा दर्ज किए जाने के आदेश किया तो पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया।

# टोल प्लाजा की दरें बढ़ाने पर किसान यूनियन व पिकअप चालकों का प्रदर्शन

स्वतंत्र भारत सिंधौली। क्षेत्र स्थित टोल प्लाजा पर रविवार दोपहर करीब 1÷30 बजे टोल पास की दरें बढ़ाए जाने को लेकर किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं और पिकअप चालकों का टोल कर्मचारियों से विवाद हो गया। देखते ही देखते मामला बढ़ने पर किसान यूनियन के पदाधिकारियों और चालकों ने टोल प्लाजा पर धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। सूचना मिलने पर सिंधौली पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन तब तक पिकअप चालक और किसान यूनियन के लोग जा चुके थे पुलिस वापस बैरंग लौटी गई । प्रदर्शन कर रहे लोगों का आरोप था कि पहले पिकअप वाहनों का मासिक पास 1200 रुपये में बनता था, फिर बढ़ाकर 1500 रुपये किया गया और अब 1800 रुपये बताए



गए हैं। अचानक बढ़ाई गई दरों से छोटे वाहन चालकों और किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। उन्होंने टोल प्रबंधन से बढ़ी हुई दरें वापस लेने तथा पुराने शुल्क पर ही पास जारी करने की मांग की। धरना-प्रदर्शन में सत्यवान सिंह, पृथ्वीराज, अनुज, राहुल वर्मा, रीता देवी, रजनीश पाल, गोपीनाथ कश्यप सहित किसान यूनियन के कार्यकर्ता एवं कई पिकअप चालक मौजूद रहे। प्रदर्शन के दौरान कुछ समय के लिए टोल प्लाजा पर माहौल तनावपूर्ण रहा, । इस संबंध में टोल प्रबंधक प्रवीण कुमार योगी ने बताया कि टोल की दरों में नियमानुसार वृद्धि होने के कारण पास की राशि बढ़ाई गई है। उन्होंने कहा कि निर्धारित नियमों के अनुसार ही शुल्क लिया जा रहा है और किसी से अतिरिक्त धनराशि नहीं वसूली जा रही है ।

# डीएम के समाधान दिवस में ग्रामीणों ने राजस्वकर्मियों पर लगाया मनमानी का आरोप

## राजस्वकर्मियों की मनमानी से गैर आबाद गांव कोली की कृषि भूमि का 42 वर्ष बाद भी नहीं हो सका बंदोबस्त,किसान सरकारी सुविधाओं से हैं बंचित

स्वतंत्र भारत मिर्जापुर -शाहजहापुर कलान तहसील में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में ग्राम औरंगाबाद निवासी राधाकृष्ण ने जलालाबाद तहसील के गैर आबाद ग्राम कोली के किसानों ने पुश्तैनी कृषि भूमि का 42 वर्ष बाद भी बंदोबस्त नहीं किए जाने की समस्या रखी। पीड़ित किसान राधाकृष्ण अगिन्होत्री पुत्र बालमुकुंद निवासी ग्राम औरंगाबाद ने जिलाधिकारी को दिए शिकायती प्रार्थना पत्र में कहा है कि शासन ने जलालाबाद तहसील के गैर आबाद ग्राम कोली के सैकड़ों किसानों की पुश्तैनी कृषि भूमि का 21 जून 1984 में बंदोबस्त किए जाने का आदेश राजस्व विभाग को दिया था। किंतु राजस्व विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारियों ने उक्त आदेश का आज तक अनुपालन नहीं किया है। जिससे किसानों के नाम आज भी कम्प्यूटर बंदोबस्त खतौनी में दर्ज नहीं हुए हैं। जिससे किसानों को अपनी पुश्तैनी कृषि भूमि की फॉर्मर आईडी,बैंक लोन,किसान सम्मान निधि आदि की हस्तलिखित नकल मोटी रकम खर्च करके मिल रही है। यही नहीं क्षेत्रीय राजस्वकर्मियों ने उक्त किसानों की कृषि भूमि को दूसरे गांव के लोगों को अवैध कब्जा करवा रखा है। पैमाईश के आदेश करवाने के बाद भी राजस्वकर्मी उनकी पैतृक कृषि भूमि की पैमाईश करके कब्जा नहीं दिलवा रहे हैं। इसी तरह ग्राम औरंगाबाद के ही वीरेन्द्र कुमार वर्मा पुत्र जगदीश वर्मा ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र देकर राजस्वकर्मियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि पड़ोसी ग्राम पंचायत उदयपुर भूडा से ग्राम औरंगाबाद को जाने वाले आम रास्ते पर जूग्गन पुत्र मतीउल्ला व चुन्नी खां पुत्र मुमताज ने अपने मकान बनाकर आम रास्ता अवरुद्ध कर दिया है। यह आम रास्ता राजस्व अभिलेखों में गाटा संख्या 1108 पर दर्ज है। इस आम रास्ते को खुलवाए जाने के लिए औरंगाबाद के ग्रामीण पिछले लोकसभा चुनाव का बहिष्कार कर विरोध दर्ज करवा चुके हैं। तब अधिकारियों ने जांचोपरांत चार जनवरी 2025 को जुग्गन पुत्र मतीउल्ला पर नोटिस प्रपत्र 20 कन्फर्म कर क्षतिपूर्ति के रूप में 26,775 रुपए का अर्थ दंड भी लगाया था। किंतु राजस्वकर्मियों की मनमानी के चलते न तो आजतक अर्थ दंड की वसूली हुई और न ही आम रास्ते पर बने मकान से आरोपी को बेदखल कर रास्ता अतिक्रमण मुक्त करवाया गया है। जिससे आम रास्ता बंद है। ग्रामीणों ने डीएम से आम रास्ते पर किए हुए अतिक्रमण को हटवाकर रास्ता खाली करवाए जाने की मांग की है।

# मुंशी प्रेमचंद जयंती पर निबंध, भाषण प्रतियोगिता आयोजित



स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद की जयंती का कार्यक्रम श्रीमती उर्मिला सक्सेना जी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्या की देवी माँ सरस्वती, भगवान चित्रगुप्त एवं मुंशी प्रेमचंद जी के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभागियों द्वारा निबंध, भाषण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। आकांक्षा हाईस्कूल, आकांक्षा पब्लिक इंटर कॉलेज, [रोसर कोठी], साई शिक्षायतन जूनियर हाईस्कूल, हर कुमार तारा पाठक कन्या इंटर कॉलेज, राय विशुन दयाल इंटर कॉलेज, हुसैनपुरा, लीड कॉन्वेंट एवं माधवराव सिंधिया विद्यालय आदि के छात्र-छात्राओं ने निबंध व भाषण प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। विभिन्न स्कूलों के 07 बच्चों द्वारा प्रथम पुरस्कार एवं 07 बच्चों द्वारा द्वितीय पुरस्कार एवं 07 बच्चों द्वारा तृतीय पुरस्कार तेरा दो बच्चों द्वारा सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया गया द्य भाषण प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में भी बच्चों को प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार दिया गया द्य कार्यक्रम की अध्यक्ष श्रीमती उर्मिला सक्सेना ने आभार व्यक्त किया। प्रधानाचार्य श्रीमती स्मिता सक्सेना कार्यकारी अध्यक्ष महेश सक्सेना , ओंकार मनीषी,भूपेंद्र निगम ,जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ बबीता श्रीवास्तव, नगर अध्यक्ष वंदना श्रीवास्तव कार्यक्रम के संचालक नवनीत रंजन श्रीमती अंबिका श्रीवास्तव माधवराव सिंधिया जूनियर शाखा की प्रबंधक श्रीमती अर्चना जौहरी, राजेंद्र सक्सेना, श्रीमती संगीता, अर्चना सक्सेना एवं निर्णायक जज साइ शिक्षायतन की प्रबंधक श्रीमती नीता श्रीवास्तव एवं माधवराव सिंधिया की एकता सक्सेना आदि का विशेष योगदान रहा सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की द्य तदुपरांत प्रतिभागी बच्चों को स्मृति चिन्ह एवं मैडल देकर पुरस्कार तथा आशीर्वाद दिया गया

# आगजनी प्रकरण को लेकर भाकियू ने की बैठक



**स्वतंत्र भारत पुवायां (शाहजहांपुर)।** थाना क्षेत्र के गांव मझिगवाँ में 29 जुलाई को मकान में आग लगाने के मामले को लेकर भारतीय किसान यूनियन (भानु गुट) ने पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाए हैं। यूनियन पदाधिकारियों का आरोप है कि पुलिस ने केवल एक पक्ष की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया, जबकि दूसरे पक्ष की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। उल्टा उसी पक्ष के खिलाफ कार्रवाई कर दी गई। इस मुद्दे को लेकर शनिवार को बंडा रोड स्थित अर्पित एग्रो एजेंसी पर भारतीय किसान यूनियन (भानु गुट) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के सैकड़ों किसान और संगठन के कार्यकर्ता शामिल हुए। वक्ताओं ने कहा कि पुलिस को दोनों पक्षों की शिकायतों की निष्पक्ष जांच कर कानून के अनुसार कार्रवाई करनी चाहिए। उनका आरोप था कि एकतरफा कार्रवाई से ग्रामीणों में नाराजगी है। बैठक में मौजूद किसानों और पदाधिकारियों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दूसरे पक्ष की तहरीर पर भी मुकदमा दर्ज करने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि यदि निष्पक्ष कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन आंदोलन करने को बाध्य होगा। बैठक में क्षेत्र के बड़ी संख्या में किसान एवं भाकियू (भानु गुट) के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मोदी के अभियान से जुड़े रामचन्द्र मिशन के युवा

स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को %नशा मुक्त युवा - विकसित भारत संकल्प अभियान% का शुभारंभ किया ।देश के 1 करोड़ से ज्यादा युवा इस कार्यक्रम में शामिल हुए।नशा मुक्त युवा - विकसित युवा अभियान में रामचन्द्र मिशन और हार्टफुलनेस मेडीटेशन सहयोगी संस्था के रुप में भागीदारी निभा रहा है। यहां मिश्रीपुर स्थिति रामचन्द्र मिशन आश्रम में भी %नशा मुक्त युवा - विकसित भारत अभियान के उद्घाटन समारोह का वर्चुअल रुप से आयोजन किया गया। यहां समारोह से पूर्व मिशन के अभ्यासियों ने ध्यान साधना कर देश के युवाओं को नशा से मुक्त रहने के लिए प्रार्थना की गई। इस मौके पर मिशन के संयुक्त सचिव अर्जुन अग्रवाल ने कहा कि युवा किसी भी राष्ट्र की ऊर्जा, आशा और भविष्य का प्रतीक होते हैं। यदि युवा नशे की गिरफ्त में आ जाएं तो केवल उनका




भविष्य ही नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र की प्रगति भी प्रभावित होती है। प्रशिक्षक राजगोपाल अग्रवाल ने कहा कि नशा किसी भी समस्या का समाधान नहीं, आज का युवा यदि अपने समय, ऊर्जा और क्षमता का उपयोग ज्ञान, नवाचार, उद्यमिता तथा राष्ट्रसेवा में करे तो वह स्वयं भी सफल होगा और देश को भी नई दिशा देगा। आश्रम प्रबंधक प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि आज आवश्यकता केवल नशा छोड़ने की नहीं, बल्कि ऐसी सकारात्मक जीवनशैली अपनाने की है प्रशिक्षक गोपाल अग्रवाल ने बताया कि %नशा मुक्त युवा - विकसित भारत अभियान उद्घाटन समारोह के वर्चुअल प्रसारण माध्यम से मिशन के कई केंद्रों पर युवाओं को नशा मुक्त भारत बनाने के लिए जागरुक किया गया है । कार्यक्रम का संचालन ममता सिंह ने किया। आश्रम के ध्यान कक्ष में अभियान के उद्घाटन समारोह और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भाषण का सीधा प्रसारण दिखाया गया। आयोजन में सुयश सिन्हा, कृष्णा भारद्वाज, सुरेंद्र शर्मा,प्रवीण बाजपेई, सुरेंद्र सिन्हा, आकाश श्रीवास्तव,आदि का विशेष योगदान रहा।इस मौके पर हर्षवर्धन अग्रवाल,आनंद मिश्रा, संजय सक्सेना, सहित बड़ी संख्या में अभ्यासी मौजूद रहे।

# गंगा उफान पर, बाढ़ ने ढाईघाट मेला क्षेत्र किया जलमग्न

## संतों के स्थाई आश्रमों में पहुंचने लगा बाढ़ का पानी

स्वतंत्र भारत मिर्जापुर -शाहजहापुर ढाईघाट गंगातट पर जिला पंचायत प्रशासन शाहजहांपुर की ओर से कांवड़ियों के लिए की गई व्यवस्थाएं ध्वस्त। ढाईघाट में गंगा पूरे उफान पर हैं। गंगा की बाढ़ से सम्पूर्ण मेला क्षेत्र जलमग्न हो गया है। गंगातट पर बने संत महात्माओं के स्थाई आश्रम जलमग्न हो रहे हैं। फिलहाल संत तख्त पर अपने दैनिक उपयोग का सामान रखकर सुरक्षित कर रहे हैं। संतों का कहना है कि अत्यधिक पानी बढ़ने पर आश्रमों की छतों पर डेरा डाल लिया जाएगा। गंगा की तटवर्ती ग्राम पंचायत पैलानी उत्तर के प्रधान फारूक अली का कहना है कि गंगा तेजी से बढ़ रहीं हैं। किंतु अभी बाढ़ जैसे हालात नहीं बने हैं।



जबकि ढाईघाट में बाढ़ से सबकुछ जलमग्न हो गया है।ढाईघाट में जिला पंचायत शाहजहांपुर की ओर से कांवड़ियों के लिए की गईं सभी व्यवस्थाएं बाढ़ की भेंट चढ़ गई हैं। मेले में कांवड़ियों के लिए आश्रय स्थल,प्रकाश,पेयजल,सुरक्षित गंगास्नान आदि की व्यवस्थाएं करने वाला ठेकेदार मेले की व्यवस्थाएं समेट कर भाग गया है। ढाईघाट में स्थाई आश्रम बनाकर रह रहे संत श्याम स्वरूप ब्रह्मचारी,स्वास्थ्य रक्षक प्रेमपाल,संत गुरुचरण दास,राधे बाबा फूलपुरी आदि का कहना है कि बालू खनन के ठेकेदार ने गंगा में बांध बनाकर बालू का खनन किया जाता था। आज वही बांध और खनन के बड़े बड़े गड्ढे गंगातट पर बाढ़ को बढ़ावा दे रहे हैं। संतों का कहना है कि इसी तरह गंगा के जलस्तर में वृद्धि होती रही तो ग्राम चौंरा के निकट जलालाबाद - ढाईघाट,शमशाबाद स्टेट हाइवे पर बाढ़ का पानी उतरने लगेगा। जिससे आवागमन प्रभावित हो जाएगा।

## शिवनगर में कई माह से बिजली गुल

स्वतंत्र भारत सिधौली। की ग्राम पंचायत शिवनगर मे कई माह से विजली गुल चल रही है जिसके कारण ग्रामीणो मे विजली विभाग के कर्मचारियो के प्रति आक्रोश है क्योकि वताते चले कि लगभग तीन से चार माह से शिवनगर का ट्रांसफार्मर खराब पडा है लेकिन ग्रामीण अधिकारियो से लेकर नेताओ के चककर लगा रहे है लेकिन उनकी सुनने वाला कोई नही है जव मतदान का समय आता है तव नेता आकर जनता के सामने हाथ जोड़कर हर समस्या का समाधान चुटकी मे खत्म कराने की वात कहकर लेकिन ग्रामीणो का कहना है कि वोट लेने के वाद हमारी कोई नहीं सुनता इस बार सत्ता पक्ष के नेताओं को इसका खामियाजा भुगतना पड़ सकता है ग्रामीणों ने इस संबंध में अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण खंड प्रथम शाहजहांपुर को एक प्रार्थना पत्र भी दिया है जिस पर संजीत अवस्थी संदीप मिश्रा सत्यपाल सतीश त्रिवेदी रामकुमार राम प्रकाश आदि के हस्ताक्षर हैं

# गमगीन माहौल में हुआ गौतम मौर्य का अंतिम संस्कार

## विधायक अरविंद सिंह सहित कई लोगों ने दी नम आंखों से अंतिम विदाई



स्वतंत्र भारत कांट शाहजहांपुर। गौतम मौर्य का हुआ अंतिम संस्कार विधायक अरविंद सिंह सिंह सहित बड़ी संख्या में राजनीति से जुड़े एवं सामाजिक लोगों ने पहुंच कर नम आंखों से अंतिम विदाई थी। नवंबर माह में होनी थी शादी बहनों का सपना रह गया अधूरा। क्षेत्र के कमलनयनपुर गांव में गौतम मौर्य हत्याकांड के बाद रविवार सुबह गमगीन माहौल में उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। चार बहनों के इकलौते भाई गौतम मौर्य की नवंबर में शादी होनी थी, शादी से पहले ही उसकी निर्माण हत्या कर दी गई जिससे चार बहनों का भाई की शादी का सपना सिर्फ सपना रह गया हकीकत में नहीं बदल सका परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। रविवार सुबह करीब 9:30 बजे पिता चंद्रपाल ने कांपते हाथों से बेटे की चिता को मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार के दौरान पुलिस बल तैनात रहा विधायक अरविंद सिंह ने आरती को कंधा दिया।शनिवार को हत्या के विरोध में लोगों ने कांट-जलालाबाद मार्ग पर करीब आठ घंटे तक जाम लगाया था। देर शाम प्रशासन के आश्वासन पर जाम समाप्त हुआ। ग्रामीण आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।गांव में शोक का माहौल बना हुआ है। कई घरों में चूल्हा नहीं जला और एहतियात के तौर पर पुलिस बल तैनात रहा। इस दौरान सांसद अरुण सागर, विधायक हरिप्रकाश वर्मा, पूर्व विधायक देवेंद्र पाल सिंहब्लॉक प्रमुख श्रीदत्त शुक्ला, पूर्व जिला पंचायत सदस्य नीरज मिश्रा सन्तोष दीक्षित सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने पीड़ित परिवार से मिलकर संवेदना व्यक्त की। तथा न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया।

## दोषियों पर हो कठोर कार्रवाई : नीरज



स्वतंत्र भारत कांट शाहजहांपुर। समाजवादी पार्टी के नेता व सदस्य जिला पंचायत नीरज मिश्रा कमलनैनपुर के युवा छात्र गौतम मौर्य की निर्मम हत्या की अंत्येष्टि उपरांत उनके परिजनों से मिलकर सांत्वना देकर दुख साझा किया एवं पार्टी के सांसद नीरज मौर्य से गौतम के पिताजी की बात कराई हम सब पीड़ित परिवार के साथ है एवं मांग करते है कि बेसहारा परिवार को 50 लाख की आर्थिक मदद, एक सरकारी नौकरी दी जाए एवं दोषियों पर इतनी कड़ी कार्यवाही हो जिससे फिर भविष्य में कोई ऐसा दुस्साहस न कर सके।

## 25 मरीजों को दी गईं निःशुल्क दवायें



**स्वतंत्र भारत मिर्जापुर/परौर -शाहजहांपुर।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परौर में लगा मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला, 25 मरीजों को दी गई निःशुल्क दवाइयां। रविवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परौर में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में आयुष चिकित्सक डॉक्टर दिनेश प्रताप सिंह ने 25 मरीजों को खांसी, बुखार, एलर्जी, स्वास, उल्टी, दस्त,व पेट दर्द का परीक्षण कर दवाइयां दी ।मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में एलटी आदित्य कुमार गौतम, एएनएम बबली चौहान एवं क्षेत्र की आंगनवाड़ी एवं आशा बहू मौजूद रही।

# बालिका से दुष्कर्म के आरोप में तीन बाल अपचारी सुधार गृह भेजे

स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहाँपुर क्षेत्र में नाबालिग बालिका से कथित दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने कार्रवाई तेज करते हुए रविवार को तीन बाल अपचारियों को न्यायालय में पेश किया। न्यायालय के आदेश पर तीनों को बाल सुधार गृह भेज दिया गया, जबकि दो अन्य बाल अपचारियों के संबंध में विवेचना जारी है। पुलिस का कहना है कि पीड़िता की मेडिकल रिपोर्ट मिलने के बाद साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।पुलिस के अनुसार, मामले में पीड़िता की मां ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि वह किसी काम से मायके गई हुई थी। शुक्रवार शाम घर लौटने पर उसकी पुत्री रोती हुई मिली। पूछने पर बालिका ने बताया कि पांच बालकों ने उसे बहला-फुसलाकर गन्ने के खेत में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी।तहरीर के आधार पर पुलिस ने दुष्कर्म समेत संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर पांचों बालकों को। गिरफ्तार करके उनसे पूछताछ शुरू की। शनिवार को बालिका का मेडिकल परीक्षण कराया गया। हालांकि, समाचार लिखे जाने तक मेडिकल रिपोर्ट पुलिस को प्राप्त नहीं हुई थी।सीओ विद्युत सक्सेना ने बताया कि महिला की तहरीर के आधार पर पांच बालकों के विरुद्ध दुष्कर्म सहित संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई। पूछताछ के दौरान पांचों बालकों को गिरफ्तार किया गया । रविवार को तीन बाल अपचारियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें बाल सुधार गृह भेज दिया गया, जबकि दो अन्य के संबंध में विवेचना जारी है।सीओ ने बताया कि पीड़िता की मेडिकल रिपोर्ट मिलने के बाद उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि पुलिस मामले के प्रत्येक पहलू की गंभीरता से जांच कर रही है और विवेचना में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके अनुरूप कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### बेटे के साथ मारपीट की शिकायत करने पहुंचे पिता को जमकर पीटा

**पुवायां।** कुंबरपुर गांव के बृजलाल ने गांव के ही राजेश, शिवम, बिटोली, सुंदर के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई। बृजलाल ने बताया कि 29 जुलाई को बेटे के साथ मारपीट होने के बाद वह राजेश के घर शिकायत करने गए थे जिस पर सभी ने एक होकर लाठी- डंडो से मारा पीटा और साथ ही दोबारा किसी से शिकायत भी न करने को कहा।

# साइकिल कांवड़ यात्रा का जगह-जगह स्वागत

स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहाँपुर। हरिद्वार से गंगाजल लेकर बाबा बैजनाथ धाम में जलाभिषेक के लिए निकली महंत सुनील चोटी वाले की साइकिल कांवड़ यात्रा का रविवार को तिलहर में भव्य स्वागत किया गया। 14 साइकिलों के साथ यात्रा कर रहे शिवभक्त कांवड़ियों का नगर के व्यापारियों, समाजसेवियों और श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक अभिनंदन किया। पूरे मार्ग पर बोल बम और हर-हर महादेव के जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा। दोपहर करीब दो बजे हाईवे स्थित एसके राइस मिल पर राइस मिलर्स एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता कमलेश गुप्ता उर्फ पप्पू के नेतृत्व में स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान पूर्व सभासद मोहित गुप्ता सहित अनेक व्यापारियों ने कांवड़ियों को अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया तथा जलपान और मिष्ठान कराकर उनकी मंगलमय यात्रा की कामना की। इसके बाद नगर में प्रवेश करने पर विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं और



व्यापारियों ने फूल-मालाएं पहनाकर एवं पुष्पवर्षा कर कांवड़ियों का जोरदार स्वागत किया। शिवभक्तों को मिष्ठान और शीतल पेय भी वितरित किए गए। महंत सुनील चोटी वाले ने सभी स्वागतकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि श्रद्धालुओं का स्नेह और सम्मान यात्रा को नई ऊर्जा प्रदान करता है। इधर सावन माह में सेवा और सुरक्षा का संदेश देते हुए बिरसिंहपुर चौकी के नवनियुक्त चौकी प्रभारी अरुण गौतम ने भी कांवड़ यात्रियों का स्वागत किया। उन्होंने चौकी क्षेत्र से गुजर रहे शिवभक्तों को अपने हाथों से फल वितरित किए और उनकी कुशलक्षेम पूछी। चौकी प्रभारी ने कहा कि सावन माह में इस मार्ग से गुजरने वाले सभी कांवड़ियों के लिए फल, पेयजल एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था लगातार कराई जाएगी, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने बताया कि कांवड़ यात्रा को सकुशल, शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है तथा सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के लिए पुलिस कर्मी 24 घंटे मुस्तैदी से ड्यूटी कर रहे हैं। पुलिस की सेवा भावना से अभिभूत कांवड़ियों ने चौकी प्रभारी का आभार व्यक्त किया, वहीं स्थानीय लोगों ने भी श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए पुलिस की पहल को सराहनीय बताया। श्रद्धा, सेवा और सहयोग के इस अद्भुत संगम के बीच साइकिल कांवड़ यात्रा बाबा बैजनाथ धाम के लिए रवाना हो गई।

# अज्ञात कारणों से लगी आग, लाखों का सामान खाक



**स्वतंत्र भारत अल्हागंज।** शनिवार देर रात नगर के एक मकान में अज्ञात कारणों से लगी आग। लाखों का सामान जलकर हुआ खाक, दो मवेशी आग से झुलसे एक की हुई मौत। पुलिस एवं राजस्व विभाग की टीम ने किया घटनास्थल का निरीक्षण। बताया गया है कि शनिवार देर रात नगर पंचायत अल्हागंज के वार्ड साहबगंज निवासी सुरेश बाबू के मकान में अचानक अज्ञात कारणों से छप्परदार हिस्से में आग लग गई। देखते देखते आग में विकराल रूप धारण कर लिया। आसपास के लोग जबतक कुछ समझ पाते छप्परदार हिस्से में रखी खाद्य सामग्री एवं घरेलू सामान सहित नगदी जलकर खाक हो गई। वही दो पशु गंभीर रूप झुलसे एक की मौके पर हुई मौत। आसपास के लोगों ने समर सेबल की मदद से आग पर काबू पाया। पुलिस एवं राजस्व विभाग की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया।

## थोड़ी बारिश ग्रामीणों के लिए बनी मुसीबत

**सिधौली।** ग्राम पंचायत शिवनगर में कुछ देर हुई बारिश ने ग्राम पंचायत शिवनगर के विकास कार्यो की पोल खोल दी ग्राम पंचायत विकास के नाम पर ग्राम पंचायत में सरकार द्वारा खातों मे धनराशि दी जाती है जिसमें एक खाता केंद्रीय वित्त एवं दूसरा राज्य वित्त दोनों खातो में बराबर धनराशि सरकार द्वारा प्रशासक एवं सचिव के खातों में भेजी जाती है लेकिन इसका लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है क्योंकि ग्राम पंचायत शिवनगर में रविवार को थोड़ी देर हुई बारिश ने विकास की पोल खोल दी जिससे पता चलता है कि सरकार द्वारा जो पैसा प्रशासक व सचिव को दिया जाता है वह कागजों में दबकर धरातल तक कैसे पहुंचता है एवं सारा धन कागजों में खर्च होकर गठरी में वंध जाता है

# रेलवे विभाग के खिलाफ करणी सेना का विरोध प्रदर्शन

स्वतंत्र भारत मीरानपुर कटरा - शाहजहांपुर रविवार को करणी सेना के वैनर तले मीरानपुर कटरा में रेलवे गेट संख्या 341/ स्कृ व 342/ स्कृ खुलवाने के सम्बन्ध में जो 6 महीने से पूर्ण रूप से बंद कर दिया गया था। लेकिन 4 महीनों से अभी तक उस पर कोई कार्य नहीं किया गया है। जिससे ग्रामीणों, मरीजों को समय पर अस्पताल नहीं पहुंचाया जा सकता। जिससे उनकी जान भी चली जाती थी। जो कि 20 किलोमीटर घूम के जाना पड़ता था। किसानों ,राहगीरों तथा स्कूली बच्चों को फाटक पार करने में बहुत ही कठिनाई का सामना करना पड़ता था। करणी सेना ने मांग की है कि मीरानपुर कटरा गेट संख्या 341/स्कृ व 342/स्कृ में से किसी एक को खोलकर रास्ता दिया जाए एवं क्रॉसिंग, पर गार्ड की ड्यूटी



लगाई जाए ताकि स्कूली बच्चों एवं राहगीरों को अपनी निगरानी में रेलवे क्रॉसिंग पार कराई जाए । एडीएन रेलवे ने मौके पर आकर आश्वासन दिया कि आज से गेट संख्या 341/स्कृ पर पैदल व साइकिल व 342/स्कृ पर 10 दिन के अंदर चार पहिया वाहनों के लिए खोल दिया जाएगा। इस अवसर पर ठाकुर ओमवीर सिंह प्रदेश महामंत्री, सूर्य प्रताप सिंह जिला अध्यक्ष, रवि चौहान जिला अध्यक्ष युवाशक्ति, ठाकुर जगवीर सिंह जिला उपाध्यक्ष राजीव सिंह नगर अध्यक्ष कटरा, जयवीर सिंह जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा, सचिन सिंह चौहान जिला संगठन मंत्री, कुंवर प्रताप सिंह राना राठौड़ जिला मंत्री, हर्षित शंखधार अधिवक्ता, राना प्रताप सिंह चौहान, जिला संगठन मंत्री आदि सैकड़ों की संख्या में करणी सेना के पदाधिकारी व ग्रामीण उपस्थित रहे।

# महिला ने चार पड़ोसियों के विरुद्ध दर्ज करवाई रिपोर्ट

**स्वतंत्र भारत मिर्जापुर -शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम राजेरायपुर निवासी अनुसूचित जाति की अंतिमा पत्नी प्रमोद ने गांव के ही तनु, बल्लू,गोकरन व दिवारी कुशवाहा के विरुद्ध मारपीट और एससीएसटी एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत करवाया है। पीड़िता अन्तिमा ने दर्ज करवाई रिपोर्ट में कहा है कि वह शनिवार सांय करीब छेह बजे अपने मकान की नींव भरवा रही थी। तभी उपरोक्त लोग जाति सूचक गालियां देते हुए कहा कि काम बंद कर दो। पीड़िता का कहना है कि उसने कहा कि वह अपनी जमीन पर नींव भरवा रही है,काम नहीं बंद करेंगे। आरोप है कि निर्माण कार्य बंद नहीं करने पर आरोपी तनु, बल्लू,गोकरन कुशवाहा ने अपने स्वजातीय दिवारी के साथ उसे लाठी डंडों और लात घुसों से उसे मारा पीटा और जाति सूचक गालियां देते हुए गांव से भगा देने की धमकी देकर चले गए। थाना अध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि प्रार्थना पत्र के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरू कर दी।


# फर्जी मुकदमे में जेल भेजने के विरोध में दारोगा के खिलाफ भूख हड़ताल पर बैठा परिवार



स्वतंत्र भारत पुवायां शाहजहांपुर। दलितों पर अत्याचार के विरोध में न्याय दिलाने को पहुंचे राष्ट्रीय जनता दल किसान सेल के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रामकिशोर बघेल ने 20 जुलाई को 9 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसपी को सौंपा था। जिसमें उन्होंने गंगसरा निवासी अनुसूचित जाति के उमेश पाल के शाहजहांपुर पलिया राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित मकान में पूर्व प्रधान अरब सिंह यादव ने फर्जी तरीके से धोखाधड़ी कर बैनामा कराने पर वर्ष 2007 में तत्कालीन तहसीलदार हरिहर राम व सीओ जवाहर के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर भूमि को कुर्क किया गया था। जिसका कोर्ट में मुकदमा विचाराधीन है। कूड़ा जलाने पर घर में आगजनी का आरोप लगाकर पुलिस से मिली भगत कर झूठी प्राथमिकी दर्ज कर जांच करने की बजाए दूसरे हल्का दारोगा गौरव चौधरी पर फर्जी तरीके से जेल भेजने के प्रकरण में निष्पक्ष जांच कराने, 4 अप्रैल को उमेश पाल पर हमला कर नशीला पदार्थ सुंघाकर मारपीट के प्रकरण में मेडिकल के बाद पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज करने की बजाय टरका दिया। वहीं 8 मई को दलित सुधा देवी के मकान पर कब्जा करने का विरोध करने पर परिवार के साथ मारपीट कर वृक्षों का क्षतिग्रस्त कर तोड़फोड़ करने के प्रकरण में निष्पक्ष जांच न कराने, बिल्सा गांव निवासी दलित दिव्यांग महिला गंगा देवी के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के प्रकरण में कार्यवाही कराने, गंगसरा निवासी कलावती की तीन एकड़ भूमि को लेकर विचाराधीन मुकदमे में अवैध कब्जा करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने , पूर्व प्रधान से सरकारी भूमि पर कब्जा मुक्त कराने आदि समस्याओं को लेकर 27 जुलाई को दलित परिवार के साथ गंगसरा में धरना प्रदर्शन के बाद 28 जुलाई से भूंख हड़ताल पर बैठे कार्यकर्ताओं की मांगे पूरी न होने पर दिल्ली में जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। इस दौरान भूख हड़ताल करने वालों में उमेश पाल, नन्हे पाल, भगवत्ता देवी, छोटे लाल, साबित्री देवी, अविलेस, कंचन देवी, मुंशी लाल आदि मौजूद रहे।

# कांवड़ यात्रा मार्ग पर खुलेआम दौड़ रहीं मिट्टी भरी ट्रालियां

स्वतंत्र भारत शाहजहांपुर। थाना बंडा क्षेत्र में कांवड़ यात्रा मार्ग पर मिट्टी से भरी ट्रालियों के खुलेआम संचालन को लेकर स्थानीय युवाओं और सामाजिक संगठनों में नाराजगी देखने को मिल रही है। आरोप है कि लोडर मशीनों से अवैध खनन कर मिट्टी ट्रालियों में भरकर बिलसंडा-खुटार-गोला हाईवे से लगातार निकाली जा रही है, जिससे उड़ने वाली धूल के कारण कांवड़ियों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि धूल उड़ने से कांवड़ियों के कपड़े खराब हो रहे हैं, आंखों में मिट्टी जा रही है और सड़क पर फिसलन के कारण दुर्घटना की आशंका भी बनी हुई है। वहीं, कई स्थानों पर ट्रालियों की आवाजाही से जाम जैसी स्थिति भी उत्पन्न हो रही है। विश्व हिंदू रक्षा संगठन के जिला अध्यक्ष मनोज यादव ने नाराजगी जताते हुए कहा कि कांवड़ यात्रा मार्ग पर इस तरह मिट्टी का परिवहन श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए गंभीर समस्या बन गया है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में जल्द ही जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की जाएगी। संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष सचिन मिश्रा ने बताया कि वह वर्तमान में वृंदावन में हैं। सूचना मिलने पर उन्होंने जिला अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपने के निर्देश दिए हैं तथा मुख्यमंत्री को भी पत्र भेजकर पूरे मामले से अवगत कराया जाएगा। युवा संगठन के सदस्य करन सक्सेना ने मांग की कि कांवड़ यात्रा मार्ग पर मिट्टी ढोने वाले वाहनों के विरुद्ध तत्काल प्रभाव से कार्रवाई की जाए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। वहीं, खनन अधिकारी ने कहा कि यदि कांवड़ यात्रा मार्ग से मिट्टी से भरी ट्रालियों के गुजरने की सूचना सही पाई जाती है, तो मौके पर जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।




RELIANCE Power

**ROSA POWER SUPPLY COMPANY LIMITED (RPSCL)**
(A Wholly owned subsidiary of Reliance Power Limited)
( 4x300 MW Rosa Thermal Power Project (Rosa TPP)
Hardoi Road, Post Office Rausar Kothi,
District Shahjahanpur, 242406, Uttar Pradesh

**NOTICE INVITING TENDER**

**NIT No: RPSCL/RPOWER/NON-TORREFIED BIOMASS PELLETS 26-27/ Dated:03.08.2026**

ROSA POWER SUPPLY COMPANY LIMITED (RPSCL) is operating 1200 MW (4*300 MW) Rosa Thermal Power Project (Rosa TPP) at Shahjahanpur district of Uttar Pradesh.

RPSCL invites bids (techno-commercial and price bid) from prospective bidders for supply of 3,10,000 Metric Tonne (MT) of Agriculture residue based Non-Torrefied Biomass Pellets on Long Term basis for FY 2026-27 on Delivered at Place Unloaded (DPU) basis at Rosa TPP, Shahjahanpur district of Uttar Pradesh required for co-firing in the Thermal Power Plant as per the scope & terms and conditions specified in the tender document. Tender No. RPSCL/RPOWER/NON-TORREFIED BIOMASS PELLETS 26-27 / is available on the Company's website https://www.reliancepower.co.in/web/reliance-power/tenders. Interested Parties/Bidders are requested to download the bid document free of cost and submit their bid before the due date. All information pertaining to corrigendums, addendums, amendments etc. including time extensions, if any, will be placed on the website mentioned above and no corrigendum will be published in the press.

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Start date to download the tender documents from RPower website | 03/08/2026 from 12:00 Hrs. |
| 2. | Date & Time for submission of queries at RPSCL's Email-id rpscl.biomass@reliancegroupindia.com | Upto 07/08/2026 till 18:00 Hrs |
| 3. | Date & time of Pre-Bid Conference through video conferencing<br>Meeting link:<br>https://reliancepowerlimitedin.webex.com/reliancepowerlimitedin/j.php?MTID=mfb1fe2460a3a0a6aa2e1697699bbc6e5<br>Meeting number: 2511 175 2384<br>Meeting password: vyHRNPfj739 | 11/08/2026 at 15:30 Hrs. |
| 4. | Last date and time for submission of the bids at RPSCL's Email-id rpscl.biomass@reliancegroupindia.com | 17/08/2026 till 23:59:59 Hrs |
| 5. | Date and time for opening of the techno-commercial bids | 19/08/2026 at 15:30 Hrs |

Interested agencies/parties may contact at Mobile-7498078947/8855024580, email-Interested agencies/parties may contact at Mobile rpscl.biomass@reliancegroupindia.com, in case of any assistance.

Sd/-**Head - Procurement; ROSA POWER SUPPLY COMPANY LIMITED.**

# गौतम हत्याकांड के तीन और आरोपी गिरफ्तार



स्वतंत्र भारत कांट शाहजहांपुर। पुलिस टीम द्वारा गौतम मौर्य की हत्या के अभियोग में वांछित अभियुक्त मुखबिर की सूचना पर ददरौल मोड़ से गिरफ्तार एहतियात के तौर पर अभी भी कई जगह पुलिस तैनात।

चर्चित गौतम मौर्य हत्याकांड में पुलिस टीम को बड़ी सफलता प्राप्त हुई। मृतक गौतम मौर्य के पिता चन्द्रपाल द्वारा लिखित तहरीर देकर अभियोग पंजीकृत कराया गया कि मुख्य अभियुक्त समीर उसके तीन अन्य साथियों लियाकत अली नदीम एवं राजा निवासी मोहल्ला गढ़ी पूर्वी द्वारा उसके पुत्र के गौतम पर जान से मारने की नीयत से एक राय होकर धारदार हथियारों से जानलेवा हमला किया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार हेतु जिला अस्पताल शाहजहाँपुर ले जाने पर चिकित्सकों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। उक्त तहरीर के आधार पर थाना पर समीर पुत्र लियाकत अली निवासी उसके अन्य 03 साथियों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया । मुकदमा उपरोक्त की विवेचना के दौरान अभियुक्तगण 1. लियाकत अली ,तदीम तथा राजा सलीम निवासीगण मोहल्ला गढ़ी पूर्वी,को मुखबिर की सूचना के आधार पर ददरौल की ओर जाने वाले मार्ग पर शीशम एवं जामुन के पेड़ों के नीचे से गिरफ्तार किया गया।विधिक कार्यवाही करते हुए उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। अभियुक्तों द्वारा संयुक्त रूप से पूछताछ करने पर बताया कि मृतक गौतम से समीर से लियाकत अली से काफी समय से दुश्मनी मान रहा था । परिवार के नसीम की पुत्री पर गलत निगाह रखे हुए था कई बार समीर ने समझाने का प्रयास किया तो गौतम मान नहीं रहा था । जिससे हमारे काफी बदनामी हो रही थी । गौतम के साथ स्टेटस पर स्टोरी भी लगाता था । समझाने के बाद जब गौतम नहीं माना तो हम लोगों ने उसे जान से मारने का प्लान तैयार किया । प्लान के तहत समीर ने कांट से चाकू खरीदा था और गौतम को मारने के लिए चारो लोगों ने योजना बनाई । गौतम को बातों में फसाकर लाने के लिए समीर को भेजा समीर, गौतम को नहर कोठी से लेकर आया । मैं और मेरा पुत्र तदीम व भतीजा राजा एक मोटर साईकिल पर पहले से ही दिलावरपुर नहर के पास खडे उसका इंतजार कर रहे थे । जब समीर, गौतम को लेकर आया तो पास आने पर हमने मोटर साईकिल को रूकवाया जैसे ही गौतम ने मोटर साईकिल को रोका तो मोटर साईकिल पर ही मैने गौतम का एक हाथ पकडा दूसरा हाथ राजा ने पकडा तथा तदीम ने मोटर साईकिल को गिरने से रोकने के लिए पकडा पीछे से समीर ने चाकू निकालकर जान से मारने की नियत से गोद डाला । गौतम चिल्हाया तो गांव से शोर हुआ तो हम लोग गौतम को मरणासन स्थिति में छोड कर मोटर साईकिल से मैं राजा और मेरे पुत्र तदीम चले आये और समीर को वहीं छोड आये और उससे कहा कि तू यह कहना कि गौतम को मैने मारा है जिससे लोग भ्रमित हो जायेंगे और केवल तेरे खिलाफ कार्यवाही होगी और हम लोग जल्दी तेरी जमानत करा लेंगे।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार, उ0नि0 श्री मोहित कुमार का0 राजेश कुमार का0अंकित कुमार रि0का0 मुलेश कुमाररि0का0 रक्षक तोमर द्वारा गिरफ्तार किया गया। पुलिस थाना शनिवार को ही आरोपी के मकान पर नोटिस चशपा किया गया था एवं पुलिस तैनात कर दी गई थी उसके अलावा कई अन्य संवेदनशील स्थानों पर भी पुलिस तैनात रही।

**चर्चाओं का बाजार रहा गर्म-** गौतम मौर्य के निर्मम हत्याकांड मामले में जितने मुंह उतनी बातें चर्चा का विषय बनी रही अपुष्ट खबरों के मुताबिक इस हत्याकांड में और भी लोग होने की संभावना जताई गई है। पुलिस का खुलासा या वायरल वीडियो पर अभी भी लोगों को यकीन नहीं हो रहा है

# सर्पदंश से महिला की मौत, इलाज के दौरान तोड़ा दम

स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहाँपुर। क्षेत्र के गांव बरहा मोहब्बतपुर निवासी 60 वर्षीय चंपाकली वर्मा, पत्नी रामेश्वर वर्मा की रविवार को सर्पदंश से मौत हो गई। उपचार के दौरान पहले उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, जहां से परिजन बेहतर इलाज की उम्मीद में बरेली के एक निजी अस्पताल ले गए। वहां उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।परिजनों के अनुसार रविवार सुबह करीब सात बजे चंपाकली वर्मा घर से बाहर गेट पर खड़ी थीं। इसी दौरान अचानक एक विषैले सर्प ने उन्हें काट लिया। सर्पदंश के बाद उनकी तबीयत तेजी से बिगड़ने लगी। आनन-फानन में परिजन उन्हें सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टर ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। मेडिकल कॉलेज में भी हालत में सुधार न होने पर परिजन उन्हें बरेली के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई।मृतका अपने पीछे पति रामेश्वर वर्मा, पुत्र मेवाराम वर्मा, बबलू वर्मा, राजू वर्मा, बिपिन वर्मा, अर्जुन वर्मा तथा पुत्री नन्हीं देवी सहित परिजनों को रोते बिलखते छोड़ गई हैं। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।सीओ विदुष सक्सेना ने बताया कि बुजुर्ग महिला की मृत्यु की सूचना प्राप्त हुई है। अभी तक महिला का शव घर पर नहीं आया है। बताया जा रहा की।परिजन महिला का पोस्टमार्टम नहीं कराएंगे यदि तहरीर प्राप्त होती है तो नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी तथा पोस्टमार्टम की प्रक्रिया भी कराई जाएगी।

# योगेश और अंशिका ने 100 मी. दौड़ में पाया प्रथम स्थान



**स्वतंत्र भारत (जलालाबाद-शाहजहांपुर)।** प्रेम किशन खन्ना राजकीय महाविद्यालय जलालाबाद में नशा मुक्त युवा फार विकसित भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत, प्रोफेसर डॉ. अवधेश कुमार के निर्देशन में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें नशा मुक्त युवा फार विकसित भारत संकल्प अभियान पर भारत के प्रधानमंत्री मा. नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए व्याख्यान (लाइव टेलीकास्ट) को कॉलेज में उपस्थित सभी विद्यार्थियों ने ध्यानपूर्वक सुना। कॉलेज में उपस्थिति सभी छात्र छात्राओं को असिस्टेंट प्रोफेसर जयेंद्र कुमार ने नशा मुक्त भारत के अंतर्गत शपथ ग्रहण दिलाने का कार्य किया। कार्यक्रम के आयोजक डॉ. अवधेश कुमार के निर्देशन में 100 मी. की दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें पुरुष वर्ग से योगेश शुक्ला प्रथम, राजकमल द्वितीय, व विवेक कुमार तृतीय स्थान पर रहे। महिला वर्ग से 100 मीटर दौड़ में अंशिका वर्मा प्रथम, अमृता देवी द्वितीय व मनोरमा तृतीय स्थान पर रहीं। इसी के साथ कॉलेज में पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें काफी संख्या में छात्र छात्राओं ने भाग लिया इस प्रतियोगिता में इफ्रा प्रथम, एकता द्वितीय और सृष्टि गुप्ता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर कॉलेज में दिव्यांशी, रिंकी गुप्ता, मुस्कान सिंह, अंचल जैन, साधना देवी, आकांक्षा राजपूत, दिव्यांशी, योगेश शुक्ला, राजकमल और विवेक कुमार, सत्य प्रकाश दुबे आदि छात्र-छात्रा उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

# कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का रईस मियां ने किया स्वागत



**स्वतंत्र भारत कांट शाहजहांपुर।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय राष्ट्रीय सचिव तौकीर आलम एवं सीतापुर के सांसद राकेश राठौर का कारोकुया पहुंचकर पूर्व अध्यक्ष रईस मियां ने किया स्वागत। कांग्रेस के उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष अजय राय सीतापुर के सांसद राकेश राठौर एवं राष्ट्रीय सचिव तौकीर आलम द्वारा कोरोकुईया के एक विद्यालय में संविधान बचाओ संवाद के तहत संबोधित कर रहे थे इस दौरान नगर पंचायत कांट के अध्यक्ष पुत्र एवं पूर्व अध्यक्ष रईस ने पहुंचकर फूल मालाओं से स्वागत किया इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## समझौता नहीं करने पर मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**पुवायां।** नगर के मोहल्ला बड़ी होली निवासी सुमित मिश्रा ने रजत अग्निहोत्री और उनके पिता पप्पू अग्निहोत्री निवासी मोहल्ला गढ़ी एवं दो अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ समझौता नहीं करने पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई। सुमित मिश्रा ने बताया कि उनकी पुरानी रंजीत चल रही थी जिसमें समझौता नहीं करने पर 30 जुलाई को रात सा? दस बजे रजत ने अपने पिता पप्पू अग्निहोत्री एवं अन्य साथियों के साथ पुरानी तहसील के पास रोक कर लाठी डंडों से मारपीट की।

## ई रिक्शा चालक के साथ मारपीट करने पर रिपोर्ट दर्ज

**पुवायां।** जेंवा गांव के अशोक कुमार ने बताया कि उनका बेटा पारुल ई रिक्शा चलाता है 27 जुलाई को चौसेड़ा गांव में मेला लगा था पारुल लगभग 3 बजे सवारी लेकर चौसे?ा पहुंचा तो स?क पर चाट की दुकान लगाए दुकानदार ने गाली गलौज करते हुए कहा दुकान के सामने रिक्शा क्यों खड़ा कर दिया और अपने साथी रिंकू, राजन, कल्लू पुत्र प्रसादी निवासी ग्राम चौसे?ा के साथ मिलकर मारपीट की जाति सूचक गालियां दी।

## वीआईपी ग्रुप करेगा प्रतिभाओ का सम्मान



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहाँपुर।** वी आई पी ग्रुप शिक्षा एवं प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ÷प्रतिभा सम्मान समारोह÷ का आयोजन किया जा रहा है। इस समारोह में विभिन्न राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने वाले तथा बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट अंक अर्जित करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। ग्रुप की जिला प्रभारी वर्षा गोस्वामी एवं ग्रुप क्रिएटर अभिनय गुप्ता ने बताया कि सरकारी प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित अभ्यर्थियों को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि हाईस्कूल अथवा इंटरमीडिएट में 95 प्रतिशत या उससे अधिक अंक तथा उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद से हाईस्कूल अथवा इंटरमीडिएट में 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को भी विशेष सम्मान प्रदान किया जाएगा। वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है।

# शिक्षक नेता के अकाउंट से साइबर ठगो ने उड़ाये 70 हजार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर।** थाना जलालाबाद के गांव गुरुगवां निवासी ऋषिकान्त पाण्डेय पुत्र राधेश्याम पाण्डेय ने पुलिस को पत्र देकर बताया कि बह एक सरकारी शिक्षक है मेरे पंजाब नेशनल बैंक जलालाबाद में खाता सं0 6804001700016199 में प्रत्येक माह सैलरी आती है। 01.अगस्त को शाम 07ः33 बजे इसी खाता सं0 में 69884/ रू0 सैलरी के क्रेडिट हुये थे तथा 07ः45 बजे रात को इसी खाता से 70000/रू0 डेबिट हो गये मैने रात को लगभग 11 बजे मैसेज देखा तो फाड होने का अंदेशा हुआ फिर खाते की डिटेल चेक की जिसमें ट्राजेक्शन द्धष्ठ-श्वष्टह्रस्ट21219350895 मिली जिसके बाद मैंने बैंक की हेल्प लाइन नं0 18801802222 पर रात 11ः20 बजे काल करके पूरी समस्या बतायी और शिकायत दर्ज करा दी । उसी के बाद बैंक के हेल्प लाइन द्वारा बताया गया कि आपके 70000/रू0ॅ्रञ्जरूकार्ड से फाड करके निकाले गये है।तो मैने कहा मेराॅ्रञ्जरूकार्ड मेरे पास है और इसे माह से प्रयोग भी नही किया हैं।उन्होंने उचित कारवाही किए जाने की मांग की है।

# लखनऊ दिल्ली राजमार्ग से पथ प्रकाश सोलर पैनल चोरी

## राजमार्ग पर अव्यवस्था भारी, पुल के बीच से झांक रही सरिया

स्वतंत्र भारत भावलखेड़ा। लखनऊ दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर हरदोई बाईपास से आगे बढ़ने पर हालत बेहद जर्जर है। सावन माह में कावड़ियों के जाने का यही मुख्य मार्ग है। गोला गोकर्णनाथ छोटी काशी के नाम से प्रसिद्ध भगवान महादेव का तीर्थ स्थल पर प्रत्येक सावन में लाखों की संख्या में कांव?िए फर्रुखाबाद जनपद से गंगा जल भरकर छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ मंदिर तक जाते हैं। लेकिन इस मुख्य मार्ग की हालत बेहद जर्जर है। पुल के भीतर से सरिया झांक रही हैं। चौक कोतवाली थाना क्षेत्र के गर्रा पुल पर प्रकाश व्यवस्था के लिए लगाई गई बेस कीमती कई दर्जन सोलर लाइट चोरी हो गई है। इन सोलर लाइटों के खाली खंभे राहगीरों का मुंह चिढ़ा रहे हैं। गर्रा पुल से आगे बढ़ने पर खन्नौत पुल पर लगी सोलर लाइटे भी गायब है यह क्षेत्र थाना रामचंद्र मिशन के अंतर्गत आता है। लखनऊ से दिल्ली जाने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग जिस पर तमाम वीआईपी मूवमेंट रहती है इस तरह की लापरवाही पर सवालिया निशान उठा रहा है। सावन की भीड़ अब बढ़ने लगी है। रास्तों पर कांवड़ियों के वाहन दिखाई देने लगे है। सोमवार को तो राजमार्ग पर कांवड़ियों की जमकर भीड़ होती है। फर्रुखाबाद से जल भरकर छोटी काशी ले जाने वाले कावड़ियों को अब इस रोड पर समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। जगह-जगह पर डायवर्जन भी किया गया है जिससे घटनाओं का अंदेशा और बढ़ गया है। एनएचआई ने गोवंश रेस्क्यू के लिए चलाए वाहन नहीं के साइड इंजीनियर पुष्पेंद्र यादव ने बताया कि नेशनल हाईवे पर गोवंश आने पर विभाग द्वारा चलाए जा रहे वाहन द्वारा उनको गौशालाओं में छोड़ा जाता है या वहां लगातार हाईवे पर मॉनिटरिंग करते रहते हैं और घायल गोवंश या अन्य गोवंश को तत्काल रेस्क्यू कर गौशालाओं में भेजा जाता है।

एनएचआई के साइड इंजीनियर पुष्पेंद्र यादव ने बताया कि सोलर पैनल चोरी हुए काफी समय बीत गया है। पुलिस को कई बार सूचना दी जा चुकी है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

# आलियापुर में दो पक्षों में मारपीट,रिपोर्ट दर्ज

स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहाँपुर। क्षेत्र के गांव आलियापुर में शनिवार रात दो पक्षों के बीच हुए विवाद ने रविवार को तूल पकड़ लिया। दोनों पक्ष थाने पहुंचे और एक-दूसरे के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने प्रथम पक्ष की शिकायत पर सात नामजद व चार अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है, जबकि दूसरे पक्ष की तहरीर पर भी सात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पुलिस के अनुसार, प्रथम पक्ष के विनोद कुमार ने गांव के मनदीप, मंदेश, सुनील, ऋषिपाल, गिरीश, महाराज और अखिलेश समेत चार अज्ञात लोगों पर लाठी-डंडों से हमला करने का आरोप लगाया है। घटना में जगदीश, रजनीश, कालीचरन, अभिनंदन और श्रद्धा घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया, जिनमें दोनों पक्षों के एक-एक व्यक्ति की हालत गंभीर होने पर उन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। दूसरे पक्ष की लौंगश्री ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि विपक्षी लोग घर में घुस आए और मारपीट की। उनके अनुसार, घटना में उनके पति जनढैल, अनिंगपाल समेत दो लोग घायल हुए, जबकि अन्य को भी चोटें आईं। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। सीओ विदुष सक्सेना ने बताया कि प्रथम पक्ष की तहरीर पर सात नामजद एवं चार अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। दूसरे पक्ष से भी तहरीर प्राप्त हुई है, जिसमें सात लोगों को नामजद किया गया है। पुलिस दोनों पक्षों की शिकायतों की जांच कर रही है और साक्ष्यों के आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# वन विभाग की लापरवाही से मर गया घायल बारहसिंघा

**स्वतंत्र भारत अल्हागंज शाहजहांपुर।** गांव के बाहर एक घायल बारहसिंघा मिलने की सूचना वन विभाग को दी गई लेकिन सूचना देने के करीब सा? तीन घंटे बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम घायल बारहसिंघा को रस्सियों से बांधकर ई-रिक्शा के माध्यम से अल्हागंज स्थित पशु चिकित्सालय लेकर आई। वहां मौजूद पशु चिकित्सालय के कर्मचारियों ने उसका उपचार शुरू किया, लेकिन इलाज के दौरान बारहसिंघा की मौत हो गई।घटना के बाद ग्रामीणों ने वन विभाग की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाए। उनका कहना है कि यदि टीम समय पर पहुंच जाती और घायल वन्यजीव को सुरक्षित तरीके से अस्पताल ले जाया जाता, तो उसकी जान बचाई जा सकती थी। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि गांव में बारहसिंघा की हालत अपेक्षाकृत बेहतर थी, लेकिन उसे लाने के दौरान अपनाए गए तरीके से उसकी स्थिति और बिगड़ गई।

# सावन के पहले सोमवार से कांवड़ यात्रा शुरू

## महाराणा प्रताप चौक पर शिवभक्तों का पुष्प वर्षा से हुआ स्वागत



**स्वतंत्र भारत (जलालाबाद-शाहजहांपुर)।** सावन माह के पहले सोमवार से एक दिन पूर्व रविवार को क्षेत्र में कांवड़ यात्रा का शुभारंभ हो गया, फर्रुखाबाद के पांचाल घाट एवं ढाई घाट से गंगाजल भरकर बड़ी संख्या में शिवभक्त कांवड़ लेकर भगवान शिव के मिनी काशी गोला गोकर्णनाथ के लिए रवाना हुए। पूरे दिन नगर में 'बोल बम बम' और 'हर-हर महादेव' के जयघोष गूंजते रहे, जिससे वातावरण पूरी तरह शिवमय हो गया। कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने पहले से ही व्यापक तैयारियां की हुई हैं। भारी वाहनों के लिए रूट डायवर्ट किया गया है, जिसके चलते शुक्रवार शाम से सोमवार तक बड़े और भारी वाहनों को मीरानपुर कटरा होकर शाहजहांपुर की ओर भेजा जा रहा है। इससे कांवड़ यात्रियों को सुरक्षित एवं निर्बाध आवागमन की सुविधा मिल रही है। नगर पालिका परिषद की ओर से महाराणा प्रताप चौक के निकट कांवड़ सेवा शिविर स्थापित किया गया है। यहां तैनात कर्मचारियों ने कांवड़ यात्रियों पर पुष्पवर्षा कर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। साथ ही श्रद्धालुओं को शिविर में रुककर जलपान करने के लिए आमंत्रित किया। शिविर में पेयजल सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं की भी व्यवस्था की गई है, जिससे यात्रियों को यात्रा के दौरान राहत मिल सके। महाराणा प्रताप चौक से गुजर रहे कांवड़ियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। भगवा वस्त्र धारण किए शिवभक्त भक्ति गीतों और जयघोष के साथ अपने गंतव्य की ओर कदमताल से बढ़ते रहे। जगह-जगह लोगों ने भी कांवड़ यात्रियों का स्वागत कर उनकी सेवा की। प्रभारी निरीक्षक अरविंद सिंह चौहान ने बताया रूट का डायवर्जन कर दिया गया है बड़े वाहन मीरानपुर कटरा होकर निकाले जा रहे यह व्यवस्था शुक्रवार शाम से लेकर सोमवार रात तक रहेगी।

# अलग-अलग सड़क हादसों में दो बाइक सवार घायल

**स्वतंत्र भारत (जलालाबाद-शाहजहांपुर)।** जलालाबाद क्षेत्र में दो अलग-अलग हुई सड़क दुर्घटनाओं में दो बाइक सवार घायल हो गए जिन्हें पुलिस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को छुट्टी दे दी गई। जानकारी के मुताबिक जनपद फर्रुखाबाद, थाना अमृतपुर के गांव अमियापुर पश्चिमी निवासी 20 वर्षीय नीरज पुत्र मदनपाल मोटरसाइकिल पर सवार अपने चाचा के साथ फर्रुखाबाद की ओर जा रहे थे तभी नगर के बालाजी मंदिर के पास शाम लगभग 7ः00 बजे एक प्राइवेट दिल्ली रूट पर चलने वाली बस जो बैक हो रही थी उससे टकरा गए उनके चेहरे पर चोट आई जिन्हें पुलिस ने नगरिया अस्पताल में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया और छुट्टी दे दी। वहीं दूसरी एक घटना कोला मोड़ के पास की है यह घटना लगभग 6ः30 बजे शाम की है मिर्जापुर थाना क्षेत्र के गांव सींगापुर निवासी 23 वर्षीय वीरभान पुत्र हरीनाथ मोटरसाइकिल पर सवार अपने घर जा रहे थे तभी सड़क पर फिसल कर गिर गए उनकी आंख के पास गंभीर चोट लगी है डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया उनकी आंख के ऊपर मांस फट गया था जिसमें टांके लगाए गए हैं बाकी सब सामान्य है।

# सांड के हमले में मृत चंद्रशेखर के परिजनों से मिले सपा जिलाध्यक्ष

**स्वतंत्र भारत पुवायां, शाहजहांपुर।** सांड के हमले में जान गंवाने वाले जुझारपुर निवासी चंद्रशेखर दीक्षित के आवास पर रविवार को समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष तनवीर खां पहुंचे। उन्होंने शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की तथा उन्हें ढांढस बंधाया। गौरतलब है कि शुक्रवार रात चंद्रशेखर दीक्षित पुवायां से अपने गांव लौट रहे थे। रास्ते में एक आवारा सांड ने उन पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई थी। घटना से क्षेत्र में शोक की लहर है। जिलाध्यक्ष तनवीर खां ने दिवंगत की आत्मा की शांति की प्रार्थना करते हुए परिजनों को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि आवारा पशुओं की समस्या गंभीर होती जा रही है और इस दिशा में प्रभावी कदम उठाए जाने की आवश्यकता है। इस दौरान पूर्व विधानसभा अध्यक्ष विपिन दीक्षित, मिश्रीलाल वर्मा, जितेंद्र प्रसाद, ब्रह्मानंद मिश्रा, विधानसभा अध्यक्ष जितेंद्र कुमार वर्मा, सफीजुर्रहमान खां, बादाम सिंह यादव सहित आदि थे।

# 28 नवंबर से होगी भव्य श्रीराम कथा

स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहाँपुर। शहर के ओसीएफ रामलीला मैदान में आगामी नवंबर माह में आयोजित होने जा रही भव्य श्रीराम कथा की तैयारियां तेज हो गई हैं। इस पुनीत आयोजन को ऐतिहासिक और सुव्यवस्थित रूप देने के उद्देश्य से रविवार को शहर के होटल रॉयल पन्ना में आयोजक मंडल %मंगलमय परिवार% की एक महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। आयोजकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि शहरवासियों के लिए यह अत्यंत सौभाग्य का विषय है कि आगामी 28 नवम्बर से 6 दिसम्बर 2026 तक श्रीराम कथा की अमृतमयी वर्षा होने जा रही है। इस दौरान प्रख्यात संत पूज्य श्री विजय कौशल जी महाराज के श्रीमुख से श्रद्धालु भगवान श्रीराम के आदर्शों, मर्यादाओं और उनके जीवन चरित्र का श्रवण कर भावविभोर होंगे। इस विशाल व संगीतमय धार्मिक अनुष्ठान में बड़ी संख्या में रामभक्तों के जुटने की संभावना है। साफ़ सफाई व स्वच्क्षता का रामबरन सिंह चंदेल, प्रचार प्रसार का कौशल मिश्रा, पांडाल का गोविन्द मिश्र, मंच सज्जा व आरती व्यबस्था का अविनेश प्रताप सिंह, चरण पादुका का आकाश तिवारी बरेंचा, पार्किंग का निर्विकल्प द्विवेदी यातायात का अभय सिंह, सुरक्षा का सौरभ सोमबंशी, सोशल मीडिया का रोचक अग्निहोत्री, प्रतिदिन प्रसाद वितरण का प्रशांत सक्सेना, भंडारा प्रसाद का आशुतोष मिश्रा को दायित्व सौंपा गया। बैठक के समापन अवसर पर मंगलमय परिवार के सभी पदाधिकारियों, सदस्यों और उपस्थित जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष डीपीएस राठौर के संचालन में कार्ययोजना बैठक में जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा विजय कौशल जी महाराज के सहयोगी एवं मुख्य अतिथि मोहित द्विवेदी, बार एसोसिएशन के महासचिव राजेश अवस्थी, मंगलमय परिवार के मुख्य सदस्य असित पाठक, प्रमोद तिवारी पिंटू, भारत अनुराग पांडेय, हरिसरन बाजपेयी, सौरभ सोमबंशी, विनोद अवस्थी, विनायक अग्रवाल, मुनेश्वर सिंह, अजय प्रजापति, पशुपति नाथ दीक्षित, प्रियांशू रघुबंशी, डॉ हेमेन्द्र वर्मा,आशीष सिंह राठौर, अवधेश तोमर, बलराम शर्मा, मलिन बाजपेयी, अनुराग यादव, नंद कुमार दीक्षित आदि ने भाग लिया ।

# सेब की बागवानी गमले में देखनी है आदर्श नगर कॉलोनी आइए

## प्रकृति प्रेमी मुदित ने घर को बना दिया हाईटेक बगीचा

**महेन्द्र मिश्रा**



**स्वतंत्र भारत रोजा जंक्शन शाहजहांपुर।** आदर्श नगर कॉलोनी निवासी मोदी त्रिवेदी उम्र 30 वर्ष जिनको बचपन से फूल पौधे लगाने का शौक था लेकिन जगह ना होने के करण इनके इच्छा अधूरी रह गई कुछ समय बाद जब मकान बना उसमें कम से कम 100 गज की जगह खाली छोड़ दी जिसमें त्रिवेदी ने अपने शौक पूरे करने के लिए कई प्रदेश जाकर तमाम तरीके के किचन गार्डन पेड़ और शो पीस के पेड़ फूल पौधे तथा फलों के पौधे लाकर अपने किचन गार्डन को सजाया । मुदित त्रिवेदी के यहां एप्पल का पेड़ संतरे का पेड़ अंजीर नाशपाती तेजपत्र सफेद इलायची खजूर चाइनिज आम कमरख, पिला बादाम अंजीर लीची मीठा करौंदा ड्रैगन फ्रूट रूद्राक्ष मधु कामिनी रजनीगांधा हरसिंगर चीकू चाकोतरा ब्लूबेरी काला अंगूर लाल चंदन दलचीनी करीपत्ता स्त्रबेरी गंधराज आदि कई तरह के पेड़ पौधे फूल लगा रखे हैं यही नहीं मुदित त्रिवेदी सुबह 5ः00 बजे उठकर पहले पौधों को पानी देते हैं उसके बाद मौसम के अनुसार और दवाइयां और रसायनिक खाद मौसम के अनुसार पौधों पर दवाइयों का छिड़काव करना दिनचर्या बन गई है बंदरओं को रखाने के लिए अलग से इंतजाम किया है परिवार में सभी लोग मुदित का सहयोग करते हैं।



## आखिरकार पिंजरे में कैद हुआ
# खूनी तेंदुआ
### रेंजर मोबिन आरिफ और टीम की सक्रियता से मिली सफलता

स्वतंत्र भारत



**निघासन-खीरी।** लगभग दस दिन पहले उत्तर निघासन रेंज में 10 वर्षीय मासूम की जान लेने वाला तेंदुआ रविवार प्रातः वन विभाग के पिंजरे में आखिरकार कैद हो गया। रेंजर मोबिन आरिफ और उनकी टीम की सक्रियता से क्षेत्र में आतंक का पर्याय बन चुके इस तेंदुए के पकड़े जाने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

गौरतलब है कि तेंदुए को पकड़ने के लिए वन विभाग ने डंडूरी गांव के दक्षिण स्थित शाहिद के खेत में पिंजरा लगाया था। रविवार सुबह करीब 4 बजे शिकार के लालच में तेंदुआ पिंजरे में कैद हो गया। वन विभाग की टीम तेंदुए को अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। जानकारी के अनुसार, उत्तर निघासन रेंज के अंतर्गत 23 जुलाई को बाबागंज निवासी बुद्धा का 10 वर्षीय पुत्र गोलू बकरी चराने खेत गया था। वहां पहले से मौजूद तेंदुए ने उस पर हमला कर उसे झाड़ियों में घसीट लिया था। ग्रामीणों के पहुंचने पर मासूम का अधखाया शव गन्ने के खेत से बरामद हुआ था। घटना के बाद ग्रामीणों में दहशत फैल गई थी। उनकी मांग पर वन विभाग ने कई स्थानों पर पिंजरे लगाए। आखिरकार विभाग की मेहनत रंग लाई और मासूम की जान लेने वाला तेंदुआ डंडूरी में लगाए गए पिंजरे में कैद हो गया। इसके बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

रेंजर मोबिन आरिफ ने बताया कि तेंदुए का चिकित्सकीय परीक्षण कराया जाएगा। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर उसे जंगल में सुरक्षित छोड़ दिया जाएगा। एहतियात के तौर पर क्षेत्र में अभी दो पिंजरे और लगाए गए हैं। उन्होंने जंगल से सटे गांवों के लोगों से सतर्क रहने की अपील की है।

## वैदिक विचारों का प्रचार

**मोहम्मदी-खीरी।** आर्यसमाज मोहम्मदी का साप्ताहिक यज्ञ रविवार को श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर, भीतर मोहम्मदी में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन आर्यसमाज के कोषाध्यक्ष रामलाल गुप्ता ने किया। मुख्य यजमान हरीओम गुप्ता रहे। उन्होंने वैदिक नियमों का वाचन भी किया। डॉ. रमाशंकर गुप्ता एवं सुमन पाण्डेय ने सुमधुर भजनों की प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर रामआसरे राठौर, ऊषा अवस्थी, बीना राठौर सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## कटान तेज, नदी में लीले 36 बीघा खेत



स्वतंत्र भारत

**बिजुआ-खीरी।** क्षेत्र के मिस्त्रीपुरवा गांव में शारदा नदी का कटान तेजी से बढ़ गया है। नदी की तेज धारा के कारण किसानों के खेत और फसलें नदी में समा रही हैं। अब तक मिस्त्रीपुरवा के किसानों चरनपाल सिंह, राजेश कुमार, जसप्रीत सिंह और रमेश कुमार मौर्य सहित कई किसानों के लगभग 36 बीघा खेत शारदा नदी में बह चुके हैं। किसानों ने बताया कि उनके खेतों में गन्ना और अन्य फसलें लहलहा रही थीं। कटान के कारण उनकी मेहनत से उगाई गई फसलें लगातार नदी में समाती जा रही हैं, जिससे उन्हें भारी नुकसान हो रहा है। किसानों का कहना है कि हर साल बारिश के मौसम में नदी कटान कर खेतों को बहा ले जाती है। उन्होंने कई बार शिकायतें की हैं, लेकिन अभी तक कटान रोकने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। किसानों ने प्रशासन से कटान रोकने के लिए तटबंध और बंधा निर्माण की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जल्द ही कटान नहीं रोका गया तो दर्जनों बीघा और जमीन नष्ट हो जाएगी, जिससे कई किसान बेघर हो सकते हैं। फिलहाल, क्षेत्र में ग्रामीण दहशत में हैं और किसान अपनी बची हुई फसलों और जमीन को बचाने का प्रयास कर रहे हैं।

## मगरमच्छ से बचाव के उपाय बताए गए

**पड़रिया तुला-खीरी (स्वतंत्र भारत)।** विकास खण्ड बिजुआ के ग्राम नौसर में वन विभाग की ओर से मगरमच्छ से बचाव एवं जनजागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में वन दरोगा सर्वेश सिंह और वनरक्षक शरद मिश्रा अपनी टीम के साथ मौजूद रहे। टीम ने ग्रामीणों को बताया कि यदि कहीं मगरमच्छ दिखाई दे तो उसके पास जाने या उसे भगाने का प्रयास न करें। इसकी सूचना तुरंत वन विभाग को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। साथ ही बच्चों को अकेले तालाब के आसपास न जाने देने और पशुओं को भी सावधानीपूर्वक चराने की सलाह दी गई। गोष्ठी में ग्रामीण अख्तर, शिवकुमार, गौरव, नितिन और शान मोहम्मद सहित कई लोग मौजूद रहे।।

## 68 घंटे मशक्कत के बाद भी नहीं मिला कल्लू
### प्रशासन ने बंद कराया एनडीआरएफ का सर्च ऑपरेशन

स्वतंत्र भारत



**बिजुआ-खीरी।** शारदा नदी में नाव पलटने के 68 घंटे बाद भी लापता युवक कल्लू पुत्र रहूफ का कोई सुराग नहीं मिल सका। लगातार तीन दिन तक चली तलाश के बावजूद सफलता न मिलने पर प्रशासन के निर्देश पर राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल ने रविवार दोपहर अपना सर्च ऑपरेशन समाप्त कर दिया।

गुरुवार शाम बेल्हा सिकटिहा घाट पर दूधियों से भरी नाव तेज धारा में पलट गई थी। नाव पर सवार नौ लोगों में से सात ने तैरकर अपनी जान बचा ली, जबकि चकपुरवा निवासी सोनू पुत्र बिजेंद्र और गंगाबेहड़ निवासी कल्लू पुत्र रहूफ नदी की धारा में बह गए थे। एनडीआरएफ और स्थानीय गोताखोरों ने लगातार तलाश अभियान चलाया। शनिवार शाम करीब 48 घंटे बाद सोनू का शव बरामद कर लिया गया था, लेकिन कल्लू का अब तक कोई पता नहीं चल सका। रविवार को जलस्तर कम होने पर एनडीआरएफ की टीम ने नदी के बीच बने टापुओं तक पैदल पहुंचकर भी खोजबीन की, लेकिन सफलता नहीं मिली। एनडीआरएफ इंस्पेक्टर सभाजीत यादव ने बताया कि अधिकारियों की अनुमति से ढाई दिन तक अभियान चलाया गया। पानी कम होने से स्टीमर के संचालन में भी दिक्कतें आ रही थीं। राहत आयुक्त लखनऊ और एडीएम खीरी के निर्देश पर अभियान समाप्त कर दिया गया। एसडीएम गोला युगांतर त्रिपाठी ने इसकी पुष्टि की। परिजन अब भी कल्लू के मिलने की उम्मीद लगाए हुए हैं।

## एंटी रोमियो स्क्वॉड ने चलाया अभियान

स्वतंत्र भारत



**जंगबहादुरगंज-खीरी।** शनिवार को चौकी क्षेत्र के मुख्य मोहम्मदी तिराहा, केन ग्रोवर्स इंटर कॉलेज, रेलवे स्टेशन, ब्यूटी पार्लर तथा अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर विशेष जांच अभियान चलाया गया। टीम ने सार्वजनिक स्थलों पर अनावश्यक रूप से घूम रहे युवकों पर नजर रखी और महिलाओं, छात्राओं तथा दुकानदारों से बातचीत कर सुरक्षा संबंधी फीडबैक लिया। साथ ही छेड़छाड़, पीछा करने, साइबर ठगी या उत्पीड़न की किसी भी घटना की तत्काल पुलिस को सूचना देने की अपील की। महिलाओं को 1090, 1098, 112, 1930, 108 एवं 102 हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई। अभियान के दौरान कोई अप्रिय घटना सामने नहीं आई। अभियान का नेतृत्व एंटी रोमियो स्क्वॉड प्रभारी रेनू ने किया।

## पिंक शौचालय का पालिकाध्यक्ष ने किया उद्घाटन

स्वतंत्र भारत

**गोलागोकर्णनाथ।** सीजीएन पीजी कॉलेज मुख्य द्वार के निकट पिंक शौचालय का उद्घाटन नगर पालिका




अध्यक्ष विजय शुक्ला (रिंकू) ने पंडित लवकुश शास्त्री द्वारा विधिवत पूजन-अर्चन एवं फीता काटकर किया। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि पवित्र श्रावण मास में लाखों श्रद्धालु लखीमपुर रोड से होकर छोटी काशी आते हैं। यह पिंक शौचालय विशेष रूप से महिला श्रद्धालुओं एवं सीजीएन पीजी कॉलेज की छात्राओं के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। कार्यक्रम में अधिशाषी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्रा, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संदीप वर्मा, सभासद हरिओम वर्मा, रज्जन खान, सुशील कश्यप, नामित सभासद गीता विश्वकर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष रविन्द्र कटियार, पूर्व नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा, लेखाकार मोहित अवस्थी, भाजपा नगर मंत्री राहुल वाल्मीकि, विमलेश वर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## एसएसबी ने निकाली रैली

**स्वतंत्र भारत, पलियाकलां-खीरी।** 39वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, पलिया की सीमा चौकी मिर्चिया द्वारा वाइब्रेंट गांव मिर्चिया स्थित संविलियन विद्यालय में भारत सरकार की महत्वाकांक्षी पहल 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सीमा चौकी मिर्चिया के प्रभारी निरीक्षक (सामान्य) नरेश कुमार ने छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीणों को बालिका शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, बेटियों के सम्मान तथा समान अधिकारों के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शिक्षित और आत्मनिर्भर बेटियां ही सशक्त परिवार, समाज और राष्ट्र की मजबूत नींव होती हैं। उन्होंने अभिभावकों से बेटियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाने और उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। इसके बाद विद्यालय के अध्यापकों, छात्र-छात्राओं और एसएसबी जवानों द्वारा गांव में जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में विभिन्न प्रेरणादायक नारों से ग्रामीणों को बालिका शिक्षा, लैंगिक समानता और महिला सम्मान के प्रति जागरूक किया गया।

## सड़क हादसों के मृतकों के परिजनों से मिले राजा राज राजेश्वर सिंह

स्वतंत्र भारत

**निघासन-खीरी।** सड़क हादसों में जान गंवाने वाले दो परिवारों के बीच पहुंचकर झंडी स्टेट के राजा एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता राजा राज राजेश्वर सिंह ने शोक संवेदना व्यक्त की और आर्थिक सहयोग देकर पीड़ित परिजनों को ढांढ़स बंधाया। थाना निघासन क्षेत्र के ग्राम लोखंदरपुर निवासी सुरेन्द्र कुमार कुछ दिन पूर्व मजदूरी करने के लिए जालंधर जा रहे थे। इसी दौरान जनपद संभल में हुए एक सड़क हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई, जिससे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। वहीं, ग्राम टॉपरपुरवा निवासी 65 वर्षीय छत्रपाल पुत्र तोखन अपने निजी कार्य से झंडी चौराहा जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए और उपचार के दौरान उनकी भी मृत्यु हो गई। दोनों घटनाओं की जानकारी मिलते ही राजा राज राजेश्वर सिंह मृतकों के घर



पहुंचे। उन्होंने परिजनों से मुलाकात कर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की और हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। इस दौरान उन्होंने दोनों पीड़ित परिवारों को अंतिम संस्कार के लिए आर्थिक सहायता भी प्रदान की।

## संक्षिप्त समाचार

### स्कॉटलैंड में प्रस्तुति देंगी चिन्मोयी व शची

**लखीमपुर-खीरी (स्वतंत्र भारत)।** मोहम्मदी तहसील क्षेत्र के ग्राम रवींद्रनगर गांव की प्रतिभाशाली भरतनाट्यम नृत्यांगनाएं चिन्मोयी बिस्वास एवं शची बिस्वास 2 अगस्त 2026 को स्कॉटलैंड के ग्लासगो में आयोजित कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 के समापन समारोह में अपनी कला का प्रदर्शन करेंगी।



दोनों कलाकार प्रसिद्ध नृत्य निर्देशक श्यामक डावर एवं उनकी टीम के निर्देशन में भरतनाट्यम की मनमोहक प्रस्तुति देंगी। अपनी प्रस्तुति के माध्यम से वे विश्व मंच पर भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और शास्त्रीय नृत्य परंपरा का प्रतिनिधित्व करेंगी। दोनों की इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार और गांव, बल्कि लखनऊ तथा पूरे उत्तर प्रदेश का गौरव बढ़ा है। क्षेत्रवासियों ने उनकी सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। उनकी प्रस्तुति भारतीय संस्कृति की वैश्विक पहचान को और सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### युवती को धमकी देने वाला गिरफ्तार

**पलियाकलां-खीरी।** प्रभारी निरीक्षक शिवाजी दुबे के नेतृत्व में पुलिस टीम ने टेहरा तिराहा, कस्बा पलिया से आरोपी सौरव सिंह उर्फ अल्लू पुत्र स्व. रखवीर सिंह उर्फ रक्खू सिंह, निवासी ग्राम मलिका, थाना खुटार, जनपद शाहजहांपुर, उम्र करीब 26 वर्ष को गिरफ्तार किया।



पुलिस के अनुसार आरोपी पर एक युवती से अवैध शारीरिक संबंध बनाने का दबाव डालने, युवती के मना करने पर गाली-गलौज करने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप है। मामले में थाना पलिया पर मुकदमा दर्ज है। गिरफ्तार आरोपी को आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

### सावन के दौरान निरीक्षण पर उठे सवाल

**मोहम्मदी-खीरी (स्वतंत्र भारत)।** सावन माह के दौरान प्रदेशभर में पुलिस और प्रशासन द्वारा होटल, मांस की दुकानों तथा मदिरा की दुकानों का निरीक्षण किए जाने के निर्देशों के बीच मोहम्मदी क्षेत्र में अब तक की गई कार्रवाई को लेकर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय स्तर पर अब तक यह सार्वजनिक नहीं किया गया है कि मोहम्मदी में पुलिस एवं प्रशासन ने कितने होटल, मांस की दुकानों और मदिरा शॉप का निरीक्षण किया है। इस संबंध में न तो कोई आधिकारिक प्रेस नोट जारी किया गया है और न ही स्थानीय मीडिया को कार्रवाई की जानकारी उपलब्ध कराई गई है। स्थानीय लोगों और मीडिया से जुड़े लोगों का कहना है कि यदि निरीक्षण अभियान चलाया गया है तो उसकी जानकारी पारदर्शिता के तहत सार्वजनिक की जानी चाहिए। वहीं यदि अब तक कोई अभियान नहीं चला है तो इसके कारणों को भी स्पष्ट किया जाना चाहिए।

### अघोषित बिजली कटौती से भाजपा नेता नाराज

**पड़रिया तुला-खीरी (स्वतंत्र भारत)।** बिजुआ विकास खंड में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती और शटडाउन से परेशान ग्रामीणों की समस्या को लेकर भाजपा नेता एवं समाजसेवी विमल कुमार शनिवार रात बिजुआ विद्युत उपकेंद्र पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से बिजली आपूर्ति की जानकारी ली तथा मेन सप्लाई के दौरान सभी फीडरों को पर्याप्त बिजली देने और अनावश्यक शटडाउन न लेने के निर्देश दिए। विमल कुमार ने कहा कि कुछ कर्मचारियों की लापरवाही की शिकायत मिली है, जिस पर सोमवार को उच्चाधिकारियों से वार्ता की जाएगी। ग्रामीणों ने उनके इस प्रयास का स्वागत करते हुए नियमित बिजली आपूर्ति की मांग की।

### कुंडा तालाब में मगरमच्छ का आतंक

**बिजुआ-खीरी (स्वतंत्र भारत)।** भीरा वनरेंज क्षेत्र के नौसर जोगी गांव स्थित कुंडा तालाब में एक बड़े मगरमच्छ के आतंक से ग्रामीण दहशत में हैं। यह तालाब आबादी के ठीक सामने है, जिससे ग्रामीणों की चिंता बढ़ गई है। पिछले एक हफ्ते में मगरमच्छ ने 2 कुत्ते, 1 बकरी और 8 बत्तखों को अपना शिकार बनाया है। ग्रामीण अख्तर ने बताया कि पिछले लगभग एक हफ्ते में इस मगरमच्छ ने दो कुत्ते, एक बकरी और करीब आठ बत्तखों को अपना निवाला बनाया है। तालाब के किनारे जानवरों के अवशेष मिलने के बाद से ग्रामीणों ने तालाब के पास जाना बंद कर दिया है। ग्रामीण अख्तर, शिवकुमार, गौरव, नितिन और शान मोहम्मद ने बताया कि मगरमच्छ अक्सर तालाब से निकलकर किनारे तक आ जाता है। इस कारण बच्चे और पशु चराने वाले लोग अब डर के मारे उस रास्ते से नहीं गुजरते।

## मोहाना का जलस्तर बढ़ा, ग्रामीणों की चिंताएं बढ़ी

स्वतंत्र भारत

**तिकुनियां-खीरी।** बार्डर पर बह रही मोहाना नदी का जलस्तर बढ़ने से ग्रामीणों को बाढ़ का भय सताने लगा है। सिंचाई विभाग द्वारा नदी को रोकने के लिए करोड़ों की योजनाएं विफल ही सावित हुई है। एक दशक से अधिक समय से सीमा पर विनाशलीला मचाती आ रही मोहाना नदी का जलस्तर बढ़ने से जसनगर के बाशिंदों को बाढ़ का खतरा सताने लगा है। बंधे के उत्तर बसे गांव के संतोष, गोवर्धन, शिव भगवान, राजकुमार, जीवन, रामवृक्ष सहित दर्जनों घरों पर बाढ़ का खतरा मड़रा रहा है। गांव निवासी श्रीकिसन मौर्य, राजीव खत्री, उमराव और रामशरन ने बताया कि नदी की विनाशलीला को देखते हुए ऐसा लग रहा है कि बंधा और रेलवे ट्रैक को भी खतरा हो सकता है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि नेपाल की नदियां सीधे मोहाना में आकर मिलती है जिसके चलते मोहाना भारतीय सीमा में जमकर उत्पात मचाती आ रही है और इसे रोकने के किए गए अभी तक सभी प्रयास सफल नही हुए हैं। मोहाना नदी की विनाशलीला के चलते करीब 14 वर्ष पहले तिकुनियां गांव, सूरतनगर, उमेश नगर, रामनगर संकल्पा, अनूपनगर सहित कई मजरे नदी की कटान के भेंट चढ़ गए थे। सैकड़ो हेक्टेयर भूमि भी नदी में समा चुकी है।

## जलनिकासी की समस्या से जूझ रहे ग्रामीण

**तिकुनिया-खीरी।** ग्राम सभा सुथना बरसोला के ग्रामीण वर्षों से जलभराव की समस्या से परेशान हैं। हल्की बारिश भी गांव में जलभराव की स्थिति पैदा कर देती है, जिससे लोगों का आवागमन प्रभावित होता है। स्कूली बच्चों को गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है और कई बार वे फिसलकर घायल भी हो जाते हैं। ग्रामीण मोहन, रिजवान, ध्रुव और मुन्ना ने बताया कि क्षेत्र पंचायत, जिला पंचायत और लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) द्वारा नालों का निर्माण कराया गया, लेकिन जलनिकासी की समस्या का समाधान नहीं हो सका। कस्बे के मनोज महावर और मोहित छाबड़ा का कहना है कि नालों की तलहटी ऊंची होने के कारण पानी उनमें नहीं पहुंच पाता।

## सड़क हादसे के घायलों को मिलेगी उपचार सुविधा

स्वतंत्र भारत

**पलिया कलां-खीरी।** सड़क दुर्घटना में घायल लोगों के लिए राहत की खबर है। प्रधानमंत्री राहत कोष योजना के तहत अब पलिया कलां स्थित न्यू लाइफ आयुष्मान हॉस्पिटल में भी घायलों के उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। हॉस्पिटल प्रबंधक अजय प्रताप सिंह ने बताया कि यदि घायल के पास आयुष्मान कार्ड नहीं है, तब भी आधार कार्ड के माध्यम से आवश्यक पुलिस सत्यापन के बाद इलाज कराया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि घायल को डायल-112, एंबुलेंस या निजी वाहन से न्यू लाइफ आयुष्मान हॉस्पिटल, पटिहन रोड, डिग्री कॉलेज के निकट लाया जा सकता है। योजना के तहत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति के इलाज के लिए 1.50 लाख रुपये तक की सहायता का प्रावधान है। यह सुविधा एक अगस्त 2026 से अस्पताल में शुरू कर दी गई है। उन्होंने लोगों से अपील की कि दुर्घटना में घायल व्यक्ति को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर समय पर उपचार दिलाएं।

## आत्मनिर्भर बनेंगी थारू महिलाएं

स्वतंत्र भारत

**पलिया कलां-खीरी।** चंदनचौकी क्षेत्र की थारू जनजाति की महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के उद्देश्य से 'थारू पलिया महिला हस्तशिल्प प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड' द्वारा आयोजित 10 दिवसीय हस्तशिल्प प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन ग्राम बलेरा में हुआ। प्रशिक्षण पूरा करने वाली स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी 59 महिलाओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के तहत तथा फाउंडेशन फॉर डेवलपमेंट ऑफ रूरल वैल्यू चेन के मार्गदर्शन में संचालित यह कार्यक्रम जनजातीय महिलाओं को हस्तशिल्प के माध्यम से रोजगार से जोड़ने का प्रयास है। कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आशुतोष कुमार ने बताया कि अब तक चंदनचौकी क्षेत्र के चार गांवों में लगभग 300 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की दक्षता के अनुरूप उन्हें उन्नत प्रशिक्षण देकर और अधिक



सक्षम बनाया जाएगा। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी मुस्कान जायसवाल, स्पोक मैनेजर वीरू कुमार, बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स कलिया देवी, रजनी देवी, रेशमा देवी सहित सभी प्रतिभागी महिलाएं मौजूद रहीं।

## खेत से सिंचाई इंजन चोरी, पुलिस को तहरीर

**पड़रिया तुला-खीरी (स्वतंत्र भारत)।** भीरा थाना क्षेत्र के मलूकापुर में चोरों ने एक खेत से सिंचाई इंजन चुरा लिया। यह घटना बीती रात करीब 2 बजे हुई, जब अज्ञात चोर पानी की टंकी के पास लगे इंजन को ले गए। पीड़ित किसान राधेश्याम पुत्र मोगरे निवासी मलूकापुर ने बताया कि उनका खेत पानी की टंकी के पास ही है। वह धान की फसल की सिंचाई के लिए इंजन खेत में लगाकर टंकी पर सो रहे थे। पीड़ित किसान ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

## विधायक प्रतिनिधि की माता का निधन

**फत्तेपुर-खीरी (स्वतंत्र भारत)।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष एवं कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू के प्रतिनिधि शमशाद अली की 85 वर्षीय माता खातून का शनिवार रात निधन हो गया। उनके निधन से परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। उनका अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव चुरईपुरवा, ग्राम पंचायत भिरांवाग्रांट में किया गया। अंतिम जनाजे में पूर्व सांसद जुगुल किशोर, कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता, ग्राम प्रधान और क्षेत्रीय लोग शामिल हुए।

## एसडीएम व सीओ ने किया घाट का निरीक्षण

**पलिया कलां-खीरी (स्वतंत्र भारत)।** श्रावण मास के मद्देनजर रविवार को उप जिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी ने शारदा नदी घाट का निरीक्षण कर सुरक्षा, साफ-सफाई और श्रद्धालुओं की सुविधाओं का जायजा लेने के साथ अधिकारियों ने संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए।

## कटान के बीच बचाव कार्य शुरू

**स्वतंत्र भारत, धौरहरा-खीरी।** तहसील क्षेत्र के जालिमनगर पुल के समीप बह रही घाघरा नदी ने शिव मंदिर के पास तेज कटान शुरू कर दिया है। स्थिति को देखते हुए बाढ़ खंड ने नदी तट पर कटान रोधी



कार्य युद्ध स्तर पर शुरू कर दिया है। हर वर्ष लाखों कांवड़िये और श्रद्धालु यहां से जल भरकर गोला गोकर्णनाथ की छोटी काशी सहित आसपास के शिव मंदिरों में जलाभिषेक करते हैं। इस बार नदी में तेज बहाव और कटान के कारण प्रशासन ने नदी में स्नान और जल भरने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। पुलिस लगातार गश्त कर श्रद्धालुओं को नदी के किनारे न जाने की सलाह दे रही है। क्षेत्राधिकारी धौरहरा शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि कांवड़ यात्रा की सुरक्षा के लिए धौरहरा और ईसानगर पुलिस की पर्याप्त फोर्स तैनात है तथा यात्रा मार्ग पर रूट डायवर्जन भी लागू किया गया है। एसडीएम धौरहरा राशि कृष्णा ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और उन्हें किसी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जाएगी। प्रशासन का कहना है कि जनहानि रोकने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है।

## स्वास्थ्य मेले का लिया जायजा

**स्वतंत्र भारत, ओयल-खीरी।** स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से रविवार को सीएचसी अधीक्षक डॉ. अनिल वर्मा ने ओयल स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और मरीजों से फीडबैक भी लिया। निरीक्षण के समय स्वास्थ्य मेले में काफी



संख्या में मरीज उपचार के लिए पहुंचे थे। अधीक्षक ने दवा वितरण काउंटर, जांच कक्ष का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने स्टाफ को निर्देश दिए कि सभी मरीजों का इलाज समय से किया जाए। दवाओं की उपलब्धता और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने को कहा। 112 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवा वितरित की गई। साथ ही 25 जांचें भी की गईं। इनमें हीमोग्लोबिन, मलेरिया और डेंगू की जांच प्रमुख रूप से शामिल रहीं। इस दौरान पीएचसी प्रभारी डॉ. जेड. ए. खान, चिकित्सक डॉ. आलोक शुक्ला, फार्मासिस्ट डॉ जितेन्द्र कुमार वर्मा, स्टाफ नर्स अवन्तिका, रजनी समेत स्टाफ मौजूद रहा।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## फिर आतंक

जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी घटनाएं नई बात नहीं हैं। इनके उन्मूलन के लिए सेना एवं अन्य सुरक्षा बल लगातार सघन अभियान चलाते रहते हैं। परिणामस्वरूप कई दिनों तक शांति भी बनी रहती है। लेकिन इसी शांति के बीच फिर हत्या की वारदात फिर पुराने दिनों जैसे हालात पैदा कर देती है। इसका ताजा उदाहरण शनिवार को कुलगाम में हुई दुखद घटना है जिसमें आतंकवादियों ने धर्म पूछ कर दो मजदूरों की हत्या कर दी। कुछ ही दिनों पहले अनंतनाग के लाल चौक क्षेत्र में अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मियों पर आतंकवादियों ने फायरिंग कर दी जिसमें एक पुलिसकर्मी शहीद हो गया। इन घटनाओं से साफ है कि राज्य में आतंकवादियों की सक्रियता अभी भी बनी हुई है। उनको केवल मौके का इंतजार रहता है। ये सही है कि पहलगाम हमले के बाद सुरक्षा प्रबंध बेहद कड़े कर दिए गए थे जिनका असर यह रहा कि लंबे समय तक कोई वारदात होने का मौका नहीं आया। लेकिन अब यह भी साफ है कि इस अतंराल का इस्तेमाल आतंकियों ने नए सिरे से अपनी तैयारियां करने में किया। सुरक्षा इंतजामों में अपने लिए मौके तलाशे और मौका मिलते ही घटना को अंजाम दे दिया। इस मामले में अब यह बात उभर कर सामने आई है कि आतंकवाद के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने और कई स्तरों पर सख्ती बरते जाने के बाद आतंकी अब घात लगाकर छोटे हमले करने लगे हैं। यह सुरक्षाबलों को निशाना बनाकर राज्य में डर का माहौल बनाए रखने की कोशिश है। यह आतंकियों की नई रणनीति है। इसका सामना करने के लिए जरूरी है कि सुरक्षाबल नए तौर-तरीकों को अपनाएं। इसके लिए उन्हें राज्य में अपनी मौजूदगी को और विस्तार देना होगा। यह भी सुनिश्चित करना होगा कि किसी आतंकी हमले का मौके पर ही करारा जवाब दिया जाए। एक बात यह भी है कि आतंकी लंबा समय बीतने के बाद अपने पुराने हथकंडे अपनाते हैं। इनका विस्तृत अध्ययन कर इन्हें रोकने के लिए सख्त और सतर्क कदम उठाए जाने जरूरी हैं। इसके अलावा सीमापार स्थित ठिकानों से अपनी गतिविधियां चलाने वाले आतंकी संगठनों के खिलाफ न केवल देश के भीतर मोर्चाबंदी आवश्यक है बल्कि स्थानीय स्तर पर कुछ बहके लोगों, खासकर युवाओं को उनकी मदद करने के रास्ते से हटाकर सही राह पर लाने की जरूरत है। ये तथ्य कई बार साबित हो चुका है कि आतंकियों के आका पाकिस्तान का केवल एक ही मकसद कश्मीर को अशांत बनाए रखना है।

## तकनीक का फायदा

ठगी, जालसाजी और फर्जीवाड़े के लिए तकनीक के इस्तेमाल की घटनाएं सामने जरूर आ रही हैं लेकिन इससे इसके फायदे कम नहीं हो जाते। भारत जैसे विशाल देश में व्यवस्था को सुचारु बनाने में इसका अपना महत्व है। केंद्र सरकार के उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय की रिपोर्ट से पता चला है कि उत्तर प्रदेश में करीब अड़तीस लाख अपात्र लोग गलत तरीके से राशन ले रहे हैं। इस गोलमाल की जानकारी विभागीय ऐप के जरिए आधार कार्ड लिंक की पड़ताल में सामने आई है। यह सफलता तकनीक की मदद से ही संभव हो पाई। नतीजा यह है कि अब प्रदेश सरकार ऐसे अपात्र राशन कार्डधारकों की छानबीन में जुटी है ताकि उनके राशन कार्ड निरस्त किए जा सकें। यह विभागीय ऐप राशन कार्डधारकों की एक क्लिक में पहचान कर ले रहा है। आधार के बैंक खाते या पैन कार्ड से लिंक होने के कारण विभिन्न सेवाओं के ऑनलाइन होने से ऐसे अपात्रों की पहचान आसान हो गई है। यही नहीं, छोटी-मोटी गलतियों को भी ऐप आसानी से पकड़ ले रहा है। तकनीक के इसी लाभ के कारण जब प्रदेश सरकार की ओर से केंद्र द्वारा चिन्हित सभी करीब सत्तावन हजार अपात्र राशन कार्डों का भौतिक सत्यापन कराया गया तो पोर्टल पर करीब अड़तीस लाख लाभार्थियों को अपात्र अंकित किया गया। इनमें करीब साढ़े पैंतीस लाख लाभार्थियों का डाटा ही निरस्त कर दिया गया। स्पष्ट है कि इतनी बड़ी संख्या में अपात्र लोग सरकार की कल्याण योजना का अनुचित ढंग से लाभ उठा रहे थे जबकि इससे अन्य जरूरतमंदों को फायदा मिल सकता था। ये योजना का खुला दुरुपयोग तथा शासन की नेक मंशा का गलत ढंग से फायदा उठाने का मामला था। यह खुलासा एक चेतावनी भरी घंटी की तरह है। कल्याण योजनाओं के संचालन से जुड़े अन्य विभागों को भी इससे सबक लेकर अपने कार्यक्रमों की एहतियातन जांच करानी चाहिए ताकि उनमें कोई गड़बड़ी-अनियमितता हो रही हो तो वह सामने आ सके और पात्र लोग ही लाभान्वित हों। तकनीक का प्रयोग होने से दूध का दूध पानी का पानी तो होगा ही, सरकार की छवि भी निखरेगी।

## काँव-काँव

♦♦♦

**सनातन के अपमान का आरोप राहुल, पप्पू और अवधेश पर वाराणसी में एफआईआर**
चोरी का विरोध सनातन का सम्मान है!

**तिरंगे के सहारे बूथ साधेगी भाजपा**
लेकिन डंडों के सहारे यूथ नहीं सध पाएगा!

**बेटियों ने दिखाया दुनिया को मुक्कों का दम**
प्रधानमंत्री वीडियो संदेश से बेटियों को बधाई देने में देर नहीं करेंगे!


**ट्रंप ने फिर बड़े हमले का आदेश दिया**
भारत में नीला ड्रम और दुनिया में ट्रंप की दहशत कम नहीं हो रही!

**गोवंश ने मासूम को जमीन पर पटका, लोगों ने बचाया**
गोवंश को भी बचाना है और मासूम को भी!

**जिंदा विधवा, मृत रिकार्ड... तहसील में तकरार**
तकरार जिन्दा रहने का सुबूत है!

♦♦♦

# बंद करो राष्ट्रवाद का प्रमाण पत्र



-तनवीर जाफ़री

दिल्ली के जंतर-मंतर पर पिछले दिनों नीट पेपर लीक मामले के ख़िलाफ़ 36 दिनों तक चला छात्र आंदोलन शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफ़े के बाद समाप्त हुआ। इस आंदोलन के राष्ट्रव्यापी होने से पहले ही सरकार ने आंदोलनकारियों की मुख्य मांगें स्वीकार करते हुये यह साबित कर दिया कि यदि छात्र व युवा संगठित हों और उनकी मांगें भी जायज़ हों तो बहुमत वाली सरकार को भी झुकाया जा सकता है और 'हमारी सरकार में इस्तीफ़े नहीं होते' जैसे सत्ता के अहंकारी मिथक को तोड़ा जा सकता है। परन्तु इस आंदोलन के दौरान और आंदोलन समाप्त होने के बाद भी मीडिया से लेकर सत्ता समर्थक नेताओं व तथाकथित सेलेब्रिटीज़ द्वारा आंदोलनकारी युवाओं के प्रति अत्यंत अभद्र व आपत्तिजनक भाषाओं का इस्तेमाल किया जाता रहा। निश्चित रूप से लगभग नेतृत्वविहीन से समझे जाने वाले इस आंदोलन में कुछ छात्र छात्राएं ऐसे भी थे जिन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से कई ऐसी अभद्र बातें कीं जिन्हें शिक्षित छात्रों की भाषा क़तई नहीं कहा जा सकता। कुछ युवाओं द्वारा तो प्रधानमंत्री मोदी व उनकी दिवंगत माताजी के विरुद्ध आपत्तिजनक व अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया गया। हालांकि नरेंद्र मोदी ने एक वीडिओ जारी कर उन्हें मुआफ़ भी कर दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि 'कभी-कभी ग़ल्ती से दांतों के बीच जीभ आ जाती है और ख़ून निकल आता है, लेकिन हम दांत नहीं तोड़ते क्योंकि दांत और जीभ दोनों हमारे अपने हैं।' परन्तु यह भी सच है कि गिनती के ऐसे युवाओं की गाली गलौज वाली भाषा के आधार पर पूरे आंदोलन,उसके विचारों व उसकी आत्मा का गला भी नहीं घोंटा जा सकता। उनके बहाने समस्त आंदोलनकारी युवाओं को अपमानित नहीं किया जा सकता। परन्तु ऐसा ही किया जा रहा है।


भाजपा सांसद व अभिनेत्री कंगना रानावत जिन्होंने स्वयं अपने एक साक्षात्कार में अपने ही अतीत को लेकर कुछ ऐसे रहस्योद्घाटन किये थे जिन्हें सुनकर किसी भी व्यक्ति का सिर शर्म से झुक जाये,वही कंगना, छात्र आंदोलन में शामिल युवाओं के ख़िलाफ़ पहले तो अपने सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर और बाद में संसद परिसर में मीडिया के सामने बेहद आपत्तिजनक बयान देती हैं? वे आंदोलनकारी छात्रों को 'गटर जनरेशन' और 'गटर छाप' 'गंदगी' और 'बदसूरत' कहकर संबोधित करती हैं। वे कहती हैं कि जंतर-मंतर आंदोलन के वायरल वीडियो को देखकर उन्हें 'उबकाई' आती है। वे इस पूरे प्रदर्शन को 'कचरा तथा भद्देपन का प्रदर्शन' बताती हैं। वे कहती हैं कि प्रदर्शन करने वाले युवाओं को नीट का फ़ुल फ़ॉर्म भी नहीं पता होगा। गोया कंगना युवाओं की वैध नाराज़गी को समझने के बजाय चंद बेहूदगी दिखाने वाले छात्रों को सम्बोधित करने के बजाये उन्हीं की आड़ में पूरे आंदोलन व आंदोलनकारी युवाओं का तिरस्कार कर उन्हें नीचा दिखाने की कोशिश करती हैं।

आंदोलनकारी युवाओं को अपमानित करने उन्हें धमकाने व नीचा दिखाने की ऐसी ही कोशिश टी. जी. मोहनदास नामक एक ऐसे व्यक्ति द्वारा की गयी जो राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से जुड़ा केरल का एक प्रमुख दक्षिणपंथी राजनीतिक विश्लेषक, हिंदुत्व विचारक और भारतीय जनता पार्टी का राज्य बौद्धिक सेल का पूर्व प्रमुख है। इस व्यक्ति ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों के ख़िलाफ़ अपने यूट्यूब चैनल 'पत्रिका' पर एक अत्यंत आपत्तिजनक,विवादित और हिंसक बयान दिया था। इस ने अपने वीडियो में प्रदर्शनकारियों को निशाना बनाते हुए कहा कि ÷अगर मैं ज़िम्मेदार (अधिकार) में होता, तो जंतर-मंतर के चार वर्ग किलोमीटर के इलाक़े में कर्फ़्यू लगा देता। मैं लोगों से तीन बार वहां से हटने के लिए कहता और इसके बाद सीधे गोली चलवा देता। कुछ लोग भाग जाते, कुछ मर जाते, कुछ बच जाते और चार घंटे के भीतर स्थिति शांत हो जाती। इसी तरह उसने प्रदर्शन में शामिल छात्राओं व महिलाओं के ख़िलाफ़ भी बेहद शर्मनाक टिप्पणी करते हुए कहा कि ÷प्रदर्शनकारियों में ऐसी महिलाएं शामिल हैं जिन्हें बलात्कार पसंद है÷ उसने वामपंथी महिलाओं को निशाना बनाकर कई अभद्र बातें कहीं। उसने प्रदर्शनकारी छात्रों पर पुलिस बल प्रयोग और उन्हें पीटने का भी समर्थन किया। देश भर में भारी राजनीतिक और सामाजिक आक्रोश देखने के बाद केरल की तिरुवनंतपुरम साइबर पुलिस ने उसके ख़िलाफ़ भारतीय न्याय संहिता की धारा 192 (दंगा भड़काने का इरादा) और 353(1)(b) (सार्वजनिक शांति भंग करना), आईटी एक्ट और केरल पुलिस एक्ट की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया। उधर विवाद बढ़ने पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने आधिकारिक तौर पर उसके बयानों से यह कहकर दूरी बना ली कि 'यह मोहनदास के 'निजी विचार' हैं और संगठन इनकी कड़ी निंदा करता है'। विवादों से बचने के लिये भले ही संघ ऐसे व्यक्ति से दूरी क्यों न बनाये परन्तु इसतरह के ज़हरीले विचार कहाँ से आये कहाँ पनपे और किन संस्कारों में फले फूले इस बात से संघ अपने को नहीं बचा सकता।




इसी तरह गोदी मीडिया के कई चैनल्स सत्ता के कई प्रवक्ता व सत्ता समर्थक लोगों द्वारा आंदोलन पर वामपंथी,पकिस्तान समर्थक,चीन द्वारा फ़ंडिंग प्राप्त यहाँ तक कि भूख हड़ताल पर बैठे सोनम वांगचुक तक को चीनी एजेंट बताने की कोशिश की गयी। यह वही जाना पहचाना पैटर्न था जोकि विवादित कृषि क़ानूनों के विरुद्ध हुये किसान आंदोलन के समय भी सत्ता पक्ष व उसके समर्थकों की ओर से देखा गया था। परन्तु जिस तरह किसान आंदोलन को ख़ालिस्तान समर्थक आंदोलन प्रचारित करने के बावजूद सरकार को किसानों के सामने घुटने टेकते हुये तीनों विवादित कृषि क़ानूनों वापस लेने पड़े थे ठीक उसी तरह युवाओं ने भी पिछले दिनों शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का त्यागपत्र लेने के बाद ही अपना आंदोलन समाप्त किया। गोया यहाँ भी सरकार को आंदोलन के सामने घुटने टेकने पड़े। सवाल उन सत्ता समर्थक मीडिया,नेताओं व चाटुकारों से है कि क्या स्वयं को मज़बूत बताने वाली सरकार ने शिक्षा मंत्री का इस्तीफ़ा लेकर एक बार फिर पाकिस्तानी,चीनी व राष्ट्रविरोधी मंसूबों पर चलने वाले छात्र आंदोलन के सामने समर्पण कर दिया ? संघ विचारक जिन्हें गोली मारने व बलात्कार का पात्र मानते हों, सांसद कंगना रानौत जिन्हें गटर, बदबूदार, उबकाई भरा, बदसूरत और न जाने क्या क्या बताती हो, क्या सरकार ने ऐसे लोगों के सामने घुटने टेक दिये? और क्या यह सरकार किसान आंदोलन के समय भी खालिस्तानी इरादों के सामने इसी तरह नतमस्तक हो गयी थी ? सत्ता से जुड़े लोगों,समर्थकों और सत्ता की चाटुकारिता को ही देशभक्ति समझने वालों को राष्ट्रवाद का प्रमाण पत्र बांटना बंद कर देना चाहिये अन्यथा जब जब सरकार आंदोलनकारियों के सामने नतमस्तक होगी तब तब यह सवाल भी पूछे जाते रहेंगे।

## ।। यथार्थ गीता ।।



स्वामी अड़गड़ानंद

### अथ पञ्चदशोऽध्यायः

(गतांक से आगे

यहाँ कहते हैं-मैं भी वेदवित् हूँ। उन वेदविदों में अपनी भी गणना करते हैं। अतः श्रीकृष्ण भी यहाँ वेदवित् पुरुषोत्तम हैं, जिसे पाने का अधिकार मानवमात्र को है।

अन्त में उन्होंने बताया कि लोक में दो प्रकार के पुरुष हैं। भूतादिकों के सम्पूर्ण शरीर क्षर हैं। मन की कूटस्थ अवस्था में यही पुरुष अक्षर है; किन्तु है द्वन्द्वात्मक और इससे भी परे जो परमात्मा, परमेश्वर, अव्यक्त और अविनाशी कहा जाता है, वह वस्तुतः अन्य ही है। यह क्षर और अक्षर से परेवाली अवस्था है, यही परमस्थिति है। इससे संगत करते हुए कहते हैं कि मैं भी क्षर-अक्षर से परे वही हूँ, इसलिये लोग मुझे पुरुषोत्तम कहते हैं। इस प्रकार उत्तम पुरुष को जो जानते हैं वे ज्ञानी भक्तजन सदैव, सब ओर से मुझे ही भजते हैं। उनकी जानकारी में अन्तर नहीं है। अर्जुन ! यह अत्यन्त गोपनीय रहस्य मैंने तेरे प्रति कहा। प्राप्तिवाले महापुरुष सबके सामने नहीं कहते; किन्तु अधिकारी से दुराव भी नहीं रखते। अगर दुराव करेंगे तो वह पायेगा कैसे? इस अध्याय में आत्मा की तीन स्थितियों का चित्रण क्षर, अक्षर और अति उत्तम पुरुष के रूप में स्पष्ट किया गया, जैसा इससे पहले किसी अन्य अध्याय में नहीं है। अतः- तत्सदिति श्रीमद्भगवद्गीतासूपनिषत्सु ब्रह्मविद्यायां योगशास्त्रे श्रीकृष्णार्जुनसम्वादे 'पुरुषोत्तमयोगो' नाम पञ्चदशोऽध्यायः ।।15।। इस प्रकार श्रीमद्भगवद् गीतारूपी उपनिषद् एवं ब्रह्मविद्या तथा योगशास्त्र विषयक श्रीकृष्ण और अर्जुन के सम्वाद में 'पुरुषोत्तम योग' नामक पन्द्रहवाँ अध्याय पूर्ण होता है। इति श्रीमत्परमहंसपरमानन्दस्य शिष्य स्वामीअड़गड़ानन्दकृते श्रीमद्भगवद्गीतायाः 'यथार्थ गीता' भाष्ये 'पुरुषोत्तमयोगो' नाम पञ्चदशोऽध्यायः ।।15।।

इस प्रकार श्रीमत् परमहंस परमानन्दजी के शिष्य स्वामी अड़गड़ानन्दकृत 'श्रीमद्भगवद्गीता' के भाष्य 'यथार्थ गीता' में 'पुरुषोत्तम योग' नामक पन्द्रहवाँ अध्याय पूर्ण होता है।

।। हरिः ॐ तत्सत् ।।

क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**धन्या द्विजमयी नौका विपरीता भवार्णवे।**
**तरन्त्यधोगताः सर्वे उपरिष्ठाः पतन्त्यधः।**

इस संसार में ब्राह्मणरूपी नौका-अर्थात् ब्राह्मणों के सहारे अपने उद्धार की कामना करने वालों-की बड़ी विचित्र स्थिति है। इस संसार में नीचे गये हुए (ब्राह्मणों के सामने विनम्र)तो तर जाते हैं, परन्तु जो ऊपर बैठे रहते हैं (गर्वित रहते हैं), उनका कभी उद्धार नहीं होता।

♦♦♦

# कोविड का लौटता साया : आपकी इम्युनिटी ही आपका असली बचाव



डॉ. के. सुधा राव

विभिन्न क्षेत्रों में कोविड-19 के मामले पुनः सामने आ रहे हैं। ऐसे समय में एक चिकित्सा विशेषज्ञ बता रही हैं कि हमारी रक्षा प्रणाली कैसे कार्य करती है, स्वास्थ्य से जुड़े भ्रमों का निवारण करती है, और दीर्घकालिक सुरक्षा के लिए प्रभावी उपाय प्रस्तुत करती है। हैदराबाद, केरल और उत्तर प्रदेश में कोविड-19 के मामले दोबारा सामने आने का समाचार पढ़ते ही मेरा मन महामारी के उन विकट दिनों में लौट गया, और वे दृश्य किसी चलचित्र की भांति सामने घूमने लगे। उस समय जो एक शब्द मेरे भीतर गहराई से गूंजा, वह था, 'रोग प्रतिरोधक क्षमता' (इम्यूनिटी)। मैंने इस बात पर विचार किया कि व्यक्तिगत और सामूहिक रोग प्रतिरोधक क्षमता कैसे विकसित होती है, इस आशा के साथ कि वैसा संकट फिर कभी न आए। लगभग प्रत्येक व्यक्ति ने अपने किसी पारिवारिक सदस्य, मित्र या प्रियजन को खोया है, और वह पीड़ा आज भी बनी हुई है। आज भी अनेक लोग हृदय और अन्य महत्वपूर्ण अंगों को प्रभावित करने वाली कोविड-उत्तर (पोस्ट-कोविड) जटिलताओं से जूझ रहे हैं।

**रोग प्रतिरोधक क्षमता क्या है?**

रोग प्रतिरोधक क्षमता शरीर की वह जन्मजात एवं अर्जित योग्यता है, जिसके द्वारा वह विषाणु (वायरस), जीवाणु (बैक्टीरिया) और अन्य बाह्य सूक्ष्मजीवों सहित हानिकारक रोगजनकों का विरोध करता है और स्वयं की रक्षा करता है। इसे मुख्य रूप से तीन प्रकारों में वर्गीकृत किया गया है - पहला, जन्मजात प्रतिरोधक क्षमता (इननेट इम्यूनिटी)- यह वह प्राकृतिक सुरक्षा प्रणाली है जिसके साथ हम जन्म लेते हैं। यह त्वचा, आंसू और पेट के अम्ल (एसिड) जैसे शारीरिक और रासायनिक अवरोधों के माध्यम से सुरक्षा की पहली पंक्ति के रूप में कार्य करती है। यह बाह्य आक्रमणकारियों को रोकने के लिए तुरंत कार्य करती है, यद्यपि इसका दायरा सामान्य होता है। दूसरा अर्जित / सक्रिय प्रतिरोधक क्षमता (एडॉप्टिव / एक्टिव इम्यूनिटी)- यह वह विशेष सुरक्षा प्रणाली है जिसे हमारा शरीर समय के साथ विकसित करता है। जब शरीर किसी रोगजनक या टीके के संपर्क में आता है, तो प्रतिरक्षा प्रणाली उन जीवों को लक्षित करने के लिए विशेष प्रतिरक्षी (एंटीबॉडी) का निर्माण करती है, जिससे भविष्य में संपर्क होने पर तीव्र और अधिक प्रभावी प्रतिक्रिया मिलती है। सक्रिय प्रतिरोधक क्षमता दीर्घकालिक और प्रायः जीवनभर रहने वाली होती है। तीसरा, निष्क्रिय प्रतिरोधक क्षमता (पैसिव इम्यूनिटी)- यह बाहरी स्रोत से प्राप्त अल्पकालिक सुरक्षा है। उदाहरण के लिए, नवजात शिशु को गर्भनाल और स्तनपान के माध्यम से माता से एंटीबॉडी प्राप्त होते हैं। इसके अतिरिक्त, तत्काल सुरक्षा के लिए एंटीबॉडी युक्त रक्त उत्पादों (जैसे इम्युनोग्लोबुलिन) के माध्यम से भी निष्क्रिय प्रतिरोधक क्षमता दी जा सकती है। यद्यपि यह तुरंत कार्य करती है, परंतु इसकी सुरक्षा केवल कुछ सप्ताहों से महीनों तक ही रहती है।

हमारे शरीर की रक्षा प्रणाली अंगों, ऊतकों और विशेष कोशिकाओं के एक जटिल और परस्पर जुड़े नेटवर्क पर निर्भर करती है जो निरंतर मिलकर कार्य करते हैं-

लसीका ग्रंथियां और लसीका वाहिकाएं (लिम्फ नोड्स)- लसीका द्रव को छानती हैं और बाहरी आक्रमणकारियों को फंसाती हैं।

अस्थि मज्जा (बोन मैरो)- रक्त कोशिकाओं, विशेष रूप से श्वेत रक्त कोशिकाओं के उत्पादन का प्राथमिक स्थान।

थाइमस और प्लीहा (स्पलीन)- प्रतिरक्षा कोशिकाओं के परिपक्व होने और रक्त को छानने के लिए आवश्यक अंग।

टॉन्सिल, एडेनोइड्स, पेयर्ज़ पैच और अपेंडिक्स- शरीर में प्रवेश के मार्गों की रक्षा करने वाले मुख्य श्लेष्मा (म्यूकोसल) प्रहरी।

श्वेत रक्त कोशिकाएं (डब्ल्यू.बी.सी.) -पहली पंक्ति के कोशिकीय सैनिक जो रोगजनकों की पहचान करते हैं और उन्हें नष्ट करते हैं। इन अंगों का स्वास्थ्य बनाए रखना प्रतिरोधक क्षमता के स्तर को ऊंचा रखने के लिए अत्यंत आवश्यक है। इन अंगों को प्रभावित करने वाली कोई भी अंतर्निहित बीमारी या पुरानी स्थिति शरीर की रक्षा क्षमता को सीधे तौर पर कमजोर करती है।

**प्रतिरक्षा प्रणाली की खराबी के 16 चेतावनी संकेत**

प्रतिरक्षा प्रणाली के असंतुलन के शुरुआती संकेतों पहचानकर समय पर चिकित्सीय परामर्श और उपचार लिया जा सकता है-

1. एलर्जी संबंधी स्थितियां- दमा (अस्थमा), एक्जिमा, या त्वचा की बार-बार होने वाली अत्यधिक संवेदनशीलता। 2.ऑटोइम्यून विकार- संधिवात (रूमेटाइड अर्थराइटिस), टाइप 1 मधुमेह, सीलिएक रोग, मल्टीपल स्केलेरोसिस, या सोरायसिस। 3. रेनाउड रोग / ठंडे हाथ-पैर- सीमित परिधीय रक्त प्रवाह के कारण हाथों या पैरों का अत्यधिक ठंडा होना। 4. निरंतर पाचन संबंधी समस्याएं- दीर्घकालिक अतिसार (दस्त), कब्ज, या आंत के सूक्ष्मजीवों का असंतुलन। 5. शुष्क आंखें और पुरानी थकान- शुष्क श्लेष्मा झिल्ली के साथ अकारण अत्यधिक थकान। 6. बार-बार हल्का बुखार होना- बार-बार हल्का बुखार या अकारण सिरदर्द होना। 7. त्वचा पर चकत्ते और धूप के प्रति संवेदनशीलता- त्वचा पर अकारण दाने या धूप के प्रति असामान्य संवेदनशीलता। 8. जोड़ों में लगातार दर्द -बिना किसी चोट के मांसपेशियों में दर्द और जोड़ों में सूजन। 9. त्वचा का रंग उड़ना / बालों का झड़ना- एलोपेसिया (चकत्ते में बाल झड़ना) या विटिलिगो (त्वचा पर सफेद दाग)। 10. बार-बार संक्रमण होना- बार-बार सर्दी-जुकाम होना, साइनस का संक्रमण, या घावों का धीरे-धीरे भरना। 11. तंत्रिका संवेदनाएं- हाथों और पैरों में लगातार झुनझुनी या सुन्नता महसूस होना। 12. निगलने में कठिनाई (डिस्फेजिया)- भोजन या तरल पदार्थ निगलते समय दर्द या कठिनाई होना। 13. वजन में अकारण बदलाव- आहार में बदलाव किए बिना तेजी से वजन घटना या बढ़ना। 14. पीलिया (जॉन्डिस)- यकृत (लिवर) या लाल रक्त कोशिकाओं की समस्याओं के कारण आंखों या त्वचा का पीला पड़ना। 15. उच्च सूजन दर (इन्फ्लेमेशन)- रक्त जांच में उच्च सूजन संकेतक (सी.आर.पी./ ई.एस.आर.)। 16. अंगों की कार्यक्षमता में कमी-लसीका, प्लीहा या श्लेष्मा ऊतकों की कार्यप्रणाली का कमजोर पढ़ना।

**रोग प्रतिरोधक क्षमता से जुड़े 6 सामान्य भ्रम**- प्रतिरोधक क्षमता के विषय में भ्रामक जानकारी गलत स्वास्थ्य विकल्पों और सुरक्षा के झूठे अहसास की ओर ले जा सकती है। चिकित्सा दृष्टिकोण से मुख्य भ्रमों की सत्यता इस प्रकार है- भ्रम 1- पूरक आहार (सप्लीमेंट्स) लेने से तुरंत रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ जाती है।

सत्य- पोषक पूरक आहार पोषण की कमी को पूरा करते हैं, परंतु वे कोई जादुई गोली नहीं हैं। ताजे फल, सब्जियों और साबुत अनाज से युक्त संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और पर्याप्त नींद कहीं अधिक प्रभावी हैं।

## प्रेरक प्रसंग

### मातृ-भक्ति

भारतीय जन-समुदाय चाणक्य के नाम को भलीभांति जानते हैं। वह बड़े कठोर राजनीतिज्ञ थे। लोकनीति के आचार्य थे। उनकी मां की इच्छा थी कि वह संसार के बहुत बड़े आदमी बनें और इसके लिए वह उन्हें नसीहत देती रहती थी।

एक दिन चाणक्य के घर कोई ज्योतिषी आय। चाणक्य कहीं बाहर गये थे। मां ने ज्योतिषी को अपने पुत्र की जन्मपत्री दिखाई और उनके भविष्य के बारे में पूछा। ज्योतिषी ने जन्मपत्री देखकर कहा, मां, तेरे पुत्र के ग्रह बड़े ही प्रबल हैं। आजतक ऐसी जन्मपत्री मेरे देखने में नहीं आई। तेरा बेटा एक दिन चक्रवर्ती सम्राट बनेगा। यदि मेरी बात का विश्वास न हो तो देख लेना, उसके सामने के दांत पर नागराज का निशान है।

ज्योतिषी की यह भविष्यवाणी सुनकर मां अवाक रह गई। वह अपने बेटे को बेहद प्यार करती थी और हर घड़ी अपने पास रखना चाहती थी, चक्रवर्ती सम्राट होने पर तो वह उससे बिछुड़ जायगा! राजकाज में इतना लीन हो जायगा कि उसे मेरा ध्यान ही नहीं रहेगा! अपनी बात कहकर ज्योतिषी तो चला गया, पर मां सोच में पड़ गई। हाय, आगे क्या होगा ?

थोड़ी देर में चाणक्य लौटे तो मां को उदास पाया। बोले, मां क्या बात है ?

मां ने उन्हें सारी बात बता दी और अंत में अवरुद्ध कण्ठ से कहा, मैं जानती हूं, तू चकवर्ती सम्राट बनकर मुझे भूल जायगा। बेटा, मेरे लिए तेरे पास समय ही कहां रहेगा ?

चाणक्य विचलित हो गये। बोले, मां, ऐसा नहीं होगा। पर तुम कैसे कहती हो कि मैं चक्रवर्ती सम्राट बनूंगा। मां ने कहा, देख, तेरे सामने के दांत पर नाग का चिन्ह है।

चाणक्य ने आइने में देखा तो मां की बात सही थी। इसके बाद उन्होंने जो किया, उसकी कोई कल्पना भी नहीं कर सकता था। एकान्त में जाकर पत्थर से उस दांत को निकाल दिया। फिर मां के सामने उसे रखते हुए बोले, यह ले मां, तेरे सामने मेरे लिए चक्रवर्ती सम्राट के पद का कोई मूल्य नहीं है।

## आपका पत्र मिला

### लोकतांत्रिक पहल का नया दरवाजा खुला

अवसरहीनता से जूझ रही नई पीढ़ी 'अतीत के गौरव की वापसी', 'विकसित भारत', या 'विश्व गुरु' जैसी कहानियों से प्रभावित नहीं है। वह मोदी सरकार से उसके 12 साल के कार्यकाल का हिसाब मांग रही है। एक मंत्री को इस्तीफा देने पर मजबूर करने की कॉकरोच आंदोलन की सफलता से जनमत के एक हिस्से में 'लोकतंत्र के जिंदा होने' का बना अहसास यही बताता है कि हालिया वर्षों में 'लोकतंत्र की स्थिति' लेकर इस दायरे में कितनी मायूसी छायी रही है। यह भावना जवाबदेही तय करने वाली संस्थाओं के पंगु होने और लोकतांत्रिक अधिकारों के सिकुड़ते जाने की धारणा से पैदा हुई है। कॉकरोच आंदोलन दरअसल, इन सबसे ही गहराती हताशा एवं बढ़ते आक्रोश की सामूहिक अभिव्यक्ति का जरिया बना। इस दौरान दिखी खासकर युवा वर्ग की उत्साही भागीदारी एवं जोश भरी प्रतिक्रियाओं ने कुछ ठोस संकेत दिए। मसलन, यह कि हवाई कथानकों के जरिए जमीनी नाकामियों को छिपाने में सत्ता पक्ष को मिली कामयाबियों का दौर अब ठहर चुका है। अवसरहीनता और अंधकारमय भविष्य से जूझ रही नई पीढ़ी 'अतीत के गौरव की वापसी', 'विकसित भारत', या 'विश्व गुरु' जैसी कहानियों से प्रभावित नहीं है। वह नरेंद्र मोदी सरकार से उसके 12 साल के कार्यकाल का हिसाब मांग रही है। इस अर्थ में कहा जा सकता है कि नैरेटिव कंट्रोल की मोदी की क्षमता पहली बार चूकती नज़र आई। मध्य एवं उच्च मध्यम वर्ग से आए पढ़े-लिखे एवं नई संचार तकनीक के इस्तेमाल में माहिर नौजवानों ने जो किताबों में पढ़ा और सरकारी प्रचार-तंत्र से सुना, उसका परीक्षण वे हकीकत के बरक्स कर रहे हैं। इससे लोकतांत्रिक पहल का नया दरवाजा खुला है। लेकिन हमें सचेत रहना चाहिए कि अक्सर स्वतःस्फूर्त, असंगठित, एवं नेतृत्व-विहीन आंदोलन ऐसा अवसर पैदा करने के बाद बिखराव का शिकार हो जाते हैं।

**एक नागरिक**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं।
**संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrabharat77@gmail.com*

# कैसे हुई नागेश्वर ज्योतिर्लिंग की स्थापना?

सनातन धर्म में सावन के महीने को बेहद खास माना जाता है। इस पूरे महीने में विधिपूर्वक से शिव परिवार की पूजा-अर्चना की जाती है और महादेव का अभिषेक किया जाता है। धार्मिक मान्यता है कि सावन में जलाभिषेक करने से भगवान शिव शीघ्र प्रसन्न होते हैं। उनकी कृपा से मनचाही मुराद पूरी होती है। इसके अलावा शिव मंदिरों को बेहद सुंदर तरीके से सजाया जाता है। साथ ही भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाता है, लेकिन क्या आपको पता है कि देश में भगवान शिव को समर्पित एक ऐसा भी मंदिर है, जहां महादेव के दर्शन करने से सभी पापों से मुक्ति मिलती है। आइए, इस मंदिर के बारे में जानते हैं-

**नागेश्वर ज्योतिर्लिंग की कथा** - पौराणिक कथा के अनुसार, प्राचीन समय में दारूका नाम की एक राक्षस कन्या थी। उसने तपस्या के द्वारा माता पार्वती को प्रसन्न वरदान प्राप्त किया था। दारूका ने कहा कि मैं वन नहीं जा सकती हूं। वहां पर कई तरह की दैवीय औषधियां है। सत्कर्म के लिए हम राक्षसों को उस वन में जाने की अनुमति दें। माता पार्वती ने यह वरदान दे दिया। इसके बाद दारूका ने वन में बहुत उत्पात मचाया और वन को देवी-देवताओं से छीन लिया। साथ ही सुप्रिया को बंदी बना लिया। वह शिवभक्त थीं। ऐसी स्थिति में सुप्रिया ने भगवान शिव की तपस्या शुरू की और प्रभु से खुद के बचाव के लिए वरदान मांगा। महादेव उसकी तपस्या से प्रसन्न होकर प्रकट हुए और उनके साथ ही चार दरवाजों का एक बेहद सुंदर





मंदिर प्रकट हुआ। मंदिर के बीच में ज्योतिर्लिंग प्रकाशित हुआ। सुप्रिया ने सच्चे मन से महादेव की पूजा-अर्चना की और शिव जी वरदान में राक्षसों का नाश मांग लिया। इसके अलावा महादेव से इसी जगह पर स्थित होने के लिए कहा। शिव जी ने इस बात को स्वीकार कर उसी स्थल पर विराजमान हो गए। इसी तरह यह ज्योतिर्लिंग स्वरूप भगवान शिव 'नागेश्वर' कहलाए।

**नागेश्वर ज्योतिर्लिंग क्यों प्रसिद्ध है** - गुजरात के द्वारका धाम से 17 किलोमीटर बाहरी क्षेत्र की ओर यह मंदिर स्थित है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, नागेश्वर मंदिर में भगवान शिव और माता पार्वती नाग-नागिन के रूप में प्रकट हुए थे। इसलिए इसे नागेश्वर ज्योतिर्लिंग के नाम से जाना जाता है। नागेश्वर ज्योतिर्लिंग कौन से नंबर पर आता है? देशभर में शिव जी के बारह ज्योतिर्लिंग हैं। नागेश्वर ज्योतिर्लिंग का दसवां स्थान है।

**नागेश्वर ज्योतिर्लिंग क्यों प्रसिद्ध है** - गुजरात के द्वारका धाम से 17 किलोमीटर बाहरी क्षेत्र की ओर यह मंदिर स्थित है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, नागेश्वर मंदिर में भगवान शिव और माता पार्वती नाग-नागिन के रूप में प्रकट हुए थे। इसलिए इसे नागेश्वर ज्योतिर्लिंग के नाम से जाना जाता है।

**नागेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर दर्शन टाइम** -नागेश्वर मंदिर से सुबह 06 बजकर 30 मिनट से लेकर दोपहर में 12 बजकर 30 मिनट तक खुला रहता है। वहीं, शाम को 05 बजे से लेकर रात 09 बजकर 30 मिनट तक खुला रहता है। भक्त इस दौरान नागेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन कर सकते हैं।

**नागेश्वर ज्योतिर्लिंग कैसे पहुंचे** अगर आप नागेश्वर ज्योतिर्लिंग जाना चाहते हैं, तो मंदिर के सबसे पास द्वारका रेलवे स्टेशन है। यहां से मंदिर 18 किलोमीटर दूर है। इसके अलावा सड़क के बस या टैक्सी के दवारा भी जा सकते हैं।

# पत्नी-पति के साथ न करें ऐसा बर्ताव
## प्यार और रिश्ता दोनों खो सकती हैं आप

पति-पत्नी का रिश्ता विश्वास, प्रेम और सम्मान पर टिका होता है। लेकिन कभी-कभी अनजाने में की गई गलतियां रिश्ते में दूरियां पैदा कर सकती हैं। अगर पत्नी कुछ खास बातों का ध्यान नहीं रखती है, तो इससे न केवल पति का प्यार कम हो सकता है, बल्कि रिश्ता भी कमजोर पड़ सकता है। एक अच्छा रिश्ता तभी टिकता है जब दोनों एक-दूसरे को समझें और सम्मान दें। छोटी-छोटी गलतियों को समय रहते सुधार लिया जाए, तो रिश्ते को मजबूत बनाया जा सकता है।



**पति का अपमान करना**

किसी भी रिश्ते में सम्मान बहुत जरूरी होता है। अगर पत्नी बार-बार पति का अपमान करती है, उसकी बातों को नजरअंदाज करती है या उसे दूसरों के सामने नीचा दिखाती है, तो इससे पति को बुरा लग सकता है और वह धीरे-धीरे दूरी बनाने लग सकता है।

**दूसरों से तुलना करना**

अगर पत्नी अपने पति की दूसरों से तुलना करने लगती है, तो यह उसके आत्मसम्मान को ठेस पहुंचा सकता है। हर इंसान अलग होता है और उसकी अपनी खूबियां होती हैं। तुलना करने से रिश्ते में कड़वाहट आ सकती है और पति को लग सकता है कि वह अपनी पत्नी की नजरों में कमतर है।

**हर बात पर लड़ाई झगड़ा करना**

रिश्ते में कभी-कभी नोकझोंक होना आम बात है, लेकिन अगर छोटी-छोटी बातों पर बार-बार झगड़ा होता है, तो इससे पति को घर में सुकून महसूस नहीं होगा। लगातार झगड़े से प्यार कम होने लगता है और रिश्ते में दरार आ सकती है।

**पति की भावनाओं की अनदेखी**

कई बार पत्नियां अपनी बातों और जरूरतों पर ज्यादा ध्यान देती हैं, लेकिन पति की भावनाओं और जरूरतों को नजरअंदाज कर देती हैं। अगर पत्नी अपने पति की परेशानियों को नहीं समझेगी और उसकी बातों को अहमियत नहीं देगी, तो इससे पति को अकेलापन महसूस हो सकता है।

**ससुराल वालों की आलोचना**

पति अपने माता-पिता और परिवार से भावनात्मक रूप से जुड़ा होता है। अगर पत्नी बार-बार उसके परिवार की बेजा आलोचना करती है या उन्हें अपमानित करती है, तो इससे पति को दुख पहुंच सकता है। इससे न केवल रिश्ते में तनाव बढ़ेगा, बल्कि पति को यह भी लग सकता है कि उसकी पत्नी उसकी भावनाओं की कद्र नहीं करती।

# क्या बारिश के मौसम में लगानी चाहिए सनस्क्रीन?



सनस्क्रीन लगाना गर्मियों की स्किन केयर रूटीन का सबसे खास हिस्सा होता है। क्योंकि सनस्क्रीन ही वह चीज है, जो आपकी स्किन को तेज धूप और यूवी-रेडिएशन के डैमेज से सुरक्षित रखने का काम करती है। गर्मियों में बिना सनस्क्रीन लगाए घर से बाहर निकलने से मना किया जाता है। लेकिन, बरसात के मौसम में जब लोग बार-बार बारिश में भीग जाते हैं ऐसे में स्किन पर मेकअप और अन्य स्किन केयर प्रॉडक्ट्स का टिक पाना मुश्किल हो पाता है। गर्मी के मौसम में सनस्क्रीन लगाना कितना जरूरी है ये तो हम जानते ही हैं, लेकिन सर्दी और बरसात के सीजन में सनस्क्रीन की अहमियत को लेकर थोड़े कंफ्यूज हो जाते हैं। ये कम लोगों को ही पता है कि जितना गर्मियों में सनस्क्रीन जरूरी है, बारिश के मौसम में भी सनस्क्रीन लगाना उतना ही आपकी स्किन को प्रोटेक्ट करने का काम करता है। आइए जानते हैं, **क्या बारिश के मौसम में लगानी चाहिए सनस्क्रीन?**

**स्किन एक्सपर्ट्स के मुताबिक**

स्किन एक्सपर्ट्स के मुताबिक यूवी किरणें मौसम की परवाह किए बिना हमारी त्वचा को नुकसान पहुंचा सकती हैं। मानसून के मौसम में भी, यूवी किरणें बादलों से गुजर सकती हैं और नुकसान पहुंचा सकती हैं। त्वचा विशेषज्ञ बताते हैं कि सूरज की किरणें, जिनमें हानिकारक यूवी और इंफ्रारेड रेज़ होती हैं, समय से पहले बुढ़ापा, टैनिंग, झाइयां, लेंटिगिन्स और सनबर्न जैसी स्किन से जुड़ी की कई समस्याओं का कारण बन सकती हैं। बादल हमें यूवी किरणों से नहीं रोक पाते, यही वजह है कि मानसून के मौसम में भी अपनी स्किन को प्रोटेक्ट करने के लिए सनस्क्रीन लगाना जरूरी है।

**बारिश के मौसम में ऐसे करें सनस्क्रीन का इस्तेमाल**

बाहर जाते समय अपने बैग में सनस्क्रीन जरूर कैरी करें। हर 3 घंटे बाद फिर से सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें। बरसात के मौसम में हाई एसपीएफ सनस्क्रीन की जरूरत नहीं होती। बरसात के मौसम में जेल बेस्ड सनस्क्रीन चूज़ करें। जेल बेस्ड सनस्क्रीन बारिश के मौसम में होने वाली चिपचिपाहट से आपको बचाती है।

# सबसे ज्यादा बाघ किस देश में हैं, भारत में कहां-कहां हैं टाइगर रिजर्व

बाघों की संख्या के प्रति लोगों को जागरूक करना और उनके संरक्षण के प्रयासों को मजबूत करना है। बाघ भारत का राष्ट्रीय पशु है, साथ ही जंगलों के पारिस्थितिक संतुलन का भी महत्वपूर्ण हिस्सा है। यदि जंगलों में बाघ सुरक्षित हैं, तो इसका अर्थ है कि वहां का पूरा इकोसिस्टम स्वस्थ और संतुलित है। पिछले कुछ वर्षों में भारत ने बाघ संरक्षण के क्षेत्र में सफलता हासिल की है। सरकार की प्रोजेक्ट टाइगर जैसी पहल, आधुनिक मॉनिटरिंग तकनीक, एंटी-पोचिंग अभियान और स्थानीय समुदायों की भागीदारी के कारण देश में बाघों की संख्या में लगातार वृद्धि हुई है। यही वजह है कि आज दुनिया के अधिकांश जंगली बाघ भारत में पाए जाते हैं। मध्य प्रदेश, कर्नाटक, उत्तराखंड, महाराष्ट्र और तमिलनाडु जैसे राज्यों के टाइगर रिजर्व न केवल संरक्षण के केंद्र हैं, बल्कि वन्यजीव पर्यटन के लिए भी बेहद लोकप्रिय हैं। अगर आप जानना चाहते हैं कि दुनिया में सबसे ज्यादा बाघ किस देश में हैं, भारत में कितने टाइगर रिजर्व हैं, किन राज्यों में बाघों की संख्या सबसे अधिक है और कौन-कौन से टाइगर रिजर्व पर्यटकों के बीच सबसे ज्यादा लोकप्रिय हैं।

**दुनिया में सबसे ज्यादा बाघ किस देश में हैं**- आज दुनिया में सबसे ज्यादा जंगली बाघ भारत में पाए जाते हैं। भारत में वैश्विक जंगली बाघों की आबादी का लगभग 75% हिस्सा है। भारत के बाद रूस, नेपाल, भूटान, बांग्लादेश, थाईलैंड, मलेशिया और इंडोनेशिया जैसे देशों में भी बाघ पाए जाते हैं, लेकिन उनकी संख्या भारत की तुलना में काफी कम है। भारत में बाघ संरक्षण के लिए 1973 में प्रोजेक्ट टाइगर शुरू किया गया था। इसके बाद संरक्षित क्षेत्रों का विस्तार, वैज्ञानिक निगरानी और अवैध शिकार पर सख्ती से बाघों की संख्या में लगातार सुधार देखने को मिला।

**भारत में कितने टाइगर रिजर्व हैं?**

भारत में वर्तमान में 58 टाइगर रिजर्व हैं, जो देश के विभिन्न राज्यों में फैले हुए हैं। ये रिजर्व बाघों के प्राकृतिक आवास की सुरक्षा, प्रजनन और संरक्षण के लिए बनाए गए हैं। इनका प्रबंधन राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (हृझष्ट) और संबंधित राज्य सरकारें मिलकर करती हैं।

**भारत के प्रमुख टाइगर रिजर्व**

भारत के कुछ सबसे प्रसिद्ध और लोकप्रिय टाइगर रिजर्व हैं, **जिम कॉर्बेट टाइगर रिजर्व, उत्तराखंड**- भारत का पहला राष्ट्रीय उद्यान।
**रणथंभौर टाइगर रिजर्व, राजस्थान** - बाघों की आसान साइटिंग के लिए प्रसिद्ध।
**बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व, मध्य प्रदेश** - उच्च टाइगर डेंसिटी के लिए जाना जाता है।
**कान्हा टाइगर रिजर्व, मध्य प्रदेश** - समृद्ध जैव विविधता और सफारी के लिए लोकप्रिय।
पेंच टाइगर रिजर्व, मध्य प्रदेश/महाराष्ट्र - द जंगल बुक से जुड़ा क्षेत्र।
**ताडोबा-अंधारी टाइगर रिजर्व, महाराष्ट्र,** - वन्यजीव फोटोग्राफी का पसंदीदा स्थान।
नागरहोल टाइगर रिजर्व, **कर्नाटक** - दक्षिण भारत के प्रमुख टाइगर आवासों में से एक।
**बांदीपुर टाइगर रिजर्व, कर्नाटक** - नीलगिरि बायोस्फीयर का महत्वपूर्ण हिस्सा।
**काजीरंगा टाइगर रिजर्व, असम** - एक सींग वाले गैंडे के साथ बाघों के लिए भी प्रसिद्ध।
**सुंदरबन टाइगर रिजर्व, पश्चिम बंगाल** - दुनिया का सबसे बड़ा मैंग्रोव वन और रॉयल बंगाल टाइगर का घर।



**किस राज्य में सबसे ज्यादा बाघ हैं?**

हाल के राष्ट्रीय बाघ आकलन के अनुसार मध्य प्रदेश में सबसे अधिक बाघ दर्ज किए गए हैं। इसके बाद कर्नाटक, उत्तराखंड और महाराष्ट्र जैसे राज्य भी बाघों की बड़ी आबादी वाले राज्यों में शामिल हैं। इन राज्यों में फैले संरक्षित जंगल और टाइगर रिजर्व संरक्षण की सफलता का उदाहरण माने जाते हैं।

**पर्यटक कब करें टाइगर रिजर्व की यात्रा?**

अधिकांश टाइगर रिजर्व अक्टूबर से जून के बीच पर्यटकों के लिए खुले रहते हैं। मार्च से मई के दौरान पानी के स्रोतों के पास बाघ दिखने की संभावना अपेक्षाकृत अधिक रहती है। यात्रा से पहले संबंधित टाइगर रिजर्व की आधिकारिक वेबसाइट पर सफारी की उपलब्धता और नियमों की जानकारी जरूर जांच लें।

# हरे रंग की साड़ी पहनते वक्त रखें इन बातों का ध्यान

हर साल श्रावण के महीने का इंतजार लोग सच्चे मन और श्रद्धा से करते हैं। इस माह का आरंभ होते ही भगवान शिव की भक्ति में हर कोई जुट जाता है। ऐसा माना जाता है कि श्रावण माह में अगर सच्चे मन से भगवान शिव की पूजा की जाए तो हर मनोकामना पूरी होती है। इसी के चलते महिलाएं भगवान शिव की पूजा-अर्चना करती हैं। ऐसी मान्यता है कि हरा रंग भगवान शिव को अति प्रिय है, इसी वजह से महिलाएं हरे रंग की साड़ी पहनकर सावन में पूजा करती हैं। अगर आप भी सावन में हरे रंग की साड़ी पहनना चाहती हैं तो कुछ बातों का ख्याल अवश्य रखें। कुछ सिंपल सी बातों का ध्यान रखकर आप अपने सादगी भरे साड़ी लुक से लोगों का भी दिल जीत सकती हैं।

**ज्वेलरी देगी खूबसूरत लुक**

हरा रंग अपने में ही आपको खूबसूरत लुक दे सकता है। ऐसे में इसके साथ आपको ज्यादा हैवी ज्वेलरी कैरी करने की जरूरत नहीं है। आप हल्के ईयररिंग्स और गले में हल्का सा चोकर पहनकर भी अपनी खूबसूरती में चार चांद लगा सकती हैं। अपने साड़ी लुक को पूरा करने के लिए उंगलियों में अंगूठी जरूर पहनें।



**ब्लाउज हो खास**- हरे रंग की साड़ी का ब्लाउज बनवाते वक्त बस इस बात का ख्याल रखें कि आपको इसे पूजा में पहनना है। इसलिए आपका ये साड़ी लुक सादगी भरा होना चाहिए। ग्लैमरस लुक कैरी करके पार्टी में तो जाना अच्छा लगता है, लेकिन पूजा में ये आपको ही असहज कर सकता है। ऐसे में खूबसूरत सा ब्लाउज अपने लिए तैयार करें, ताकि आपका लुक प्यारा दिखे।

**हेयर स्टाइल और मेकअप का रखें ध्यान**- बारिश का मौसम है, ऐसे में खुले बाल आपको परेशान कर सकते हैं। इसलिए चाहें तो ऐसा जूड़ा बनाकर आप बालों में गजरा लगा सकती हैं। ये गजरा लुक आपको खूबसूरत दिखाएगा। इसके साथ ही मेकअप करते वक्त भी मौसम का खास ध्यान रखें। पसीने से कहीं आपका मेकअप खराब न हो जाए। ऐसे में हल्का मेकअप ही करें।

**हरी चूड़ियां हैं जरूरी**

जिस तरह से हरे रंग की साड़ी पहनना सावन में शुभ होता है, ठीक उसी तरह से अपने लुक को खूबसूरत सी हरे रंग की चूड़ियों और कड़े से पूरा करें। ये ही आपके लुक को पूरा करेगा। हरी चूड़ियां अगर कांच की होंगी, तो ज्यादा बेहतर रहेगा।

## चेहरे पर बेसन लगाने से होता है कई नुकसान

बेसन को कई अन्य चीजों के साथ मिक्स करके चेहरे या स्किन लगाने से स्किन निखरती है, पर क्या आप जानते हैं कि बेसन लगाने से आपके चेहरे को कई तरह के नुकसान हो सकते हैं। आज के इस लेख में हम आपको बेसन के इस्तेमाल से होने वाले नुकसान के बारे में बताने जा रहे हैं, ताकि आप भी पहले त्वचा पर पैच टेस्ट करने के बाद ही बेसन का इस्तेमाल करें। ऐसा करने से आप त्वचा पर होने वाली परेशानियों से बच सकते हैं। **ड्राई स्किन वाले रखें ध्यान :** सर्वे में ऐसा देखा गया है कि बेसन के इस्तेमाल से चेहरा स्किन को रूखा और बेजान बना सकता है। ऐसे में अगर आपकी स्किन पहले से ही ड्राई है तो बेसन के इस्तेमाल से दूर करें। इसके ज्यादा इस्तेमाल से त्वचा की नमी भी खत्म होती है। ऐसे में रोजाना इसके इस्तेमाल से दूर रहें। **एलर्जी का रखें ध्यान :** अगर आपकी त्वचा पर किसी तरह की एलर्जी है तो कोशिश करें कि पहले पैच टेस्ट कर लें। अगर आपको इससे कोई परेशानी नहीं हो रही है, तो आप इसका आराम से इस्तेमाल कर सकते हैं। **हो सकते हैं मुंहासे :** अगर आपकी त्वचा संवेदनशील है तो बेसन के इस्तेमाल से आपके चेहरे पर मुंहासे हो सकते हैं। ऐसे में इसके इस्तेमाल से पहले अपनी त्वचा का टाइप जरूर पता करें। **छिल सकती है त्वचा :** अगर आप रोजाना बेसन का इस्तेमाल करेंगे तो हो सकता है कि आपकी त्वचा छिल जाए। इसलिए बेसन का ज्यादा इस्तेमाल करने से दूर रहें। **त्वचा में आ सकती है सूजन :** अगर आप पहले से ही मुंहासों की समस्या से जूझ रही हैं तो बेसन से दूर रहें। इसके इस्तेमाल से हो सकता है कि त्वचा में सूजन आ जाए।
**पीएच लेवल को करता है असंतुलित :** बेसन में एसिड की मात्रा काफी ज्यादा पाई जाती है। ऐसे में इसके ज्यादा इस्तेमाल से आपके चेहरे पर जलन की परेशानी सामने आ सकती है।

# कामकाज का तरीका बना रहा लोगों को अकेला

जिंदगी की भागदौड़ से वक्त निकालकर सभी दोस्तों ने हामी भर दी सिवाय एक को छोड़कर। कारण पूछने पर उसने बताया कि काम का इतना ज्यादा प्रेशर है कि टाइम मैनेज कर पाना मुश्किल है और दूसरा नाइट शिफ्ट भी है। दोनों वजहें वाजिब थीं, लेकिन फिर भी हमने लगभग हर कोशिश की, उसे प्लान में शामिल करने की, लेकिन मामला सेट नहीं हो पाया। वहीं एक दूसरी दोस्त को हमने तीज सेलिब्रेशन के लिए इन्वाइट किया, तो उसने भी बिना एक मिनट देरी किए साफ ना कह दिया ऑफिस के वर्कलोड के बारे में बताकर। दोनों दोस्तों के ना आने की ये वजहें बहाना नहीं, बल्कि सच्चाई है। जिससे आजकल ज्यादातर वर्किंग प्रोफेशनल्स जूझ रहे हैं। कामकाज का ऐसा तरीका प्रोफेशनल लाइफ में भले ही उन्हें तरक्की दिला दे, लेकिन पर्सनल लाइफ में ऐसे लोग अकेलेपन का शिकार हो रहे हैं।

**कामकाज का तरीका बना रहा लोगों को अकेला**

कभी न पूरे होने वाले टारगेट्स और बेवक्त की शिफ्ट्स ने वर्किंग प्रोफेशनल्स के पर्सनल लाइफ की बैंड बजा रखी है। टारगेट्स पूरा करने के चक्कर में अपनी शिफ्ट से कई-कई घंटे ऑफिस में रुकना पड़ता है और अगर कहीं नाइट शिफ्ट है, तो दिन का समय नींद पूरी करने में निकल जाता है। न समय से खाना-पीना हो पाता है, न ही किसी तरह की एक्टिविटी और सोशल लाइफ तो लगभग खत्म ही हो जाती है। इस वजह से लोगों में अकेलापन बढ़ रहा है। अकेलेपन के फायदे व नुकसान दिन में कुछ देर का अकेलापन जरूरी होता है, जिसे मी टाइम भी कहा जाता है। जो बॉडी और माइंड रिचार्ज करने का काम करता है, लेकिन लगातार बने रहने वाला अकेलापन व्यक्ति को तनाव और डिप्रेशन की ओर धकेलने लगता है। पर्सनल लाइफ तो वैसे ही खत्म हो चुकी होती है, धीरे-धीरे प्रोफेशनल लाइफ पर भी इसका असर पड़ने लगता है। प्रोडक्टिविटी गिरने लगती है।



काम में बोरियत का एहसास होने लगता है और जब अपना 100% देने के बाद भी प्रमोशन नहीं मिलता, तो झुंझलाहट भी बढ़ने लगती है।

**कैसे दूर करें अकेलेपन की समस्या?**

अपनी क्षमता जितना ही काम करें। ऑफिस में खुद को साबित करने के चक्कर में हर काम के लिए हां न कहें। शिफ्ट पूरी करने के बाद खुद को वक्त दें। अपनी पसंदीदा चीजों के लिए वक्त निकालें। दोस्तों से मिलना नहीं हो पा रहा, तो फोन या वीडियो कॉल पर बात करें। वीकेंड वाले दिन घर पर सोकर या टीवी देखकर बिताने के बजाय सोशल गैदरिंग करें। इन सारी एक्टिविटीज से अकेलेपन से निपटना आसान हो जाता है।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

## दैनिक पंचांग लखनऊ
## सोमवार, 3 अगस्त 2026

श्री शुभ सम्वत् 2083 शके1948 श्री सूर्य दक्षिण अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते वर्षा ऋतौ श्रावण मासोत्तमे कृष्ण पक्षे, पंचमी तिथौ सोम वासरे 22/55/ उत्तर भाद्रपद नक्षत्रे 22/01/ सुकर्मा योग 21/14/ कौलव करणे 11/09/ मीन राशिगत चन्द्रमा घं. मि. पर।
व्रत एवं त्यौहार- पंचक। नागपंचमी व्रत। (मरुस्थल व बंगाल में)। श्रावण सोमवार व्रत।

**मेष :** उत्तरदायित्व कुछ खर्चीले साबित होंगे। विशेष प्रयत्नों से ही लाभ होगा। संतान के कारण परिवार में अशांति रहेगी और किसी से शत्रुता हो सकती है। किसी की सूचना से हर्ष होगा।

**वृष :** भाग्य को नई दिशा मिलेगी। आर्थिक कष्ट की पूर्ति के लिए लॉटरी जैसे प्रयास उपयोगी हैं। अचानक लाभ संभव है। व्यापार व्यवसाय के परिवर्तन से लाभ होगा।

**मिथुन :** आलस्य तथा प्रमाद से दूर रहें। दूसरों को आरोपित करना उचित नहीं होगा। निवास व्यवस्था का परिवर्तन संभावित है। यौन सुख में कमी होगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कर्क :** आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज ऑफिस में आपको कोई बड़ा टारगेट मिलेगा। स्टूडेंट्स अपनी पढ़ाई करने के तरीके को चेंज करेंगे जिससे उनको बेहतर परिणाम मिलेंगे।

**सिंह :** आज आपका दिन मिला-जुला रहने वाला है। आज किसी बढ़िया कंपनी से जॉब का बड़ा ऑफर आयेगा। आपके गृहस्थ जीवन में खुशियां भरी रहेंगी।

**कन्या :** संबंधित अधिकारी का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। परिवार में किसी धार्मिक उत्सव के कारण प्रसन्नता रहेगी। नेत्र पीड़ा से पीड़ित होंगे।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहेगा। कार्यों को पूरा करने में आ रही अड़चनें आज समाप्त होंगी। आज ऑफिस में आपके काम की तारीफ होगी।

**वृश्चिक :** राजकीय सम्मान लेने के लिए संघर्ष करना पड़ेगा। वाद-विवाद से दूर रहें। राज्य अधिकारी वर्ग से हानि होगी। यात्रा का योग है।

**धनु :** किसी सूचना से प्रसन्नता व भाग्य को नई दिशा मिलेगी। आर्थिक व्यय की पूर्ति के लिए स्हा लॉटरी जैसे प्रयास उपयोगी होंगे।

**मकर :** बुद्धि और धन का दुरुपयोग नहीं करें। आलस और लक्ष्य निर्धारण में त्रुटि के कारण नवीन योजनाओं में स्वल्प लाभ ही मिल सकता है।

**कुंभ :** कुछ संक्षिप्त यात्राएं भी होंगी। प्रातःकाल से ही शुभ समाचार मिलेंगे और विशिष्ट जन की प्रतीक्षा भी खत्म होगी। नए काम के प्रसंग बनेंगे।

**मीन :** ज्ञान विज्ञान की वृद्धि होगी तथा कुछ बौद्धिक चिंतन पैदा होंगे। परिश्रम से ही महान कार्य सिद्ध होंगे। किसी से बहस या तकरार ना करें।

# युवाओं ने नशा मुक्त युवा फार विकसित भारत अभियान पर प्रधानमंत्री का संबोधन सुना

**( स्वतंत्र भारत )**
सीतापुर। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में मेरा युवा भारत संगठन द्वारा देशव्यापी ष्नशा मुक्त युवा विकसित भारत संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। जिला स्तर पर आर. एम. पी. पी. जी. कालेज में लगभग २०० से अधिक माय भारत स्वयंसेवकों एवं डी.पी. वर्मा डिग्री कालेज , सीतापुर शिक्षण संस्थान , हिन्दू कन्या महाविद्यालय , राजकीय महिला महाविद्यालय के माय भारत – एन.एस.एस. स्वयंसेवकों ने प्रधानमंत्री का संवाद सुना और नशा मुक्त भारत की शपथ ली । ब्लाक मिश्रिख में माय भारत स्वयंसेवक अभय शुक्ला एवं सुदामा दीक्षित के संयोजन में अखंड आचार्य स्वामी अचिन्त्यानंद इंटर कालेज, नैमिषारण्य (सीतापुर) में ५० से अधिक युवाओं को प्रधानमंत्री का संबोधन लाइव टीवी के माध्यम से कार्यक्रम से जोड़ा गया। इस अभियान का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना, स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना तथा विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम के दौरान नशा मुक्ति की शपथ, जनजागरूकता गतिविधियाँ तथा युवाओं को सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति प्रेरित करने वाले विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिला युवा अधिकारी , माय भारत , प्रतिमा वर्मा ने जनपद के युवाओं, छात्र–छात्राओं, स्वयंसेवी संगठनों, शिक्षकों एवं आम नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में सहभागिता कर नशा मुक्त भारत के संकल्प को सशक्त बनाने का आह्वान किया है।




# छात्र- युवाओं के भविष्य का बैरियर हैं भाजपा- सांसद राकेश राठौर

**( स्वतंत्र भारत )**
सीतापुर। स्थानीय उत्सव गेस्ट हाउस में राहुल गांधी की बात, छात्रों के साथ कार्यक्रम सफ्लतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के आयोजक रत्नम राठौर रहे, जबकि सांसद राकेश राठौर ने मुख्य वक्ता के रूप में छात्रों को संबोधित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रत्नम राठौर ने कहा कि वर्तमान सरकार छात्रों की आवाज़ से भयभीत है। उन्होंने आरोप लगाया कि छात्रों पर हुए लाठीचार्ज, लगातार सामने आए पेपर लीक के मामले तथा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी के साथ हुई अभद्रता लोकतांत्रिक मूल्यों पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगाती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी छात्रों के अधिकारों, शिक्षा और रोजगार के मुद्दों पर निरंतर संघर्ष करती रहेगी। मुख्य वक्ता सांसद श्री राकेश राठौर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी छात्रों के हर संघर्ष में उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। उन्होंने कहा कि छात्रो – युवाओं के भविष्य का बैरियर है भाजपा , छात्र – युवा इस बैरियर को उखाड़ फेंके । युवाओ के भविष्य के साथ खिलवाड़ किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा और शिक्षा, रोजगार तथा निष्पक्ष प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कांग्रेस का संघर्ष लगातार जारी रहेगा। उन्होंने सभी छात्रों से लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज़ बुलंद करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में अरूणेश यादव ने भी छात्रों की समस्याओं, शिक्षा व्यवस्था और युवाओं के भविष्य पर अपने विचार व्यक्त किए , उन्होने कहा अमित शाह जब तक इस्तीफा नही देंगे छात्र युवाओ का आंदोलन जारी रखेंगे । वहीं सुनीता चौधरी ने छात्र हितों की रक्षा और युवाओं को न्याय दिलाने के लिए कांग्रेस पार्टी की प्रतिबद्धता दोहराई। नेहा गौतम ने कहा छात्र और युवाओ का सम्मेलन कर लखीमपुर मे भी आवाज बुलंद की जायेगी । कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष शिव प्रकाश सिंह , कांग्रेस जिलाध्यक्ष ( दलित प्रकोष्ठ ) ने गृह मंत्री अमित शाह के इस्तीफे का प्रस्ताव सम्मेलन मे रखा जिसे सर्वसम्मत से सम्मेलन ने पास किया ।

कार्यक्रम का संचालन डां बृजबिहारी ने किया । इस अवसर पर सुनीला रावत, हसीना खातून, राजेश पाल, डा. आर पी वर्मा, रोशनी गुप्त, रंजीत राठौर, अनुपम राठौर, शशांक राठौर, रवींद्र राठौर , जयविन्द सिंह सहित बड़ी संख्या में छात्र, कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# खैराबाद में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश सिंह का अभिषेक गुप्ता द्वारा किया गया भव्य स्वागत

**( स्वतंत्र भारत )**
सीतापुर। नगरपालिका परिषद खैराबाद क्षेत्र स्थित पवित्र भुंइया ताली तीर्थ पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश सिंह के आगमन पर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर हजारों कार्यकर्ताओं के साथ नगरपालिका परिषद खैराबाद के अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता ने खैराबाद टोल प्लाजा पहुंचकर उन्हें पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। स्वागत कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला, पूर्व एमएलसी अभिषेक मिश्रा, जिला कोषाध्यक्ष कामेश शुक्ला, खैराबाद नगर अध्यक्ष रामकृष्ण पाल, सम्मानित जिला पदाधिकारी, सभासदगण, मंडल पदाधिकारी, मातृशक्ति तथा हजारों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश सिंह ने भव्य स्वागत के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने खैराबाद नगरपालिका में पहली बार हिंदू चेयरमैन बनने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता के कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि अभिषेक गुप्ता संगठन के प्रति इसी प्रकार मेहनत और निष्ठा के साथ कार्य करते रहें। पार्टी और सरकार का सहयोग उन्हें निरंतर मिलता रहेगा। इसके उपरांत सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता पवित्र भुंइया ताली तीर्थ पहुंचे, जहां मां बगलामुखी का विधि–विधान से पूजन–अर्चन किया गया तथा पूज्य महंत बजरंगमुनि महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान उत्साह, श्रद्धा और संगठनात्मक एकता का वातावरण देखने को मिला।



## गुड़िया यादव बनीं भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) लोकतांत्रिक महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष, पदाधिकारियों ने दी शुभकामनाएं

**( स्वतंत्र भारत )**
सीतापुर। भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) लोकतांत्रिक ने संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने तथा महिला नेतृत्व को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए श्रीमती गुड़िया यादव को महिला मोर्चा (युवा प्रकोष्ठ), जनपद सीतापुर, उत्तर प्रदेश का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया है। उनकी नियुक्ति से संगठन के कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में उत्साह का माहौल है। राष्ट्रीय कार्यकारिणी द्वारा जारी मनोनयन पत्र के अनुसार यह नियुक्ति संगठन के संविधान, नियमावली एवं उद्देश्यों के अनुरूप की गई है। संगठन ने आशा व्यक्त की है कि गुड़िया यादव अपने दायित्वों का ईमानदारी, अनुशासन एवं निष्ठा के साथ निर्वहन करते हुए किसानों, मजदूरों, महिलाओं और समाज के कमजोर वर्गों की आवाज़ को मजबूती प्रदान करेंगी तथा संगठन की नीतियों एवं कार्यक्रमों को जन–जन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगी। गुड़िया यादव निवासी ग्राम विकास खण्ड सिधौली हैं। यह नियुक्ति ३१ जुलाई २०२६ से प्रभावी मानी गई है। वहीं संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष मनीष मिश्रा अमित कुमार बबलू रावत जिला अध्यक्ष सीतापुर परमेश्वर यादव मण्डल महामंत्री लखनऊ मण्डल सुशील यादव जिला महामंत्री सीतापुर रामदेवी रावत ब्लाक अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ सिधौली गुड़िया रावत तहसील अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ सिधौली ने भी गुड़िया यादव को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से संगठन और अधिक सशक्त होगा। उन्होंने आशा जताई कि गुड़िया यादव किसानों, महिलाओं, युवाओं एवं मजदूरों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाकर संगठन की नीतियों को गांव–गांव तक पहुंचाने का कार्य करेंगी।



# मार्ग दुर्घटना में बाइक सवार घायल

**( स्वतंत्र भारत )**
सीतापुर। महमूदाबाद–सिधौली मार्ग पर शनिवार को एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए सीएचसी महमूदाबाद लाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। महमूदाबाद के तुरसेना के सूरज सिंह (२५) पुत्र बबलू सिंह शनिवार की रात बाइक से महमूदाबाद–सिधौली मार्ग पर जा रहे थे। इसी दौरान फिरोजपुर गांव के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में सूरज सिंह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को ई–रिक्शा से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महमूदाबाद ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया, जहां सूरज की हालत गंभीर बनी हुई है।

# सड़क दुर्घटना में आर्मी की तैयारी कर रहे युवक की दर्दनाक मौत

**( स्वतंत्र भारत )**
सीतापुर। पिसावां थाना क्षेत्र के मिश्रिख–पिसावां संपर्क मार्ग स्थित पन्हैया पुल के पास रविवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में आर्मी भर्ती की तैयारी कर रहे २५ वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान धीरू सिंह पुत्र तहेंद्र सिंह, निवासी ग्राम हुसैनपुर, के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, धीरू सिंह प्रतिदिन सुबह करीब पांच बजे आर्मी भर्ती की तैयारी के लिए दौड़ लगाने निकलते थे। रविवार सुबह भी वह सड़क पर दौड़ लगा रहे थे, तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घटना के बाद क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि पन्हैया पुल के पास का मोड़ बेहद खतरनाक है, जहां आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं। लगातार हो रहे हादसों से स्थानीय नागरिकों और राहगीरों में भय का माहौल है। ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग से मांग की है कि इस जानलेवा मोड़ पर रंबल स्ट्रिप, चेतावनी संकेतक (साइन बोर्ड) और गति अवरोधक (स्पीड ब्रेकर) लगाए जाएं, ताकि तेज रफ्तार वाहनों की गति नियंत्रित हो सके और भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रभात गुप्ता ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल किसी भी पक्ष की ओर से तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है और अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# जिलाधिकारी ने किया पाली हाउस का स्थलीय निरीक्षण

**( स्वतंत्र भारत )**
सीतापुर। जनपद के विकास खण्ड–सिधौली में कृषक सीमा सिंह के प्रक्षेत्र पर उद्यान विभाग के अधीन संचालित एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनान्तर्गत अनुदान पर स्थापित पाली हाउस एवं उसमें जरबेरा पुष्प उत्पादन का जिलाधिकारी डा. राजागणपति आर. द्वारा जिला उद्यान अधिकारी, के साथ स्थलीय भ्रमण/निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी डा. राजागणपति आर० द्वारा पाली हाउस स्थापना के सम्बन्ध में चाही गयी जानकारी के क्रम में जिला उद्यान अधिकारी, द्वारा अवगत कराया गया कि कोई भी कृषक ५०० वर्गमी० से ४००० वर्गमी० तक में पाली हाउस की स्थापना हेतु विभागीय पोर्टल पर पंजीकरण कराते हुए प्रस्ताव प्रस्तुत कर सकता है, जिस पर निदेशालय उद्यान, लखनऊ की अनुमति उपरान्त विभाग द्वारा ५० प्रतिशत अनुदान दिये जाने का प्राविधान है। पाली हाउस के अन्तर्गत अच्छी गुणवत्ता की सब्जियों व फूलों की संरक्षित ढंग से खेती की जाती है। जिलाधिकारी द्वारा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आवश्यक मार्ग–निर्देश भी दिये गये।



# लोकतंत्र में अपनी बात रखना हर नागरिक का अधिकार है-अजय राय

**( स्वतंत्र भारत )**
सीतापुर। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने कांग्रेस सांसद के आवास पर आयोजित प्रेस वार्ता में भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि एक ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सारी बोल रहे हैं, वहीं दूसरी ओर अपनी लोकतांत्रिक आवाज़ उठाने वाले छात्रों पर मुकदमे दर्ज कराए जा रहे हैं। यह स्पष्ट करता है कि भाजपा सरकार छात्रों और युवाओं की आवाज़ से डर गई है। अजय राय ने कहा कि देश का युवा आज बेरोज़गारी, पेपर लीक और शिक्षा व्यवस्था की बदहाली से परेशान है, लेकिन उनकी समस्याओं का समाधान करने के बजाय सरकार उन पर दमनात्मक कार्रवाई कर रही है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में अपनी बात रखना हर नागरिक का अधिकार है और कांग्रेस पार्टी छात्रों एवं युवाओं की इस लड़ाई में उनके साथ मजबूती से खड़ी है। उन्होंने संसद में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा चंदा चोरी के मुद्दे को लेकर किए गए प्रदर्शन का उल्लेख करते हुए कहा कि कांग्रेस जनता के मुद्दों को सड़क से लेकर संसद तक मजबूती से उठा रही है। भाजपा सरकार जनता के सवालों से बच नहीं सकती। कार्यक्रम के आयोजक रत्नम राठौर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी युवाओं की आवाज़ को बुलंद करने के लिए निरंतर संघर्ष कर रही है। उन्होंने सभी छात्र–छात्राओं, युवाओं एवं जागरूक नागरिकों से कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित होकर इसे सफल बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि युवाओं की भागीदारी ही देश के बेहतर भविष्य की सबसे बड़ी ताकत है। प्रेस वार्ता में कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।



# बंद घर में चोरों ने दिखाया खेल लाखों की सम्पत्ति कर दी पार

**( स्वतंत्र भारत )**
महमूदाबाद–सीतापुर। महमूदाबाद के सिधौली मार्ग स्थित मोल्हेपुर चौराहे पर बंद घर से चोरों ने धावा बोलकर ढाई लाख की नकदी समेत करीब १० लाख की संपत्ति चोरी कर ली। घटना की सूचना पर सीओ के साथ पुलिस टीम मौके पर पहुंची और साक्ष्य संकलित करते जांच शुरू की। महमूदाबाद के लोधासा के जय किशन सोनी पुत्र मुरली सोनी परिवार समेत सिधौली मार्ग स्थित मोल्हेपुर चौराहे पर मकान बनाकर रह रहे हैं। शुक्रवार की शाम किसी काम से परिवार समेत घर में ताला बंदकर गांव गए थे। चोरों ने रात्रि में आठ से १० के बीच घर के पीछे पेंड़ के सहारे अंदर दाखिल हुए। गांव से वापस आने पर घर का मुख्य दरवाजा जो बाहर से बंद कर गए थे वह अंदर से बंद मिला तथा घर के पीछे छत से साड़ी नीचे लटकती मिली। अंदर पहुंचकर देखा तो कमरे व अलमारी के ताले टूटे मिले। अलमारी में रखे ढाई लाख रुपए नकद व सोने–चांदी के करीब आठ लाख के कीमती जेवर समेत १० लाख की संपत्ति गायब मिली। अनुमान है कि चोरों छत में निकली सरिया से साड़ी बांधकर नीचे उतरकर भाग निकले। सूचना मिलते सीओ वेद प्रकाश श्रीवास्तव, कोतवाल भानु प्रताप सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और साक्ष्य संकलित करते हुए जांच शुरू की।



# उरदौली फायर प्रकरण में दो अभियुक्त गिरफ्तार

**( स्वतंत्र भारत )**
सीतापुर। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा थाना महोली अंतर्गत विवाद/फायरिंग के संबंध में पंजीकृत अभियोग में टीम का गठन कर संलिप्तों की शीघ्रातिशीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया था।

पुलिस प्रवक्ता के अनुसार अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी दुर्गेश कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी महोली नागेंद्र चौबे के नेतृत्व में थाना महोली पुलिस टीम द्वारा घटना में पंजीकृत मु०अ०सं० २९३/२०२६ धारा १९१(२)/१९१(३)/ ११५(२)/३५२/३५१(३)/१०९(१)/१९० बीएनएस में वांछित ०२ अभियुक्तगण श्रीराम महाजन पुत्र दुलारे नि. कुसैला थाना महोली , अवनीश पुत्र प्रवीण नि. गुलरहिया थाना महोली को कुसैला से मरउव्वा बाबा रोड पर कर्बला के पास से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त अवनीश के निशादेही पर एक अदद तमंचा ३१५ बोर व एक अदद कारतूस जिन्दा ३१५ बोर व तमंचे के नाल में फसा हुआ एक अदद खोखा कारतूस बरामद हुआ है। उरदौली में २९ जुलाई को रात्रि में समय करीब नौ सवा नौ बजे के आस पास आरिफ चिकवा से मीट लेते समय रुपये लेन देन को लेकर हुए विवाद व फायरिंग में एक गोली बब्लू उर्फ जुफरान पुत्र युनुस नि० गजपतिपुर थाना महोली के लगी थी। घटना के संबंध में थाना महोली पर अपराध सं. २९३/२६ उपरोक्त पंजीकृत किया गया था। घटना में संलिप्त दो अभियुक्तों का अंतर्गत धारा १९१(२)/ १९१(३)/ ११५(२)/३५२/३५१(३)/१०९(१)/१९० बीएनएस व २५(१) आयुध अधि.चालान न्यायालय किया गया।



# यूपी पुलिस सदैव आपकी सेवा में तत्पर पोर्टल के माध्यम से पुलिस द्वारा गुम हुये चार मोबाइल फोन किया गया सुपुर्द

**( स्वतंत्र भारत )**
सीतापुर। पोर्टल को विकसित किया गया है। जिस क्रम में पोर्टल के सफल क्रियान्वयन हेतु द्वारा पुलिस थानों को उक्त पोर्टल को मोबइल फोन खोने/ चोरी होने सम्बन्धी प्राप्त शिकयतों के निस्तारण हेतु दिया गया है। इस पोर्टल के माध्यम से थाना स्तर पर ही मोबाइल फोन को खोजने की सुविधा दी गयी है। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपदीय पुलिस को भीड़–भाड़ वाले स्थानों पर चेकिंग एवम् खोये/चोरी हुए अथवा लावारिस स्थिति में मिलने वाले समानों को उनके स्वामियों का पता लगाकर सकुशल सुपुर्दगी हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देश के क्रम में क्षेत्राधिकारी सदर नेहा त्रिपाठी के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली देहात पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्रांतर्गत मोबाइल फोन धारकों द्वारा अपना–अपना मोबाइल फोन खो जाने के संबंध में सूचना दर्ज कराई गई थी। शिकायत प्राप्त होने पर थाना कोतवाली देहात पुलिस टीम द्वारा पोर्टल के माध्यम से तकनीकी सहायता एवं सर्विलांस की मदद से फोन को तलाश करने का प्रयास किया। प्रयासों के फलस्वरूप ०१.० की ओर से पुरस्कार एवं प्रमाण–पत्र प्रदान किये गए। अंत में विद्यालय के निदेशक एवं प्रधानाचार्या ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया।





# शिवभक्तों की सेवा में नतमस्तक दिखे डीएम,कांवड़ शिविर में श्रद्धाभाव से परोसा भंडारा

## मेयर डॉ. उमेश गौतम संग किया शुभारंभ

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली/आंवला।** श्रावण मास की पावन बेला में शिवभक्तों की सेवा और आस्था का अनुपम संगम सोमवार को बदायूं-बरेली रोड स्थित भमोरा बाईपास, आंवला में आयोजित विशाल भंडारा एवं कांवड़ शिविर में देखने को मिला।



डीएम अविनाश सिंह ने मेयर डॉ. उमेश गौतम के साथ विधिवत दीप प्रज्वलित कर शिविर एवं भंडारे का शुभारंभ किया। इसके बाद दोनों जनप्रतिनिधियों ने स्वयं श्रद्धाभाव से कांवड़ यात्रियों को प्रसाद स्वरूप भोजन परोसकर सेवा का संदेश दिया। शिविर में पहुंच रहे कांवड़ यात्रियों ने प्रशासन और आयोजकों की व्यवस्थाओं की सराहना की। जिलाधिकारी ने शिविर में पेयजल, विश्राम, स्वच्छता, चिकित्सा, प्रकाश व्यवस्था तथा सुरक्षा सहित सभी व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिवभक्तों की यात्रा पूरी तरह सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित रहे तथा किसी भी प्रकार की असुविधा न होने पाए। डीएम अविनाश सिंह ने कहा कि कांवड़ यात्रियों की सेवा, सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस अवसर पर विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा, नवाबगंज विधायक एमपी आर्य, एमएलसी कुंवर महाराज सिंह, आंवला जिलाध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह, मनौना धाम के प्रबंधक आर्येंद्र सिंह चौहान,ब्लॉक प्रमुख पति वेद प्रकाश यादव, ब्लॉक प्रमुख यशवंत सिंह तथा महर्षि बाल योगी बाबा अमृत दास खाकी,राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक जय गोविंद सिंह, समेत अन्य प्रशासनिक अफसर मौजूद रहे।

# खाद की होम डिलीवरी से बदलेगी खेती की तस्वीर, घर बैठे होगी बुकिंग

## 142 सहकारी समितियों से जुड़ेगा नेटवर्क, ई-रिक्शा से किसानों तक पहुंचेगा उर्वरक

-स्वतंत्र भारत-



**बरेली।** जिले में किसानों को खाद उपलब्ध कराने की व्यवस्था अब तकनीक के सहारे आसान बनाने की तैयारी है। सहकारिता विभाग ने उर्वरकों की होम डिलीवरी योजना का खाका तैयार कर शासन को भेज दिया है। मंजूरी मिलते ही किसान मोबाइल एप के माध्यम से घर बैठे खाद की बुकिंग कर सकेंगे और ई-रिक्शा के जरिए उर्वरक सीधे उनके घर तक पहुंचाया जाएगा।

योजना के तहत जिले की सभी 142 सहकारी समितियों को ई-रिक्शा संचालकों से जोड़ा जाएगा। किसान एप पर अपनी जरूरत के अनुसार उर्वरक का चयन कर ऑनलाइन बुकिंग और भुगतान करेंगे। इसके बाद संबंधित समिति से खाद की डिलीवरी निर्धारित समय पर उनके घर तक कराई जाएगी। इससे किसानों को केंद्रों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे और परिवहन पर होने वाला अतिरिक्त खर्च भी बचेगा।

सहकारिता विभाग के अधिकारियों का कहना है कि वर्तमान में रामपुर और सीतापुर में केवल एप आधारित बुकिंग व्यवस्था संचालित है, जबकि बरेली में पहली बार बुकिंग के साथ होम डिलीवरी मॉडल लागू करने की तैयारी है। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक ब्रजेश सिंह परिहार ने बताया कि यह व्यवस्था विशेष रूप से दूरदराज के किसानों के लिए राहत साबित होगी और खाद वितरण प्रणाली को अधिक पारदर्शी, व्यवस्थित व समयबद्ध बनाएगी।

# आईजीआरएस में बरेली परिक्षेत्र का परचम, जुलाई रैंकिंग में पूरे सूबे में अव्वल

## चार जिलों के 85 थानों ने दर्ज की शानदार कामयाबी, बेहतरीन कार्य करने वाली टीम होगी सम्मानित

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** शासन की प्राथमिकता वाली जनसुनवाई समाधान प्रणाली पर प्राप्त शिकायतों के वक़्तबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में बरेली परिक्षेत्र ने एक बार फिर अपनी बेहतरीन कार्यशैली की मिसाल पेश की है। शासन की ओर से जारी जुलाई- की रैंकिंग में पुलिस उपमहानिरीक्षक अजय कुमार सहनी के नेतृत्व में बरेली परिक्षेत्र ने पूरे उत्तर प्रदेश में पहला मुकाम हासिल कर नया कीर्तिमान कायम किया।




इस कामयाबी में परिक्षेत्र के चारों जि़लों–बरेली, बदायूं, शाहजहांपुर और पीलीभीत–का अहम किरदार रहा। इन जनपदों के कुल 85 थानों ने शिकायतों के असरदार, संवेदनशील और समयबद्ध निस्तारण के आधार पर संयुक्त रूप से प्रदेश में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। इनमें बरेली के 28, बदायूं के 20, शाहजहांपुर के 21 और पीलीभीत के 16 थाने शामिल हैं। उपलब्धि पर प्रसन्नता जताते हुए डीआईजी अजय कुमार साहनी ने परिक्षेत्र कार्यालय में आईजीआरएस प्रकोष्ठ से जुड़े उपनिरीक्षक शालू, कंप्यूटर ऑपरेटर अमरेंद्र कुमार और आरक्षी सलिल सक्सेना को नकद इनाम एवं प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि शिकायतों का निष्पक्ष और फ़ौरन निस्तारण पुलिस की जवाबदेही का अहम पैमाना है। साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि जिन जनपदों या थानों का प्रदर्शन अपेक्षा के अनुरूप नहीं होगा, उनकी अलग से समीक्षा कर ज़रूरी सुधारात्मक क़दम उठाए जाएंगे।

# कांवड़ियों की राहों में बीडीए ने बिछाए पलक-पांवड़े, स्वागत द्वारों पर झलकेगी आस्था

-स्वतंत्र भारत-



**बरेली।** श्रावण मास की कांवड़ यात्रा- को सुव्यवस्थित और सुरक्षित बनाने के लिए बरेली विकास प्राधिकरण ने तैयारियां तेज कर दी हैं। प्राधिकरण उपाध्यक्ष सौम्या पाण्डेय ने रविवार को शहर के प्रमुख कांवड़ मार्गों और स्वागत स्थलों का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाएं समयबद्ध ढंग से पूरी करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान शाहजहांपुर, बदायूं, रामपुर और बीसलपुर रोड पर सड़क मरम्मत, चौड़ीकरण, समतलीकरण, प्रकाश व्यवस्था, सफाई, जल निकासी तथा यातायात में बाधा बनने वाले अवरोध हटाने पर विशेष बल दिया गया। निर्माणाधीन पीलीभीत बाईपास के कार्य में तेजी लाने के भी निर्देश दिए गए।

प्राधिकरण शहर के प्रमुख प्रवेश द्वारों का सौंदर्यीकरण, विद्युत सज्जा और पुष्प अलंकरण करा रहा है। कछला और हरिद्वार मार्ग से आने वाले कांवड़ियों के स्वागत के लिए तपेश्वरनाथ (मढ़ीनाथ) तथा अवैद्यनाथ द्वार पर 16 और 17 अगस्त को विशेष स्वागत कार्यक्रम आयोजित होंगे। यहां भंडारा, विश्राम स्थल, चिकित्सा शिविर, एंबुलेंस, मोबाइल शौचालय, पेयजल, चार्जिंग हब और अन्य नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। बीडीए का कहना है कि यात्रा के दौरान समन्वित निगरानी के माध्यम से श्रद्धालुओं को सुरक्षित, स्वच्छ और सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराया जाएगा।

# डीजीपी की उम्मीदों पर खरा उतरा बरेली जोन, आईजीआरएस रैंकिंग में नंबर-1

## जुलाई मूल्यांकन :सभी नौ जिलों ने शत-प्रतिशत अंक हासिल किए

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** डीजीपी राजीव कृष्ण के निर्देशन में जनसुनवाई समाधान प्रणाली की जुलाई की मासिक मूल्यांकन रिपोर्ट में बरेली जोन ने प्रदेश में संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया है। एडीजी जोन रमित शर्मा ने इसे पुलिस की जवाबदेही और जनविश्वास का महत्वपूर्ण संकेतक बताते हुए उपलब्धि का श्रेय जोन के अधिकारियों, परिक्षेत्र के पुलिस कप्तानों तथा थाना प्रभारियों के सामूहिक प्रयासों को दिया। उन्होंने कहा कि शिकायतों के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के कारण जोन के सभी नौ जिलों ने शत-प्रतिशत अंक अर्जित किए। रैंकिंग में बरेली जोन को 100 अंक मिले, जबकि बरेली परिक्षेत्र ने 120 और मुरादाबाद परिक्षेत्र ने 110 अंक प्राप्त किए। डीआईजी अजय कुमार साहनी ने




बताया कि शिकायतकर्ताओं ने भी निस्तारण प्रक्रिया पर संतोष व्यक्त किया, जिससे बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित हुआ।

बरेली, बदायूं और अमरोहा ने 135 में 135 अंक प्राप्त किए, जबकि रामपुर, पीलीभीत, बिजनौर, मुरादाबाद, शाहजहांपुर और संभल ने 125 में 125 अंक हासिल किए। एडीजी रमित शर्मा ने कहा कि प्रथम स्थान बनाए रखना प्राथमिकता रहेगी और अपेक्षाकृत कमजोर प्रदर्शन करने वाले थानों की समीक्षा कर आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे।

# रोटरी क्लब ऑफ सनराइज बरेली द्वारा जनकपुरी पार्क में पौधारोपण अभियान

-स्वतंत्र भारत-

बरेली। पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से रोटरी क्लब ऑफ सनराइज बरेली द्वारा जनकपुरी गुरुद्वारे के पीछे स्थित गोल पार्क में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाकर उनके संरक्षण का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजवादी नेता श्री संजीव कुमार सक्सेना , श्री दीपक भसीन जी एवं श्री जगदीप अरोड़ा जी रहे। तीनों अतिथियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा रोटरी क्लब द्वारा किए जा रहे इस सामाजिक प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनकी देखभाल करनी चाहिए, जिससे आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण मिल सके। इस



अवसर पर क्लब के अध्यक्ष सागर सक्सेना, सचिव गौरव साहनी, कोषाध्यक्ष कुलदीप अरोड़ा, पूर्व अध्यक्ष संदीप जैन, नीरज खुराना, मोहित मेहरोत्रा, दीपांशु मित्तल, शरद सहित क्लब के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।कार्यक्रम में क्लब मीडिया प्रभारी हिमांशु छाबड़ा भी उपस्थित रहे। सभी सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता फैलाने तथा अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनकी नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन हरियाली बढ़ाने एवं स्वच्छ पर्यावरण के संदेश के साथ हुआ।

# संक्षिप्त समाचार

## आईएमए वॉलीबॉल लीग में प्रताप ईगल्स और गोल्डन गंगाशील बने चैंपियन

### सीजन-2 में चिकित्सकों और परिवारों ने दिखाया उत्साह, डॉ. सुमित कुमार बने प्लेयर ऑफ द सीरीज़



**स्वतंत्र भारत, बरेली।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की ओर से रविवार को दोहरा रोड स्थित आईएमए फार्म्स में वॉलीबॉल टूर्नामेंट सीजन-2 का आयोजन उत्साह और खेल भावना के साथ हुआ। सुबह से शुरू हुए मुकाबलों में चिकित्सकों और उनके परिवारों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि भाजपा ब्रज क्षेत्र के अध्यक्ष पूरन लाल लोधी ने कहा कि ऐसे आयोजन चिकित्सकों के बीच आपसी समन्वय, स्वस्थ जीवनशैली और टीम भावना को मजबूत करते हैं। विशिष्ट अतिथि बिथरी चैनपुर विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा और आईएमए उत्तर प्रदेश के प्रेसिडेंट-इलेक्ट डॉ. रविश अग्रवाल ने भी आयोजन की सराहना की। पुरुष वर्ग में प्रताप ईगल्स ने खिताब जीता, जबकि बरेली एमआरआई टाइगर्स उपविजेता रही। महिला वर्ग में गोल्डन गंगाशील विजेता और राजश्री टाइग्रेसेस उपविजेता बनीं। 11 वर्ष से कम आयु वर्ग में सेक्रेटरी वॉरियर्स तथा 11 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में प्रेसिडेंट टाइटन्स ने बाजी मारी। पुरुष वर्ग में डॉ. सुमित कुमार को प्लेयर ऑफ द सीरीज़ चुना गया। इस दौरान आईएमए एक्वाटिक मीट-2026 के विजेताओं को भी सम्मानित किया गया। अंत में विजेता टीमों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

## लेखपाल को डीएम द्वारा किए गए सस्पेंशन पर हाई कोर्ट ने लगाई रोक

**स्वतंत्र भारत, नवाबगंज।** क्षेत्र के गांव ज्योरा मकरंदपुर की बेशकीमती सरकारी भूमि के मामले में डीएम अविनाश सिंह ने 10 मई 2026 को तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह को तहसील से हटाकर मुख्यालय से संबंध कर दिया था तो तहसील के कानून हो श्याम सुन्दर गुप्ता और लेखपाल रामचंद्र को सस्पेंड कर दिया था। लेखपाल रामचन्द्र द्वारा अपने इस सस्पेंशन को रिट संख्या 9195/2026 के माध्यम से इलाहाबाद उच्च न्यायालय में चुनौती दी गई जिस पर याची के अधिवक्ता सैय्यद बाजिद अली द्वारा जिलाधिकारी के निलंबित आदेश को गलत बताते हुए कई तर्क दिए थे, जिस पर कोर्ट ने अपनी सहमति जताते हुए 31 जुलाई 2026 को जिलाधिकारी के सस्पेंशन पर रोक लगाए जाने के आदेश पारित किए हैं, साथ ही कोर्ट ने इस मामले में डी एम से जवाब मांगा है। कानून गो श्याम सुन्दर गुप्ता के निलंबन पर हाई कोर्ट पहले ही स्टे आर्डर पारित कर चुका है।

**,,रिश्वत के मामले में जेल में है लेखपाल,,**

सरकारी भूमि के मामले में जहां सस्पेंड किए गए एक मामले में लेखपाल रामचंद्र को कोर्ट ने स्टे दिया है, वहीं 4 हजार रुपए की रिश्वत लिए जाने के दूसरे मामले में लेखपाल रामचंद्र को एंटीकरप्शन कोर्ट ने पांच साल की सज़ा सुनाई थी जिस पर जेल में है।

## पति की पिटाई से पीड़ित महिला ने जहरीला पदार्थ खाया

**स्वतंत्र भारत, फरीदपुर।** थाना क्षेत्र के गांव औरंगाबाद निवासी एक महिला ने उसके पति द्वारा शराब पीकर आए दिन मारपीट करने को परेशान होकर जहरीला पदार्थ खा लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई गंभीर हालत में उसे परिजनो ने एक मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। ग्राम औरंगाबाद निवासी नारायण सिंह की 30 वर्षीय पत्नी लज्जावती ने अपने पति की हरकतों से परेशान होकर जहरीला पदार्थ खा लिया उसकी हालत बिगड़ने पर उसके परिजनों ने उसे आरके इंस्टीट्यूट मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है। जहां उसकी हालत चिंता जनक बनी हुई है। आरोप है कि लज्जावती का पति नारायण सिंह शराब पीने का आदी है आए दिन अक्सर शराब पीकर घर में आकर उसके साथ मारपीट करता था। जिससे परेशान होकर उसे ऐसा आत्मघाती कदम उठाने को मजबूर होना पड़ा।

## दहेज हत्या में पति हिरासत में, सास-ससुर समेत 10 के खिलाफ केस

**स्वतंत्र भारत, नवाबगंज।** कोतवाली नवाबगंज पुलिस ने विवाहिता की कथित दहेज हत्या के मामले में पति समेत 10 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मुख्य आरोपी पति को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है, जबकि अन्य नामजद आरोपियों की तलाश की जा रही है। क्षेत्र के गांव पंडरी समीप बरौर निवासी मो. यासीन की तहरीर के मुताबिक उन्होंने करीब पांच वर्ष पूर्व अपनी पुत्री शबाना का निकाह गांव टांडा सादात निवासी सैयाज के साथ किया था। आरोप है कि निकाह के कुछ समय बाद से ही ससुराल पक्ष ने दो लाख रुपये नकद और बुलेट मोटरसाइकिल की मांग शुरू कर दी। मांग पूरी न होने पर शबाना को लगातार प्रताड़ित किया जाता रहा और कई बार मारपीट भी की गई। तहरीर में यह भी कहा गया है कि वर्ष 2023 में शबाना ने दहेज उत्पीड़न की शिकायत कोतवाली नवाबगंज में की थी। उस समय पंचायत के बाद मामला शांत हो गया था, लेकिन आरोप है कि इसके बावजूद दहेज की मांग बंद नहीं हुई। मो. यासीन का आरोप है कि 31 जुलाई 2026 को दहेज की मांग पूरी न होने पर उनकी पुत्री की गला दबाकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने पति सैय्याद, देवर नईम, फईम और नदीम, ससुर अब्दुल हसन, सास रईस बानो, ननद गुलिस्ता और शबनम, चचिया सास नसरीन और बरखन के इकबाल के खिलाफ दहेज हत्या सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर किया गया है।

# विधायक निधि दिग्दर्शिका समिति की बैठक में दस महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत

-स्वतंत्र भारत-

**फरीदपुर।** विधायक निधि योजना को अधिक व्यावहारिक, जनोपयोगी एवं समयानुकूल बनाने के उद्देश्य से विधायक निधि योजना दिग्दर्शिका समिति के सदस्य बरेली कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने आयोजित की गई बैठक में समिति के समक्ष 10 महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए हैं। उन्होंने कहा कि इन सुझावों के लागू होने से विधायक निधि का अधिक प्रभावी उपयोग होगा तथा क्षेत्रीय विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। प्रमुख सुझावों में विधानसभा क्षेत्र के मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा, चर्च एवं अन्य धर्मस्थलों में श्रद्धालुओं की मूलभूत सुविधाओं के विकास के लिए विधायक निधि से प्रति धर्मस्थल अधिकतम एक लाख रुपये तक के कार्य कराने का प्रावधान करने की मांग की गई है। इसके अलावा विधायक निधि की वर्तमान पांच करोड़ रुपये की सीमा बढ़ाकर न्यूनतम साढ़े सात करोड़ रुपये किए जाने, विकास कार्यों पर देय जीएसटी का भार समाप्त करने



अथवा उसकी प्रतिपूर्ति शासन द्वारा अलग से किए जाने तथा एक विकास कार्य पर व्यय की अधिकतम सीमा 25 लाख रुपये से बढ़ाकर 50 लाख रुपये करने का सुझाव दिया गया है। पर्यावरण संरक्षण और इलेक्ट्रिक वाहनों के बढ़ते उपयोग को देखते हुए विधायक निधि से इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने का भी प्रस्ताव रखा गया है। साथ ही क्षेत्र की आवश्यकता के अनुसार हैंडपंप स्थापना का प्रावधान करने की मांग की गई है। समिति सदस्य ने कर्नाटक राज्य की तर्ज पर प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में विधायक कार्यालय एवं विधायक आवास के निर्माण की व्यवस्था करने का सुझाव भी दिया है,

उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि विधायक निधि से पूर्व में कराए गए कार्यों, जैसे स्ट्रीट लाइट, हाईमास्ट, पेयजल योजनाएं एवं अन्य सामुदायिक परिसंपत्तियों के रखरखाव, मरम्मत, प्रतिस्थापन और आवश्यकतानुसार पुनर्निर्माण पर भी व्यय करने की अनुमति दी जाए। पत्र में विधायक को क्षेत्रीय भ्रमण, विकास कार्यों के निरीक्षण एवं जनसंपर्क के लिए 25 से 30 लाख रुपये तक मूल्य का वाहन उपलब्ध कराने तथा विधायक कार्यालय के सुचारु संचालन, अभिलेखों के रखरखाव, ऑनलाइन पत्राचार और जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए कंप्यूटर ऑपरेटर/डेटा एंट्री ऑपरेटर के मानदेय का प्रावधान किए जाने की भी मांग की गई है। समिति सदस्य ने अंत में आशा व्यक्त की कि जनहित से जुड़े इन सुझावों पर समिति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाते हुए आवश्यक निर्णय लेगी।

# नशा मुक्त भारत संकल्प के साथ नवाबगंज में प्रधानमंत्री के उद्बोधन का हुआ लाइव प्रसारण

-स्वतंत्र भारत-

**सेंथल।** माया हॉस्पिटल, नवाबगंज में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नशा मुक्ति अभियान,युवा शक्ति एवं समृद्ध भारत के संकल्प को लेकर दिए गए प्रेरणादायी उद्बोधन का लाइव प्रसारण आयोजित किया गया।विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता, विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी, राजनीतिक कार्यकर्ता एवं मातृशक्ति संगठन की बहनों सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।सभी उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री जी के उद्बोधन को ध्यानपूर्वक सुना और नशा मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं सामाजिक लोगों ने संकल्प लिया कि समाज को नशे की बुराई से मुक्त कराने के लिए व्यापक जनजागरण अभियान चलाया जाएगा।नशे की गिरफ्त में आए युवाओं एवं लोगों को जागरूक कर उन्हें नशा छोड़ने के लिए प्रेरित किया जाएगा। प्रधानमंत्री जी के उद्बोधन से पूर्व क्षेत्र के वरिष्ठ चिकित्सक एवं समाजसेवी डॉ.ए.के. गंगवार ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए नशे के दुष्परिणामों पर प्रकाश डाला।उन्होंने कहा कि स्वस्थ एवं नशा मुक्त युवा ही सशक्त भारत के निर्माण की आधारशिला हैं।



इसके लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। डॉ. गंगवार ने कहा कि क्षेत्र में नशे के विरुद्ध व्यापक अभियान चलाया जाएगा। इसके अंतर्गत जनजागरूकता रैलियां, विद्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ी को नशे की बुराई से बचाना हम सभी का सामाजिक दायित्व है।सभी के सामूहिक प्रयास से ही नशा मुक्त और संस्कारित समाज का निर्माण संभव है। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के जिलामंत्री अविनाश मिश्रा,जिला सहमंत्री कृष्ण अवतार शर्मा,जिला धर्म प्रसार प्रमुख सुरेश शर्मा, जिला समरसता प्रमुख प्रेम गंगवार, जिला गौ रक्षा प्रमुख बजरंग दल राजा महाजन, नवाबगंज नगर अध्यक्ष अरविंद गुप्ता,नगर मंत्री जितेंद्र चड्डा,प्रखंड अध्यक्ष नंदकिशोर गंगवार,प्रखंड उपाध्यक्ष सत्यपाल सिंह यादव, जिला संत संपर्क प्रमुख नरेंद्र सिंह, प्रखंड मंत्री सुंदर सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता एवं सामाजिक लोग उपस्थित रहे।कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित सभी लोगों को डॉ. मीनाक्षी गंगवार जी,जिला मन्त्री,भारतीय जनता पार्टी, बरेली ने नशा मुक्त समाज एवं स्वस्थ युवा शक्ति के निर्माण के लिए निरंतर प्रयास करने का संकल्प दिलाया।

# कांवड़ मार्गों पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था लागू

-स्वतंत्र भारत-



**फरीदपुर।** सावन माह के पहले सोमवार पर जलाभिषेक के लिए उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए फरीदपुर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड़ में आ गया है। कछला रामगंगा पडेरा से गंगाजल लेकर आने वाले कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए कांवड़ मार्गों पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था लागू कर दी गई है। प्रमुख शिव मंदिरों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है, जबकि संवेदनशील स्थलों पर अधिकारियों की लगातार निगरानी रहेगी। रविवार को एसडीएम विदुषी सिंह,सीओ फरीदपुर संदीप सिंह,तहसीलदार प्रशांत अवस्थी और कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम ने पुलिस एवं प्रशासनिक टीम के साथ कांवड़ मार्गों और प्रमुख शिवालयों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने सुरक्षा ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मियों को सतर्क रहने तथा श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न होने देने के निर्देश दिए। प्रशासन ने कछला रामगंगा पडेरा से आने वाले कांवड़ियों के लिए प्रस्तावित मार्गों पर जगह-जगह सुरक्षा कैंप स्थापित किए हैं। यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए बैरिकेडिंग, रूट डायवर्जन और संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। यहां कछला से गंगाजल लेकर आने वाले कांवड़ियों का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया जाएगा। एसडीएम विदुषी सिंह ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। कांवड़ यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।

# बेशकीमती जमीन पर कब्जा करने को लेकर मारपीट कर जान मारने की धमकी देने की प्राथमिकी हुई दर्ज

-स्वतंत्र भारत-

**भुता।** बरेली-बीसलपुर मुख्य मार्ग से लगी हुई वेश कीमती जमीन पर न्यायालय में मुकदमा विचाराधीन के चलते कुछ दबंगों ने लाठी डंडों से मारपीट कर कब्जा किए जाने की कोशिश पर पीड़ित पक्ष के विरोध करने पर मारपीट व जान से मारने की धमकी दी।

पीड़ित विमल गंगवार ने बताया बरेली बीसलपुर मुख्य मार्ग से लगी हुई मेरे पिता बाबूराम की वेस कीमती 26 वीघा जमीन है। जिस को कब्जा करने के लिए क्षेत्र के कुछ लोगों की नजर बनी हुई है। शुक्रवार को कब्जा करने के लिए बृजेश उर्फ बिरजू व उसका भाई अमित, गोपाल व अन्य लोगों के साथ मेरी जमीन पर नाजायज कब्जा करने की कोशिश करने लगे। जानकारी होने पर पीड़ित विमल गंगवार अपनी सास गायत्री देवी व ससुर टंडन बाबू के साथ मौके पर पहुंचा। उक्त तीनों अपने अन्य साथियों के साथ खेत पर आकर मारपीट करने लगे । मेरा मोबाइल व सास गायत्री देवी की सोने की चेन खींच लेने का आरोप लगाया है। घटना के समय आरोपी गोपाल के हाथ में भी लाठी डंडा था। हमला करने पर मेरे सास ससुर के चोटे आई है। उक्त आरोपियों ने कहा कि अगर पुलिस से शिकायत की तो जान से मार देगे। हम लोगों को उक्त आरोपियों से जान का खतरा बना हुआ है। पीड़ित ने पुलिस को आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर तीनों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया है। पुलिस मामले की जांच व हमलावरों की तलाश कर रही है। खेत पर कब्जा करने की कोशिश करने वालों का कहना है कि हम लोगों ने इस जमीन की असली रजिस्ट्री कराई है। जमीन मेरे नाम है। थाना प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच पड़ताल कर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# फरीदपुर में छत्रपाल सिंह दिवाकर की जनसभा, भाजपा की योजनाओं का किया प्रचार

-स्वतंत्र भारत-



**फरीदपुर।** विधानसभा फरीदपुर के ग्राम जरौल में भारतीय जनता पार्टी से टिकट के प्रबल दावेदार बताए जा रहे छत्रपाल सिंह दिवाकर ने रविवार को एक विशाल जनसभा का आयोजन किया। जनसभा में बड़ी संख्या में महिलाएं, बुजुर्ग और युवाओं ने भाग लिया। सभा को संबोधित करते हुए छत्रपाल सिंह दिवाकर ने केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, जैसे स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शौचालय निर्माण, हर घर जल योजना, उज्ज्वला योजना, किसान कल्याण एवं अन्य विकास योजनाओं की जानकारी लोगों को दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार जनहित और विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है।

इस दौरान उन्होंने पश्चिम बंगाल और असम में भारतीय जनता पार्टी को मिली जीत पर कार्यकर्ताओं और समर्थकों को बधाई देते हुए मिठाई वितरित कर खुशी व्यक्त की। उन्होंने महिलाओं के सम्मान के मुद्दे पर भी अपने विचार रखे और ग्राम जरौल में महिलाओं के सम्मान के समर्थन में जन आक्रोश यात्रा निकाली। उन्होंने कहा कि वह लंबे समय से फरीदपुर विधानसभा से भाजपा टिकट के दावेदार हैं।

उनका दावा है कि यदि पार्टी उन्हें प्रत्याशी बनाती है तो वह फरीदपुर विधानसभा सीट बड़े अंतर से जीतकर भाजपा की झोली में डालेंगे। जनसभा में जितेंद्र सिंह, राजपाल सिंह, अनूप श्रीवास्तव, सेवाराम, सूरजपाल यादव, पीतम राम मौर्य, राम रईस यादव, राकेश यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



# विधायक ने राजघाट में रेस्क्यू मोटरबोट का किया शुभारंभ

स्वतंत्र भारत



**बिलग्राम/हरदोई।** विधानसभा क्षेत्र के राजघाट में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से रेस्क्यू मोटरबोट का क्षेत्रीय विधायक आशीष सिंह आशू ने विधि-विधान से पूजन कर शुभारंभ किया बताया गया कि यह मोटरबोट आपदा के समय लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुँचाने, राहत सामग्री उपलब्ध कराने तथा आपातकालीन बचाव कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इसके बाद विधायक के द्वारा श्रावण माह के अवसर पर राजघाट में आयोजित मेले का भ्रमण कर स्थानीय दुकानदारों, श्रद्धालुओं एवं क्षेत्रवासियों से मुलाकात की गई तथा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। संबंधित अधिकारियों को सुरक्षा, स्वच्छता, पेयजल, यातायात, प्रकाश व्यवस्था सहित सभी आवश्यक सुविधाएँ सुचारु रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी बिलग्राम नन्हे राम, तहसीलदार यशवंत सिंह, मंडल अध्यक्ष नीरज सिंह चंदेल, प्रधान प्रमोद राजपूत, प्रधान सुमित शुक्ला, गोविंद द्विवेदी, भूपेंद्र सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## भूरेश्वर महादेव का रुद्राभिषेक, वैदिक मंत्रों से गूंजा मंदिर

स्वतंत्र भारत

**पिहानी (हरदोई)।** सावन मास की चतुर्थी पर कस्बे के प्राचीन भूरेश्वर महादेव मंदिर में भगवान शिव का वैदिक रीति-रिवाजों के साथ भव्य रुद्राभिषेक संपन्न हुआ। पूरे मंदिर परिसर में वैदिक मंत्रों की गूंज, शंखध्वनि और 'हर-हर महादेव' के जयघोष से वातावरण पूर्णतः शिवमय हो उठा। रुद्राभिषेक का आयोजन विद्वान आचार्य पंडित हरिशंकर शुक्ला एवं पंडित संदीप शुक्ला के सान्निध्य में संपन्न कराया गया।

रुद्राभिषेक के दौरान भगवान भोलेनाथ का गाय के पवित्र दूध, गंगाजल, पंचामृत, शहद, दही, घृत, शक्कर, बेलपत्र, धतूरा, भांग, शमी पत्र, अक्षत, चंदन तथा सुगंधित पुष्पों से विधिवत अभिषेक किया गया। वैदिक ब्राह्मणों ने श्री रुद्रम, चमकम्, महामृत्युंजय मंत्र तथा '? नमः शिवाय' मंत्र का सामूहिक उच्चारण करते हुए अभिषेक संपन्न कराया। मंत्रोच्चार के साथ प्रत्येक अर्घ्य भगवान शिव को समर्पित किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिरस से सराबोर हो गया। पंडित संदीप शुक्ला ने बताया कि सावन मास में गाय के दूध से भगवान शिव का अभिषेक करने का विशेष धार्मिक महत्व है। उन्होंने कहा कि शिवपुराण के अनुसार श्रद्धा और पवित्र भावना से किया गया दुग्धाभिषेक भगवान शिव को अत्यंत प्रिय है। इससे मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं, ग्रह बाधाएं शांत होती हैं तथा जीवन में सुख, समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। पंडित हरिशंकर शुक्ला ने अपने विशेष आमंत्रित श्रद्धालुओं एवं मित्रों से भी वैदिक विधि के अनुसार रुद्राभिषेक कराया। उन्होंने कहा कि सावन में रुद्राभिषेक करने से भगवान आशुतोष शीघ्र प्रसन्न होकर भक्तों के समस्त कष्टों का निवारण करते हैं।

## विधायक ने शक्ति केंद्र उवरीखेड़ा में की बैठक

स्वतंत्र भारत



**पाली/हरदोई।** विधानसभा क्षेत्र सवायजपुर के विधायक माधवेन्द्र प्रताप सिंह ने मंडल अनंगपुर के शक्ति केंद्र उवरीखेड़ा में आयोजित मासिक बैठक में प्रतिभाग किया। बैठक के दौरान उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों एवं शक्ति केंद्र संयोजकों के साथ संगठन को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने को लेकर विस्तृत संवाद किया। विधायक रानू ने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने, सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने तथा आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को सफल बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पार्टी की मजबूती कार्यकर्ताओं की सक्रियता और समर्पण से ही संभव है। बैठक में मंडल अध्यक्ष रोहित सिंह, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष जैनेन्द्र सिंह, शिवम तिवारी, महामंत्री अनूप सिंह 'मोनू', बूथ अध्यक्ष सरोज सिंह सहित मंडल एवं शक्ति केंद्र के अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे

## जमीन विवाद में 85 वर्षीय वृद्ध की मौत

**स्वतंत्र भारत, माधोगंज।** थाना माधौगंज क्षेत्र के ग्राम एकसई में 85 वर्षीय मथुरा प्रसाद की रविवार सुबह मौत हो गई। मृतक के पुत्र राजेश ने डायल-112 पर सूचना देते हुए अपने बड़े भाई रामशंकर पर पिता की हत्या करने का आरोप लगाया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी की। पुलिस के अनुसार जांच में सामने आया कि मथुरा प्रसाद के छह बेटे और दो बेटियां हैं, जिनमें सभी विवाहित हैं और अलग-अलग रहते हैं। मथुरा प्रसाद अपने बड़े बेटे रामशंकर के साथ रहते थे। रामशंकर और सुभाष उनकी देखभाल तथा इलाज कराते थे। पुलिस के मुताबिक 25 मई 2026 को मथुरा प्रसाद ने अपनी जमीन अपनी बेटी रेनू, बड़े बेटे रामशंकर की पत्नी तथा बेटे सुभाष के दो पुत्रों के नाम रजिस्ट्री की थी। रविवार सुबह करीब 8:30 बजे अधिक उम्र और बीमारी के चलते उनकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मृतक के शरीर पर किसी प्रकार के चोट के निशान नहीं मिले हैं। पुलिस ने पंचायतनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों की स्थिति और स्पष्ट होगी।

## मित्रता दिवस के अवसर पर शिक्षक कल्याण संघ ने की बैठक

स्वतंत्र भारत

**माधोगंज।** मित्रता दिवस के अवसर पर आज शिक्षक कल्याण संघ की एक बैठक कंपनी बाग में हुई जिसमें विभागीय समस्याओं को लेकर चर्चा की गई जिसमे वेतमान 17140 एवं 18150 मुद्दे पर विशेष रूप से चर्चा हुई बहुत लंबी लड़ाई के बावजूद कई संगठनों के आश्वासन के बावजूद भी 17140 व 18150 पर सरकार द्वारा कोई निर्णय नहीं लिया गया जबकि दिसंबर 2008 तक पदोन्नत शिक्षकों को उक्त वेतनमान पहले ही स्वीकृत किया जा चुका है अतः निर्णय लिया गया है कि 17140 व 18150 के मुद्दे को लेकर सक्षम स्तर पर वार्ता की जाएगी और इस समस्या के समाधान हेतु सरकार के समक्ष समस्या रख कर इसका निराकरण शीघ्र कराया जाएगा 17140 के साथ-साथ 18150 पर भी चर्चा की गई आज की बैठक में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के उपाध्यक्ष श्री बलराम बाजपेई संगठन के अध्यक्ष, राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त एवं पुरस्कृत शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष लाल बहादुर गौतम जिला संगठन मंत्री पवन मिश्रा सलाहकार समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र जी सहित सभी लोग इकट्ठा हुए आगामी बैठक में इस पर विस्तृत चर्चा की जाएगी



## ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत

**हरदोई (स्वतंत्र भारत)।थाना** क्षेत्र के ग्राम पड़रिया निवासी भगवानदीन पुत्र मिश्री की पत्नी बिटौली (62) की रविवार को ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना मिलने पर बघौली पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया।पुलिस के अनुसार महिला का शव रेलवे ट्रैक पर पोल संख्या 1150 और 1151 के बीच पड़ा मिला। घटना रेलवे क्षेत्राधिकार में होने के कारण आवश्यक कार्रवाई के लिए जीआरपी को सूचना दी गई। जीआरपी हरदोई के उपनिरीक्षक कुलदीप सिंह ने मौके पर पहुंचकर पंचायतनामा भरने की कार्रवाई पूरी की तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।घटना के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए बघौली थाना अध्यक्ष प्रशांत द्विवेदी सहितपुलिस मौके पर मौजूद रही। पुलिस के अनुसार रेलवे यातायात सामान्य रूप से संचालित होता रहा।

## तहसील कर्मी पर जन्मतिथि में हेरफेर का आरोप

स्वतंत्र भारत

**संडीला।** संडीला तहसील में एक कर्मचारी पर जन्मतिथि में हेरफेर का गंभीर आरोप लगाए। अनिल पंडित ने तहसील में खुद को कर्मचारी बताने वाले मोहम्मद शफीक पर गंभीर आरोप लगाए हैं।अनिल पंडित का कहना है कि उनकी जन्मतिथि के सरकारी रिकॉर्ड में 10 साल का फर्क कर दिया गया है छुटू पोर्टल पर शिकायत इस गड़बड़ी को लेकर अनिल ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी निस्तारण नहीं हुआ। दस्तावेज पूरे हैं अनिल पंडित का कहना है कि उनके पास आधार कार्ड, पैन कार्ड सहित सभी जरूरी दस्तावेज मौजूद हैं स्कूल रिकॉर्ड चेक की मांग उन्होंने सरकार से मांग की है कि उनकी प्राइमरी स्कूल की मार्कशीट, कक्षा 5 और कक्षा 8 की जांच कराई जाए निष्पक्ष जांच की मांग अनिल का कहना है कि निष्पक्ष जांच होने पर ही सच सामने आएगा कि सही क्या है और गलत क्या न्याय नहीं मिला पीड़ित ने कहा कि तहसील से लेकर जिला स्तर तक भटकने के बाद भी उन्हें न्याय नहीं मिला अब हाईकोर्ट का रुख अनिल पंडित ने कहा कि अब वह इस मामले में अंतिम विकल्प के तौर पर हाईकोर्ट में याचिका दायर करेंगे। कर्मचारी पर सवाल मोहम्मद शफीक पर तहसील में अवैध तरीके से दखल देने का भी आरोप लगा है प्रशासन से नाराजगी पीड़ित ने प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए लापरवाही का आरोप लगाया कस्बे में चर्चा संडीला कस्बे में इस मामले को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं चल रही हैं पारदर्शिता पर सवाल रिश्वत और छुटू पोर्टल से जवाब न मिलने से सरकारी पारदर्शिता पर भी सवाल उठे हैं दस्तावेजों से छेड़छाड़ अनिल ने आरोप लगाया कि उनके रिकॉर्ड में जानबूझकर छेड़छाड़ की गई है।

## शिवभक्तों ने किया गंगाजल का वितरण

**माधोगंज (स्वतंत्र भारत)।** सावन माह के प्रथम सोमवार के लिए शिव भक्तों ने हरिद्वार से 2101 लीटर गंगाजल ला कर निशुल्क वितरण किया।



कस्बे के अन्नपूर्णा नगर निवासी शिवभक्त अवनीश गुप्ता, पारुल कश्यप, राजू गुप्ता, रोहित गुप्ता ने 27-7-26 को हरिद्वार जा कर पिकअप मे दो टंकी मे दोहजार एक सो एक लीटर गंगाजल ला कर रविवार को पंडाल लगाकर वितरण किया।शिव भक्तो से गंगाजल लेने के लिये लाइन लगी रही। वही आम जनमानस शिवभक्तो की इस कार्य की तारीफ कर रहे है

## अधेड़ ने दी जान

**हरदोई।** सुरसा कस्बे मे रविवार को एक अधेड़ ने घर मे लगे पंखे से फांसी लगाकर संदिग्ध परिस्थियों मे आत्म हत्या कर ली। फॉरेंसिक टीम ने आवश्यक साक्ष्य संकलित किये हैं। सीओ सिटी अजीत चौहान ने बताया 02 अगस्त को थाना सुरसा पर सूचना प्राप्त हुई कि कस्बा सुरसा निवासी चंद्रपाल पुत्र स्व सुंदर सिंह उम्र लगभग 50 वर्ष द्वारा अपने घर में लगे पंखे में रस्सी से फंदा बनाकर फांसी लगा ली है। सूचना पर पुलिस व फील्ड यूनिट द्वारा मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर नियमानुसार पंचायतनामा की कार्यवाही की जा रही है।

## बिजली विभाग की लापरवाही से ग्रामीण परेशान

**अहिरोरी (स्वतंत्र भारत)।** ब्लॉक अहिरोरी की ग्राम पंचायत धनेउरा गांव निवासियों ने विद्युत उपकेंद्र पर ग्रामीणों ने जमकर विरोध किया ग्रामीणों ने बताया कि हमारे ग्राम पंचायत में काफी दिनों से बिजली नहीं आ रही है जिसका कारण है वहां का ट्रांसफार्मर उसे तत्काल बदलवाया जाए हम लोगों ने कई एक बार यहां के जई को अवगत करा चुके हैं. इस समस्या से तमाम बिजली उपभोक्ता परेशान है हम लोगों की मांग है कि कनेक्शन के हिसाब से बड़ा ट्रांसफार्मर रखा जाए जिससे हम लोगों को बार-बार परेशानियों का सामना न करना पड़े।

## खबर एक नजर

### कांवड़ियों के लिए हरदोई डिपो ने शुरू की पांचाल घाट से गोला की सेवा


**हरदोई (स्वतंत्र भारत)।** सावन माह में भगवान शिव के भक्तों और आम यात्रियों की सुविधा को देखते हुए उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के हरदोई डिपो ने हरदोई-पाली-फर्रुखाबाद-शाहाबाद-मोहम्मदी-गोला-हरदोई मार्ग पर नई बस सेवा (क्र 30,़ञ 7106) शुरू कर दी है। जनता एवं जनप्रतिनिधियों की मांग पर शुरू की गई यह सेवा प्रतिदिन लगभग 342 किलोमीटर का सफर तय करेगी। डिपो प्रभारी वैभव रघुवंशी ने बताया कि बस शाम 7:30 बजे हरदोई से रवाना होकर पाली, फर्रुखाबाद, शाहाबाद और मोहम्मदी होते हुए दोपहर 3:00 बजे गोला गोकर्णनाथ पहुंचेगी। वहीं वापसी में बस दोपहर 3:30 बजे गोला से चलकर जेबीगंज और पिहानी के रास्ते शाम 7:00 बजे हरदोई पहुंचेगी। इस नई बस सेवा का सबसे बड़ा लाभ पांचाल घाट से गंगाजल लेकर गोला गोकर्णनाथ जलाभिषेक के लिए जाने वाले कांवड़ियों को मिलेगा। अब श्रद्धालुओं को सीधी और सुविधाजनक परिवहन व्यवस्था उपलब्ध होगी।

### बालिका कबड्डी टीम ने जीता रजत पदक

**हरदोई (स्वतंत्र भारत)।** सेठ एम आर जयपुरिया स्कूल, हरदोई के खिलाड़ियों ने सीबीएसई क्लस्टर खेल प्रतियोगिताओं में उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल, कन्नौज में आयोजित सीबीएसई क्लस्टर कबड्डी टूर्नामेंट 2026-27 में विद्यालय की अंडर-14 बालिका कबड्डी टीम ने रजत पदक अपने नाम किया। वहीं, अजमानी इंटरनेशनल स्कूल, लखीमपुर में आयोजित सीबीएसई क्लस्टर राज्यस्तरीय खेल प्रतियोगिता 2026-27 में विद्यालय की अंडर-14 टीम ने कांस्य पदक जीतकर एक और उपलब्धि दर्ज की। कबड्डी प्रतियोगिता में विभिन्न जनपदों के विद्यालयों की टीमों ने हिस्सा लिया। सेठ एम. आर. जयपुरिया स्कूल की बालिका टीम ने पूरे टूर्नामेंट में अनुशासित और प्रभावी खेल का प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में जीत दर्ज की तथा फाइनल मुकाबले तक का सफ़र तय किया। इसी क्रम में लखीमपुर में आयोजित सीबीएसई क्लस्टर राज्यस्तरीय खेल प्रतियोगिता में विद्यालय की अंडर-14 टीम ने प्रदेश के विभिन्न विद्यालयों की मजबूत टीमों के बीच प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक पर कब्ज़ा जमाया।

### एनएसडीए मोंटेसरी स्कूल के बच्चों ने फ्रेंड्सिप डे पर बिखेरा जलवा

**पाली-हरदोई (स्वतंत्र भारत)।** शनिवार को पाली कस्बे के निकट सांडी खेड़ा स्थित एनएसडीए मोंटेसरी स्कूल के प्री प्राइमरी के बच्चों ने 'यलो डे'और 'फ्रेंड सिप डे' बड़ी धूमधाम से मनाया। फ्रेंड सिप डे के अवसर पर स्कूल के नन्हें मुन्ने बच्चों ने इस दिन को बड़े उत्साहपूर्वक मनाते हुए एक दूसरे को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। साथ ही मैत्री दिवस के विशेष अवसर पर बच्चों ने विभिन्न रंगारंग कार्यक्रमों और गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।



कक्षा 1 से 10 तक के छात्रों के बीच हैंडराइटिंग का इंटर हाउस कॉम्पटीशन, लंबी दौड़ आदि विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें काफी संख्या में बच्चों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान बच्चों का उत्साह और रचनात्मकता देखते ही बन रही थी। बच्चों ने अपने हांथों से रंग बिरंगे और सुंदर फ्रेंड सिप बैंड बनाये।उन्होंने इन बैंड्स को अपने दोस्तों की कलाई पर बांधकर अपनी दोस्ती को और मजबूत किया।

### बांस काटने को लेकर मारपीट, तीन नामजद

**सवायजपुर, हरदोई (स्वतंत्र भारत)।** थाना सवायजपुर क्षेत्र के ग्राम पाण्डेयपुरवा में बांस काटने को लेकर हुए विवाद मं मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दर्ज एफआईआर के अनुसार, अब्दुल पुत्र सिराज, सिराज पुत्र शमशेर तथा सिराज की पत्नी (नाम अज्ञात) पर आरोप है कि बांस काटने का विरोध करने पर उन्होंने पीड़ित के साथ अभद्रता करते हुए मारपीट की। पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने उसे जमीन पर पटक दिया, जिससे उसे चोटें आईं। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, जिसके बाद मामला शांत हुआ। पीड़ित का यह भी आरोप है कि घटना के बाद आरोपी लगातार जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। मामले की शिकायत पुलिस से किए जाने के बाद संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस का कहना है कि प्रकरण की जांच की जा रही है तथा जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## हड्डी एवं जोड़ रोग परामर्श शिविर का आयोजन

स्वतंत्र भारत



**टोडरपुर/हरदोई।** विकासखंड टोडरपुर के ग्राम जमुरा में सानिया जनरल एवं हड्डी अस्पताल द्वारा निःशुल्क हड्डी एवं जोड़ रोग परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना और हड्डियों से संबंधित बीमारियों के प्रति जागरूक करना था। शिविर का नेतृत्व एमबीबीएस, एमएस (ऑर्थोपेडिक सर्जन) डॉ. रंजीत ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया। शिविर में जोड़ों का दर्द, गठिया, कमर दर्द, ऑस्टियोपोरोसिस (हड्डियों की कमजोरी) तथा पुरानी चोटों से संबंधित मरीजों की निःशुल्क जांच की गई। चिकित्सकों ने मरीजों को आवश्यक परामर्श देने के साथ जरूरतमंदों को दवाइयां भी उपलब्ध कराईं। शिविर में डॉ. रंजीत एवं डॉ. शाहिद की टीम ने स्टेथोस्कोप, बीपी मशीन सहित अन्य चिकित्सकीय उपकरणों की सहायता से मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता से ग्रामीणों, बुजुर्गों, महिलाओं और युवाओं को काफी राहत मिली। ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. रंजीत ने बताया कि स्वस्थ और मजबूत हड्डियों के लिए संतुलित आहार, पर्याप्त कैल्शियम, नियमित व्यायाम तथा समय-समय पर चिकित्सकीय जांच बेहद जरूरी है। शिविर के सफल आयोजन पर स्थानीय लोगों ने चिकित्सकों एवं पूरी मेडिकल टीम का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इस प्रकार के निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाने की अपेक्षा जताई।

## सुलह कर लौट रहे पीड़ित को पीट कर किया घायल

**शाहाबाद हरदोई।** कोतवाली क्षेत्र के बेझा चौराहे के निकट सुलह पर दस्तख्त कर लौट रहे पीड़ित को आरोपियों ने मारपीट कर दोबारा घायल कर दिया। पीड़ित की लिखित तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है। कोतवाली के नेवादा गांव निवासी पीड़ित रामजीत पुत्र रामपाल के अनुसार उसे गांव निवासी ऋषिराम उर्फ़ वर्मा के पुत्र अनिल, अमित और सुमित ने पुरानी रंजिश मे उसे मारपीट कर घायल कर दिया था जिसका प्रार्थना पत्र उसने कोतवाली मे दिया था लेकिन लोगों के समझाने पर उसने 30 जुलाई को थाने मे सुलह कर ली थी।वह सुलह पर साइन कर घर लौट रहा था रास्ते मे बेझा चौराहे पर आरोपियों ने उसे रोककर गाली गलौज करते हुए लात घूँसे से मारपीट कर घायल कर जान से मार डालने की धमकी दी। पीड़ित की लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है।

## हुसैन का जिक्र करना सच्चे ईमान की निशानी होती है -फरीदुद्दीन

स्वतंत्र भारत

**संडीला-हरदोई।** कस्बे के छोटे चौराहे स्थित मोहल्ला सौदागर मे हसनैन मियां के आवास पर शुक्रवार की रात्रि इमाम हुसैन की याद मे परचम ए मोहम्मदी के अध्यक्ष फरीदुद्दीन की अध्यक्षता मे मजलिस का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य रूप से शहर के नायब शहर काजी सय्यद असद मेराज, दरगाह सागर मियाँ के सज़्ज़ादानशीन मुईज़ सागरी, अस्ताना दादा मियां के सज़्ज़ादानशीन सूफ़ी इस्हाक़ अली खान, बज़्म मुस्लिम के अध्यक्ष अब्दुल वली सिद्दीकी व दरगाह मियां बाग हज़रत दुर्वेश शाह बाबा के सज़्ज़ादा नशीन आकिल बाबा मौजूद रहे अपने सदारती ख़िताब (बयान) करते हुए परचम ए मोहम्मदी के अध्यक्ष फरीदुद्दीन अहमद ने कहाँ कि हुसैन की मोहब्बत ईमान की निशानी है उन्होंने कहाँ कि हुसैन ने अपने 72 साथियों के साथ आलम इंसानियत के लिए प्यासे शहीद हो गए थे वही दरगाह सागर मियाँ के सज़्ज़ादानशीन मुईज़द्दीन अहमद सागरी ने कहाँ हुसैन से बुग्ज रखने वाले लोगो के चेहरे बिगड जाते है हुसैन वो है कि जिसकी शिफारिस के बगैर जन्नत मे दाखिला ना मिलेगा वही बजमे मुस्लिम के सदर अब्दुल वली ने हज़रत मुस्तफा की सुन्नतो पर चलने की बात कहीं व शायरों मनकबत हुसैन मे डाक्टर जुबैर सिद्दीकी, फरीद संदीलवी, अंवारुल हक़, गुलाम हुसैन सुहैल संदीलवी, नाचीज़ संदीलवी, हसनैन संदीलवी, सूफ़ी इक़बाल, ने अपने कलाम पेश किये व संचालन मशहूर संचालक फरहत महमूद ने किया प्रोग्राम मे एडवोकेट आलम खां, नूर मियाँ एडवोकेट, एडवोकेट मीसम रिजवी, एडवोकेट हसन इस्तियाक मोनू, फातिर रिजवी, सुल्तान अंसारी, जमाल गाजी प्रधान, मुन्ववर अल्वी, डाक्टर ज़ाहिद राजा, कॉपरेटिव स्टोर के सभापति अंवारुल हक़ मोहम्मद नफीस, असलम मिस्त्री अब्दुल्ला वली आदि मुख्य रूप से लोग मौजूद रहे तबरूक तकसीम के लंगर का एहतिम्माम हुआ और मुल्क के अमन की दुआ की गयी।

## चोरी की बकरी और घटना में प्रयुक्त कार सहित आरोपी गिरफ्तार



**हरदोई (स्वतंत्र भारत)।** बघौली थाना क्षेत्र से कार सवारों द्वारा बकरी चोरी की घटना मे पुलिस ने आरोपी को चोरी की बकरी और घटना मे प्रयुक्त कार के साथ गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त विवरण मे 01 अगस्त को वादी श्री रोशन लाल पुत्र लछिमन निवासी ग्राम अटरा थाना बेनीगंज द्वारा थाना बघौली पर तहरीर दी गयी कि कार सवार अज्ञात चोर द्वारा थाना बघौली क्षेत्रांतर्गत ग्राम उमरापुर से वादी की एक बकरी चोरी कर ली गयी है। इस सम्बन्ध में वादी की तहरीर के आधार पर थाना बघौली पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई थी। थाना बघौली के प्रभारी प्रशांत द्विवेदी और पुलिस बल द्वारा उपरोक्त अभियोग से संबंधित प्रकाश में आए सुगन्ध पुत्र फूलचन्द निवासी मलेहरा थाना सण्डीला को चोरी की एक अदद बकरी व घटना में प्रयुक्त एक अदद कार सहित गिरफ्तार किया गया है।

## पूर्व महामंत्री अनिल सिंह ने छात्र हित में कुलपति से की मुलाक़ात

स्वतंत्र भारत

**हरदोई।** लखनऊ विश्व विद्यालय के पूर्व महामंत्री और छात्र नेता हरदोई निवासी अनिल सिंह वीरू ने पुराने छात्र नेताओं और साथियों के साथ विश्व विद्यालय के कुलपति प्रोफ़ेसर जे पी सैनी से मुलाक़ात कर वर्तमान के छात्र और विश्व विद्यालय हितों पर चर्चा की। कुलपति श्री सैनी ने भी संबंधित को निर्देशित कर आवश्यक सहयोग देने का वादा किया है। छात्र नेता अनिल सिंह वीरू ने लखनऊ से वापस आकर मित्रता दिवस के अवसर पर पत्रकारों को बताया छात्रों के हित के लिए उनका संघर्ष जीवन पर्यन्त चलता रहेगा। उन्होंने कहा रिश्ते जिंदगी के हर मोड़ पर हमें जिंदादिल बनाए रखते हैं। दोस्त तो वो है जो वीराने को भी महफिल बनाए रखते हैं। मित्रता एकमात्र वह संबंध है जो इंसान को जन्म से प्राप्त नहीं होता। इसे हम स्वयं चुनते और बुनते हैं। और यकीन जानिए दोस्ती के बिना जिंदगी हो ही नहीं सकती वैसे ही जैसे सूर्योदय के बिना दिन नहीं हो सकता।उन्होंने इस अवसर पर सभी दोस्तों की दीर्घायु, अच्छे स्वास्थ्य, सफलता और समृद्धि की कामना करते हुए आप सभी को मित्रता दिवस के पावन पर्व की बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मित्र ही तो जीवन का इत्र हैं। आइए जीवन की इस बगिया को मित्र के इत्र से महकाते रहे।



## कपड़ा-व्यापारी की पत्नी की हादसे में मौत



**पड़रिया तुला-खीरी (स्वतंत्र भारत)।** भीरा थाना क्षेत्र में रविवार शाम एक सड़क दुर्घटना में कपड़ा व्यापारी राजेंद्र प्रसाद गोयल की 66 वर्षीय पत्नी सीता रानी की मृत्यु हो गई। यह घटना भीरा मेन बाजार में शाम करीब 7 बजे हुई। जानकारी के अनुसार, सीता रानी भीरा मेन बाजार की सड़क पर किसी काम से जा रही थीं। इसी दौरान सामने से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर गईं। परिजनों ने तत्काल उन्हें स्थानीय चिकित्सक के पास पहुंचाया, जहां जांच के बाद डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस दुर्घटना में बाइक चालक भी गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे बिजुआ सीएचसी ले जाया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना के बाद क्षेत्र में गम का माहौल है। स्थानीय लोगों ने बाजार क्षेत्र में तेज रफ्तार वाहनों पर अंकुश लगाने और स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग की है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं व बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की दी जानकारी

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के कोटार नाथ व राजपुर गांव में रविवार को एसआई रमाशंकर व कांस्टेबल हेड कांस्टेबल अभिषेक चौबे, महिला कांस्टेबल सलोनी दिवाकर द्वारा चौपाल लगाकर मिशन शक्ति फेज 5.0 के द्वितीय चरण तहत महिलाओ व बालिकाओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओ एवं हेल्पलाइन नंबरों से अवगत कराया गया बालिकाओं के लिए बनाए गए कानूनों के बारे में महिला शशक्तिकरण के बारे जागरूक किया गया।



पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112, महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर ( आईजीआरएस) - 1076, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930, एंबुलेंस हेल्पलाइन नंबर 108, गर्भवती महिलाओं के लिए एम्बुलेंस हेल्पलाइन नंबर 102, अग्निशमन हेल्पलाइन नंबर 101,आशा ज्योति केंद्र 181 आदि हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए जागरूक किया गया है।

इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत मिशन शक्ति टीम द्वारा लगातार क्षेत्र में प्रतिदिन दो स्थानों पर चौपाल लगाकर महिलाओ व बालिकाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए शासन के द्वारा बनाये गए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है।

# हलिया ब्लॉक में आरोग्य मेला का आयोजन 215 मरीजों का हुआ उपचार



**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** हलिया ब्लॉक के अंतर्गत विभिन्न प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आरोग्य मेला का आयोजन किया गया। मेले में ग्रामीणों की भारी भागीदारी देखी गई और सैकड़ों लोगों ने निःशुल्क स्वास्थ्य जांच व परामर्श का लाभ लिया। उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में चिकित्सक विवेक खरे ने 51 नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार में चिकित्सक कामेश्वर तिवारी ने 39 नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरौधा में चिकित्सक अभिषेक जायसवाल व शालिनी सिंह ने 43 नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ड्रमण्डगंज चिकित्सक बालकृष्ण मिश्रा ने 45 नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मूडपेली चिकित्सक मनीष कुमार ने 37 मरीजों का उपचार किया कुल 215 लोगों ने आरोग्य मेले में हिस्सा लिया। सामान्य स्वास्थ्य जांच, बीपी-शुगर टेस्ट, गर्भवती महिलाओं की जांच, टीकाकरण, निःशुल्क दवा वितरण और स्वास्थ्य परामर्श की सुविधा उपलब्ध कराई गई। आरोग्य मेले का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को घर के पास उपलब्ध कराना और लोगों को रोगों की रोकथाम व प्रारंभिक उपचार के प्रति जागरूक करना था। स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने मेले को सफल बनाने के लिए दिनभर सेवाएं दीं। इस दौरान फर्मासिस्ट अजय कुशवाहा, मनोज कुमार, सुभाष पटेल आदि मौजूद रहे।

## रामलीला कमेटी ड्रमंडगंज के अध्यक्ष बने आशीष केशरी



**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमंडगंज बाजार स्थित रामलीला मंच पर शनिवार की रात रामलीला कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से आशीष केशरी (गुड्डू) को आदर्श श्रीराम लीला कमेटी का अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। रामलीला कमेटी के पूर्व अध्यक्ष अंजनी सोनी ने बताया कि बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने आशीष केशरी के नाम पर सर्वसम्मति से अपनी सहमति जताई। अध्यक्ष निर्वाचित होने पर आशीष केशरी ने रामलीला कमेटी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह पूरी निष्ठा व समर्पण भाव से अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। आगामी रामलीला के भव्य एवं सफल आयोजन हेतु सभी के सहयोग से कार्य करेंगे। बैठक में रामलीला कमेटी के पूर्व अध्यक्ष अंजनी सोनी, लवकुश केशरी, ग्राम प्रधान कौशलेंद्र गुप्ता, शत्रुघ्न केशरी, तारकेश्वर केशरी, शिवम केशरी, अनिल केशरी, दिलीप चौरसिया, ओंकार केशरी, विजय पाल, अनूप केशरी, बाबा केशरी आदि मौजूद रहे।

## बारिश में पैर फिसलने से छात्रा घायल हाथ में फ्रैक्चर, ट्रामा सेंटर रेफर

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सोनगढ़ा गांव स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय सोनगढ़ा में शनिवार को बारिश के दौरान फिसलकर गिरने से एक छात्रा घायल हो गई। हादसे में उसके बाएं हाथ में फ्रैक्चर हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार, विद्यालय में अध्ययनरत कक्षा सात की 13 वर्षीय छात्रा शिल्पा बारिश के दौरान शौचालय की ओर जा रही थी। इसी बीच विद्यालय परिसर में फर्श पर पानी जमा होने के कारण उसका पैर फिसल गया और वह गिर पड़ी। हादसे में उसके बाएं हाथ की कलाई के पास गंभीर चोट लग गई। घटना के बाद विद्यालय के शिक्षकों ने परिजनों को सूचना दी और छात्रा को तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया पहुंचाया गया। जहां चिकित्सक डा. विवेक खरे ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उसे जिला अस्पताल के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया।

## वज्रपात की चपेट में आने से 17 वर्षीय किशोर की मौत

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** हलिया थाना क्षेत्र के सिलहटा गांव में शनिवार दोपहर करीब एक बजे के करीब बज्रपात होने से 17 वर्षीय किशोर की दर्दनाक मौत हो गई। घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई, जबकि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना से ग्रामीणों को मिली बेहतर आवागमन सुविधा, सड़कों पर दौड़ रही बसें

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन को आसान और सुलभ बनाने के उद्देश्य से चलाई जा रही मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना धरातल पर असर दिखा रही है। योजना के तहत संचालित बस ग्रामीण मार्ग पर यात्रियों को लेकर जाती नजर आ रही है।बस के अगले हिस्से पर मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना है, जो ग्रामीणों के लिए शुरू की गई इस सुविधा को दर्शाता है। योजना के तहत छोटे और दुर्गम गांवों को मुख्य सड़कों और कस्बों से जोड़ने के लिए निजी ऑपरेटरों को सब्सिडी पर बसें उपलब्ध कराई जाती हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले ग्रामीणों को स्कूल, अस्पताल और बाजार जाने के लिए साधन की भारी दिक्कत होती थी। अब नियमित बस सेवा शुरू होने से छात्र, किसान और महिलाएं आसानी से अपने गंतव्य तक पहुंच पा रहे हैं। प्रशासन का कहना है कि योजना का उद्देश्य ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना और अंतिम छोर तक परिवहन सुविधा पहुंचाना है। बस संख्या न्च्65 छज्4103 जैसी कई बसें विभिन्न क्षेत्र से संचालित हो रही हैं।बसों के संचालन से प्राइवेट डगगमार वाहनों के मालिकों की मुश्किले बढ़ गयी है वंही ग्रामीणों ने सरकार की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे न सिर्फ समय की बचत हो रही है, बल्कि आवागमन का खर्च भी कम हुआ है।

**मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन की बस के संचालन से डग्गामार वाहनों के मालिकों की बढ़ी बेचौनी**

## सावन के पहले रविवार को कोटार नाथ शिव मंदिर में उमड़ा भक्तों का सैलाब, हुआ जलाभिषेक

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** पवित्र सावन माह के प्रथम रविवार को अदवा नदी के मध्य टीले पर स्थित प्रसिद्ध कोटार नाथ शिव मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही मंदिर परिसर हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा।भक्तों ने मंदिर में पहुंचकर बाबा कोटार नाथ का विधि-विधान से जलाभिषेक, दूधाभिषेक और बेलपत्र अर्पित किए। कई श्रद्धालुओं ने मंदिर में रुद्राभिषेक और विशेष पूजा-अर्चना भी करवाई।मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि सावन के हर सोमवार और रविवार को यहां विशेष व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, बैठने और प्रसाद वितरण की व्यवस्था मंदिर प्रबंधन द्वारा की गई थी। स्थानीय लोगों का मानना है कि कोटार नाथ मंदिर में सच्चे मन से मांगी गई मन्नतें पूरी होती हैं, इसी कारण सावन माह में दूर-दूर से भक्त यहां दर्शन करने आते हैं। थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव द्वारा भीड़ को देखते हुए मंदिर परिसर में सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पूरे दिन माहौल भक्तिमय रहा और भजन-कीर्तन के साथ शिव भक्तों ने सावन का आनंद लिया।

## रवि यादव के परिवार को हाईकोर्ट से राहत, ध्वस्तीकरण पर लगी रोक

**स्वतंत्र भारत खेतासराय जौनपुर।** खेतासराय चर्चित दूल्हा हत्याकांड में

**प्रशासनिक कार्यवाही पर उठे सवाल, राज्य सरकार व नगर पंचायत से छह सप्ताह में मांगा जवाब**

पुलिस मुठभेड़ में मारे गए रवि यादव के परिवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। न्यायालय ने मकान ध्वस्तीकरण और बेदखली की प्रशासनिक कार्यवाही पर अंतरिम रोक लगाते हुए अगली सुनवाई तक यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई एक अक्तूबर को होगी। रवि यादव के पिता की ओर से दायर याचिका में प्रशासन की कार्यवाही को चुनौती देते हुए दावा किया गया कि परिवार जिस भूमि पर निवास कर रहा है, वह भूमिधरी गाटा संख्या-625 है, जबकि बेदखली की कार्यवाही गाटा संख्या-624 को आधार बनाकर की गई, जो राजस्व अभिलेखों में सार्वजनिक उपयोग की भूमि के रूप में दर्ज है। याचिका में यह भी कहा गया कि सीमांकन कराए बिना और पर्याप्त अवसर दिए बिना बेदखली व हर्जाने का आदेश पारित कर दिया गया। मामले की



सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति चन्द्र कुमार राय ने प्रथम दृष्टया याचिका में उठाए गए बिंदुओं को विचारणीय माना। कोर्ट ने राज्य सरकार और नगर पंचायत से छह सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने को कहा है, जबकि याचिकाकर्ता को दो सप्ताह में प्रत्युत्तर देने की छूट दी गई है। तब तक ध्वस्तीकरण और बेदखली संबंधी आदेशों के क्रियान्वयन पर रोक प्रभावी रहेगी। उधर, इसी प्रकरण में रवि यादव की पुलिस मुठभेड़ में मौत को लेकर उत्तर प्रदेश राज्य मानवाधिकार आयोग ने भी संज्ञान लिया है। आयोग ने कलेक्टर जौनपुर से विस्तृत जांच रिपोर्ट तलब कर पूरे घटनाक्रम की तथ्यात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता डॉक्टर गजेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि किसी भी व्यक्ति पर आपराधिक आरोप होने से उसके परिवार के संवैधानिक और वैधानिक अधिकार समाप्त नहीं हो जाते। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट का अंतरिम आदेश विधिक प्रक्रिया के तहत महत्वपूर्ण आदेश है।

## बदहाली का शिकार टडियांव कोल्ड स्टोरेज किसानों ने उठाई पुनरोद्धार की मांग

**स्वतंत्र भारत, मऊ।** कभी क्षेत्र की कृषि व्यवस्था की पहचान रहा टडियांव कोल्ड स्टोरेज आज जर्जर होकर असामाजिक तत्वों का अड्डा बन गया है। एक समय यहां आलू भंडारण के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉलियों और बैलगाड़ियों की लंबी कतारें लगती थीं, लेकिन अब खाद-बीज वितरण भी पूरी तरह बंद हो चुका है। खाद न मिलने से आसपास के गांवों के किसानों को कोपागंज और घोसी तक भटकना पड़ रहा है। किसानों ने जनप्रतिनिधियों और प्रशासन पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकारी संपत्ति बदहाल हो रही है, लेकिन कोई सुध लेने वाला नहीं है। किसानों ने कोल्ड स्टोरेज के शीघ्र जीर्णोद्धार और यहां खाद-बीज वितरण केंद्र दोबारा शुरू करने की मांग की है।

## रतनपुरा स्टेशन की सुविधाएं बढ़ाने की मांग

**स्वतंत्र भारत, मऊ।** रतनपुरा के युवा साहू नेता अंगद साहू ने रेल मंत्री को पत्र भेजकर रतनपुरा रेलवे स्टेशन पर लंबी दूरी की ट्रेनों के ठहराव, कंप्यूटरीकृत आरक्षण काउंटर, वाराणसी के लिए मेमू/डेमू ट्रेन संचालन तथा दिव्यांग यात्रियों के लिए रैंप निर्माण की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह स्टेशन मऊ, बलिया और गाजीपुर के हजारों यात्रियों के लिए महत्वपूर्ण है, इसलिए जनहित में आवश्यक सुविधाएं जल्द उपलब्ध कराई जानी चाहिए।

## परिवार परामर्श समिति ने 8 दंपतियों में कराया समझौता

**स्वतंत्र भारत, मऊ।** मिशन शक्ति 5.0 के तहत पुलिस कार्यालय में आयोजित परिवार परामर्श समिति की बैठक में 49 मामलों की सुनवाई हुई। इनमें 16 मामलों का निस्तारण किया गया, जबकि समिति के प्रयास से आठ दंपति आपसी मतभेद भुलाकर साथ रहने को राजी हो गए। शेष मामलों की अगली सुनवाई 9 अगस्त को होगी।

## राष्ट्रीय पत्रकार संघ ने पत्रकारों का किया सम्मान

**स्वतंत्र भारत, मऊ।** राष्ट्रीय पत्रकार संघ भारत ने गृहस्थ प्लाजा में सम्मान समारोह आयोजित कर पत्रकारों को सम्मानित किया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश सिंह ने पत्रकारों से निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकारिता का आह्वान करते हुए संगठन की मजबूती पर जोर दिया। कार्यक्रम में पत्रकारों के अधिकारों पर चर्चा हुई तथा 9 अगस्त को चार सूत्रीय मांगपत्र शासन को भेजने की घोषणा की गई। समारोह में बड़ी संख्या में पत्रकार एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## वारंटी अभियुक्ता गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत, मऊ।** अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत रामपुर पुलिस ने वारंटी अभियुक्ता उषा देवी, निवासी मर्यादपुर, को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्ता को न्यायालय भेज दिया।

## ड्रमंडगंज घाटी में बोरी में फेंका मिला संदिग्ध मांस

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के वाराणसी रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग 135 स्थित ड्रमंडगंज घाटी के

**पुलिस ने चार किलोमीटर दूर नेशनल हाईवे किनारे लहुरियादह जंगल में बोरी को जांच के लिए ढंककर रखवाया**

बड़का मोड़ घुमान के पास शनिवार शाम को बोरी में बंद संदिग्ध मांस मिलने पर राहगीरों में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आनन-फानन में बोरी को एक आटो पर लदवाकर ड्रमंडगंज घाटी के ऊपर नेशनल हाईवे किनारे लहुरियादह जंगल में चार किलोमीटर दूर ढंककर रखवा दिया। पुलिस द्वारा बोरी को जंगल में ले जाने पर क्षेत्रीय लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है।

मौके पर मौजूद राहगीरों व स्थानीय लोगों ने बताया कि बोरी से आ रही दुर्गंध से ऐसा प्रतीत हो रहा था कि बोरी में बंद मांस दो तीन पहले का है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि पुलिस को संदिग्ध बोरी को थाने पर ले जाकर जांच करवानी चाहिए थी। लेकिन पुलिस ने बोरी को एक आटो पर लदवाकर नेशनल हाईवे किनारे लहुरियादह जंगल में फिंकवा दिया। पुलिस की कार्य प्रणाली को लेकर क्षेत्रीय लोगों में तरह तरह की चर्चाएं हो रही हैं। हालांकि बोरी में किस जानवर का मांस फेंका गया है यह तो जांच के बाद ही पता चल सकेगा। वहीं पुलिस का कहना है कि बोरी में बंद मांस जंगली सुअर का लग रहा है। जिसे किसी के द्वारा बड़का मोड़ घुमान पर फेंक दिया गया।इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक ड्रमंडगंज राजेश कुमार ने बताया कि ड्रमंडगंज घाटी में बंद बोरी में मिला मांस सुअर का लग रहा है जिसे खराब होने पर बोरी में बंद कर किसी के द्वारा ड्रमंडगंज घाटी के बड़का मोड़ घुमान के पास फेंक दिया गया था।बोरी को नेशनल हाईवे किनारे लहुरियादह गांव में जांच के लिए ढंककर रखवाया गया है।

## स्कूल जाने के लिए घर से निकली तीन छात्राएं रहस्यमय ढंग से हुई लापता, पुलिस जांच में जुटी

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** लालगंज थाना क्षेत्र के एक गांव से तीन छात्राएं शनिवार को रहस्यमय ढंग से लापता हो गईं। वे अपने घरों से विद्यालय जाने के लिए निकली थीं, लेकिन वापस नहीं लौटीं। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। ये तीनों किशोरियां लालगंज थाना क्षेत्र के एक ही गांव की रहने वाली हैं और स्थानीय राजकीय हाईस्कूल में पढ़ती हैं। शनिवार को स्कूल के बाद जब वे घर नहीं पहुंचीं, तो परिजनों को चिंता हुई। देर रात तक खोजबीन के बाद भी उनका कोई सुराग नहीं मिला। रात भर जागने के बाद, रविवार सुबह परिजनों ने लालगंज थाने में पहुंचकर प्रभारी निरीक्षक को गुमशुदगी दर्ज करने के लिए तहरीर दी। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए गुमशुदगी का मामला दर्ज कर लिया और लापता छात्राओं की खोजबीन में जुट गई।इस संबंध में लालगंज प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश पांडेय ने बताया कि तीनों छात्राओं की गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है। पुलिस टीम लगातार सुराग लगा रही है।दावा किया की छात्राओं को ट्रेस कर लिया गया है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि लापता छात्राओं को जल्द ही बरामद कर लिया जाएगा।

## युवा ठान लें तो नशा हो सकता है खत्म : कुलपति

**स्वतंत्र भारत जौनपुर।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, उच्च शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश सरकार एवं संबंधित विभागों के निर्देश के क्रम में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर के राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी), अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालय एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को महंत अवैद्यनाथ संगोष्ठी भवन में ÷नशा मुक्त युवा ङ्क विकसित भारत संकल्प अभियान÷ का शुभारंभ किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देशभर के विभिन्न विश्वविद्यालयों में एक साथ प्रारंभ हुए इस 100 सप्ताहीय राष्ट्व्यापी अभियान का उद्देश्य युवाओं को नशे की बुराइयों से दूर रखते हुए राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करना है।

कार्यक्रम के दौरान नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा (एनएसडी), नई दिल्ली द्वारा प्रस्तुत लघु नाटक ने उपस्थित युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया। नाटक में यह दर्शाया गया कि किस प्रकार युवा नशे की गिरफ्त में आते हैं, उनका जीवन और परिवार प्रभावित होता है तथा जागरूकता एवं दृढ़ इच्छाशक्ति के माध्यम से इस समस्या से मुक्ति पाई जा सकती है।

कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्र के नाम संदेश के लाइव प्रसारण से हुआ। इसके उपरांत कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि आज का दिन भारतीय युवाओं के लिए एक ऐतिहासिक संकल्प का दिन है। यदि युवा ठान लें तो समाज से नशे की बुराई को समाप्त करना कठिन नहीं है। देशभर के विश्वविद्यालयों में एक साथ आयोजित यह अभियान विकसित भारत के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

उन्होंने कहा कि नशा मुक्त भारत का संकल्प केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक सामाजिक आंदोलन है, जिसमें युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है।

## खड़े कंटेनर में पीछे से दूसरा कंटेनर टकराया, दो घायल

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** लालगंज थाना क्षेत्र के वाराणसी रीवा राष्ट्रीय मार्ग 135 पर स्थित राजापुर पेट्रोल पंप के पास शनिवार शाम खड़े कंटेनर में पीछे से आ रही तेज रफ्तार दूसरे कंटेनर ने अनियंत्रित होकर टक्कर मार दिया। जिससे कंटेनर में बैठे दो लोग घायल हो गए। मौके पर पुलिस बल के साथ पहुंचे लहंगपुर चौकी प्रभारी सुजीत कुमार सेठ ने आगे खड़े कंटेनर को सड़क किनारे करवाया और दूसरे कंटेनर में फंसे दोनों व्यक्तियों को गंभीरावस्था में निकाल कर एंबुलेंस सेवा 1033 से अस्पताल भेजा। पुलिस के अनुसार मध्य प्रदेश की तरफ से आ रही कंटेनर राजापुर पेट्रोल पंप के सामने एकाएक ब्रेक लगाकर खड़ा कर दिया। वहीं पीछे से आ रही तेज रफ्तार दूसरा कंटेनर भी अनियंत्रित होकर खड़ी कंटेनर में टकरा गई। घायलों में पवन पुत्र गुल्ले सिंह निवासी रागोपुरा जिला गुना मध्य प्रदेश व शिवाकांत पुत्र रघुवीर निवासी आदमपुर हरदोई को एंबुलेंस 1033 से अस्पताल भेजा गया।

## महिला ने दो लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सुईया कला गांव निवासी संतरा देवी ने शनिवार की देर शाम थाने में तहरीर देकर गांव निवासी दो लोगो के विरुद्ध गाली गलौज मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है दी गयी तहरीर मे बताया है की 27 जुलाई को पुरानी रंजिस की बात को लेकर गांव निवासी श्यामजीत व बबलू गाली गलौज देते हुए लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया जान से मारने की धमकी दिया है जिस पर पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर घायल महिला को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भेज दिया मामले की जांच एसआई घनश्याम सिंह द्वारा किया जा रहा है इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की महिला की तहरीर पर दो लोगो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल किया जा रहा है।


स्वतंत्र भारत वर्गीकृत

**सूचना**

मैंने बमबहादुर के नाम से एल0आई0सी0 की एक पालिसी 215151201 लिया था जबकि आधारकार्ड व बैंक में मेरा नाम ओम प्रकाश दर्ज है दोनों नाम का एक ही व्यक्ति है। ओमप्रकाश पुत्र राम कृपाल, ग्रा0-जनकौरा, पो0-जानकीनगर, गोण्डा।

**सी.आर.- 908/D-28**

**सूचना**

मेरा दो नाम मो0 जयुफ उर्फ जयुफ मोहम्मद है, दोनों नाम का एक ही व्यक्ति हूं। मुझे दोनों नाम से जाना व पहचाना जाये। जयुफ मोहम्मद पुत्र मुस्तकीम ग्रा0 बल्लीडीह, रघवापुर बलरामपुर।

**सी.आर.- 908/D-25**

**सूचना**

मेरा नाम मेरे पति रोहित गुप्ता के पासपोर्ट में त्रुटिवश अर्पिता गुप्ता अंकित हो गया है जबकि मेरे सरकारी व शैक्षिक अभिलेखों में अर्पिता बर्नवाल दर्ज है। अतः अर्पिता बर्नवाल ही सही नाम है। अर्पिता बर्नवाल पत्नी रोहित गुप्ता निवासी मोहल्ला ईदगाह, थाना कोतवाली लखीमपुर, तहसील लखीमपुर, जिला खीरी।


**सी.आर.- 910/D-40**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि (RIJVAN रिजवान) जो अपना नाम बदल कर (MOHAMMAD RIZWAN मोहम्मद रिजवान) कर रहा है। और मेरे पिता का सही नाम MOHD USMAN है। इसी नाम को मेरे सरकारी व अन्य सरकारी अभिलेखों में दर्ज किया जाए तथा इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। MOHAMMAD RIZWAN मोहम्मद रिजवान काज़ीपुरा उत्तरी थाना कोतवाली नगर जनपद बहराइच।

**सी.आर.- 911/D-50**

**गुमशुदा**



सर्वविदित को कि मेरे बड़े भाई रामसजीवन पुत्र जगपाल अरसा 08 मई, 1995 को घर से बाहर गए और आज तक लौटकर नहीं आये न किसी द्वारा कहीं देखे गए। मैं/ राममूर्ति पुत्र जगपाल नि. पिण्डौली, वि. खंड व थाना व शिवगढ़, प. कुम्हरावां, महाराजगंज, रायबरेली।

**सी.आर.- 912/D**

**माता वैष्णों शैल्यावाला हरिप्रकाश इण्टर कालेज, रघुनाथपुर-खण्डहर परशुरामपुरी (जलालाबाद) जनपद शाहजहाँपुर पिन कोड 242221**

**आवश्यकता है**

| | |
|---|---|
| प्रधानाचार्य- (हिन्दी एवं अंग्रेजी वार्तालाप में दक्षता एवं 5 वर्ष का अनुभव) (एवं TGT-PGT अध्यापकों की) | 01 पद |
| अंग्रेजी | 01 पद |
| रसायन विज्ञान- | 01 पद |
| जीव विज्ञान- | 01 पद |
| हिन्दी- | 01 पद |
| गणित- | 01 पद |
| संस्कृत- | 01 पद |
| कम्प्यूटर आपरेटर- | 01 पद |
| म्यूजिक टीचर- | 01 पद |
| क्रीड़ा अध्यापक- | 01 पद |
| सहायक अध्यापक (प्राइमरी सेक्शन)- | 02 पद |

इच्छुक व्यक्ति तीन कार्य दिवस के अन्दर अपना बायोडाटा mail पर भेजे।

**सम्पर्क सूत्र**
**विकास कुमार सक्सेना**
**(प्रबन्धक)**
**मोबा-9670366667**
email-mvsh30may2015@gmail.com

**सी.आर.- 913/D**

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।



स्वतंत्र भारत

एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**

स्थानीय संपादक : **विष्णु मोहन***

फोन : 0522-4043151

swatantrabharat77@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।

**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।**

# ट्रंप ने किया ईरान युद्ध खत्म होने का ऐलान

## दावा- पश्चिम एशियाई देशों के बीच लड़ाई खत्म करने पर बनी सहमति, नए हमले भी रोके



**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति ने चौंकाते हुए ईरान युद्ध खत्म करने का एलान कर दिया है। एपी की रिपोर्ट्स के अनुसार, डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि पश्चिम एशिया के देशों के बीच ईरान युद्ध खत्म करने पर सहमति बन गई है। साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि अमेरिका अब ईरान पर नए हमले भी नहीं करेगा।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार शाम सोशल मीडिया पर दावा किया कि पश्चिम एशिया के सहयोगी देशों ने ईरान के साथ जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए एक समझौते की रूपरेखा (आउटलाइंस) पर सहमति बना ली है। उन्होंने कहा कि इस प्रगति को देखते हुए फिलहाल पांच महीने पुराने इस संघर्ष में नए सैन्य हमलों के आदेश नहीं दिए जाएंगे। ट्रंप ने कहा कि प्रस्तावित समझौते में होर्मुज जलडमरूमध्य को तुरंत और पूरी तरह से खोलना तथा ईरान के परमाणु खतरे का अंत शामिल होगा। ट्रंप ने लिखा, 'मैंने दुनिया के हित और एक सफल एवं समृद्ध ईरान के अस्तित्व को ध्यान में रखते हुए फिलहाल हमला रद्द करने पर सहमति दी है, बशर्ते जल्द समझौता हो सके।' ट्रंप ने यह भी दावा किया कि इस्राइल ने भी अमेरिका के साथ मिलकर ईरान के साथ ये समझौता पूरा करने की प्रतिबद्धता जताई है, जिससे युद्ध समाप्त हो सके। इससे पहले शनिवार को सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने ट्रंप से फोन पर बातचीत की। इस बातचीत के दौरान क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने ईरान के खिलाफ अमेरिका की संभावित सैन्य कार्रवाई को लेकर चिंता जताई और ट्रंप से लड़ाई आगे नहीं बढ़ाने की अपील की थी। दोनों नेताओं की बातचीत ऐसे समय हुई जब ट्रंप ने सेना को ईरान पर नए हमलों के निर्देश दिए थे। दरअसल सऊदी अरब को आशंका थी कि अगर अमेरिका ईरान के ऊर्जा ढांचे या अन्य प्रमुख बुनियादी ढांचे पर बड़े पैमाने पर हमला करता है, तो तेहरान जवाबी कार्रवाई में सऊदी अरब और अन्य खाड़ी देशों के ऊर्जा प्रतिष्ठानों को निशाना बना सकता है। इस सप्ताह की शुरुआत में सऊदी अरब ने इराक में ईरान समर्थित मिलिशिया के कई लॉजिस्टिक और हथियार ठिकानों पर अमेरिकी कार्रवाई में साथ दिया था। हालांकि, रियाद लगातार अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत से विवाद का समाधान करने पर जोर दे रहा था। इसी क्रम में सऊदी रक्षा मंत्री और क्राउन प्रिंस के भाई खालिद बिन सलमान बुधवार को वॉशिंगटन पहुंचे थे। उन्होंने ट्रंप और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस से अलग-अलग मुलाकात कर ईरान रणनीति पर चर्चा की।

# इस्राइल को ईरानी हमले से बचा पाएगा अमेरिका?



**वाशिंगटन।** ईरान के साथ जारी सैन्य संघर्ष के बीच अमेरिका की रक्षा तैयारियों को लेकर बड़ी चिंता सामने आई है। अमेरिकी यूरोपीय

- युद्धपोत कम, मिसाइलें घटीं
- शीर्ष जनरल की पेंटागन को चेतावनी

कमान के प्रमुख जनरल एलेक्सस ग्रिनकेविच ने पेंटागन को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी नौसेना के पास अब इतने युद्धपोत और इंटरसेप्टर मिसाइलें नहीं बची हैं कि वह लंबे समय तक ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल हमलों से इस्राइल की रक्षा करता रहे।

इस्राइल की तुलना में अमेरिका ने खर्चीं ज्यादा मिसाइलें: रिपोर्ट वॉशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, जनरल ग्रिनकेविच ने भूमध्य सागर में एक और अमेरिकी विध्वंसक तैनात करने की मांग की है। उनका कहना है कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो अमेरिका को भविष्य में एक कठिन फैसला लेना पड़ सकता है। उसे यह तय करना होगा कि वह अपनी मातृभूमि की सुरक्षा को प्राथमिकता दे या फिर इस्राइल की रक्षा के लिए अपने संसाधन खर्च करता रहे। रिपोर्ट में कहा गया है कि मौजूदा युद्ध के दौरान अमेरिका ने इस्राइल की तुलना में कहीं ज्यादा इंटरसेप्टर मिसाइलें दागी हैं। इन मिसाइलों का इस्तेमाल ईरान की बैलिस्टिक मिसाइलों को हवा में ही नष्ट करने के लिए किया गया।

रक्षा मामलों से जुड़े थिंक टैंक सीएसआईएस और अमेरिकी रक्षा विभाग के आंतरिक आकलन के अनुसार, अमेरिका के कई अहम मिसाइल सिस्टम का बड़ा हिस्सा इस्तेमाल हो चुका है। इनमें थाड और पेट्रियट जैसे एयर डिफेंस सिस्टम के करीब 50 फीसदी इंटरसेप्टर खर्च हो चुके हैं। इसके अलावा प्रिसिजन स्ट्राइक मिसाइल, टॉमहॉक क्रूज मिसाइल, जेएएसएसएम और एसएम-3/एसएम-6 जैसी मिसाइलों के भंडार में भी कमी आई है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, अत्याधुनिक मिसाइलों का उत्पादन आसान नहीं है। युद्ध के दौरान खर्च हुए हथियारों की भरपाई करने और पुराने स्तर का स्टॉक तैयार करने में अमेरिकी सेना को कई साल लग सकते हैं। यही वजह है कि रक्षा विशेषज्ञ भविष्य में किसी नए बड़े संघर्ष की स्थिति में अमेरिका की तैयारियों को लेकर चिंता जता रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर पश्चिम एशिया के अलावा दुनिया के किसी अन्य क्षेत्र में भी बड़ा सैन्य संकट पैदा होता है, तो अमेरिका के लिए एक साथ कई मोर्चों पर जवाब देना मुश्किल हो सकता है। ऐसे में उसके सीमित मिसाइल भंडार और युद्धपोतों की उपलब्धता बड़ी चुनौती बन सकती है।

# अमेरिकी रेस्तरां के भीतर गोलीबारी, तीन की मौत


**वॉशिंगटन।** अमेरिका के आइडाहो राज्य के ट्विन फॉल्स शहर में शनिवार दोपहर एक इन-एन-आउट बर्गर रेस्तरां के अंदर हुई गोलीबारी

- दो घायल, हमलावर ढेर

में तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं दो अन्य घायल हो गए। घटना के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने बताया कि हमलावर भी मारा गया है और फिलहाल समुदाय के लिए किसी तरह का खतरा नहीं बचा है। हालांकि, मरने और घायलों की सही संख्या अभी जारी नहीं की गई है। पुलिस के मुताबिक गोलीबारी शहर के सबसे व्यस्त कारोबारी इलाके में हुई। घटना के समय रेस्तरां और आसपास काफी लोग मौजूद थे। कई पुलिस एजेंसियां और आपातकालीन टीमें मौके पर पहुंचीं। अधिकारियों ने आसपास की सड़कों को बंद कर लोगों से इलाके से दूर रहने की अपील की। मेडिकल टीम ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया और इलाज शुरू किया। ट्विन फॉल्स पुलिस प्रमुख मैथ्यू हिक्स ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि उन्हें भरोसा है कि अब समुदाय के लिए खतरा खत्म हो चुका है। उन्होंने बताया कि संदिग्ध हमलावर घटनास्थल के पास ही मृत मिला। पुलिस उसकी पहचान और हमले के पीछे की वजह जानने की कोशिश कर रही है। हिक्स ने कहा कि घटनास्थल पर काफी अफरा-तफरी थी और मृतकों व घायलों की सही संख्या बताने से पहले उनके परिवारों को सूचना देना जरूरी है।

## चेतावनी : सिंधु जल संधि पर भारत की दो टूक

# पाक ने खुद गिराई अपनी साख, पहले खत्म करे आतंकवाद



**वॉशिंगटन।** अमेरिका में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा ने कहा कि सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) सद्भावना और मित्रता की भावना के साथ की गई थी, लेकिन पाकिस्तान ने पिछले कई दशकों में इस भावना को लगातार कमजोर किया। उन्होंने कहा कि भारत द्वारा संधि को स्थगित रखने का फैसला केवल उस वास्तविकता को स्वीकार करना है, जिसे पाकिस्तान के व्यवहार ने पहले ही नष्ट कर दिया था।

क्वात्रा ने यह बात न्यूजवीक पत्रिका में प्रकाशित अपने लेख में कही। क्वात्रा ने लिखा, 'यह याद रखना चाहिए कि संधि की प्रस्तावना में कहा गया है कि इसे 'सद्भावना और मित्रता की भावना' से संपन्न किया गया था। पाकिस्तान ने आधी सदी तक इस सद्भावना और मित्रता को खत्म करने का काम किया। संधि को स्थगित रखने का फैसला केवल उसी स्थिति को स्वीकार करता है, जिसे पाकिस्तान के आचरण ने पहले ही नष्ट कर दिया था।' 1960 में भारत और पाकिस्तान के बीच हुई सिंधु जल संधि के तहत भारत को सिंधु बेसिन की छह नदियों में से तीन पर नियंत्रण मिला, जिनमें कुल जल का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा बहता है। वहीं, पाकिस्तान को उन नदियों पर अधिकार मिला, जिनमें करीब 80 प्रतिशत पानी बहता है। क्वात्रा ने कहा कि इस असंतुलन के कारण भारत के कई क्षेत्रों का विकास लंबे समय तक प्रभावित रहा, फिर भी भारत ने संधि का सम्मान किया। उन्होंने कहा कि इसके जवाब में पाकिस्तान ने 1965, 1971 और 1999 में भारत के खिलाफ युद्ध छेड़ा। इसके अलावा उसने सीमा पार आतंकवाद जारी रखा, जिसमें 2001 का संसद हमला, 2008 का मुंबई आतंकी हमला, 2016 के उरी और पठानकोट हमले, 2019 का पुलवामा हमला और 2025 का पहलगाम आतंकी हमला शामिल हैं। क्वात्रा ने कहा कि अगर पाकिस्तान वास्तव में भारत के साथ द्विपक्षीय मुद्दों पर सहयोग चाहता है, तो उसे सबसे पहले वर्षों में खड़े किए गए आतंकी ढांचे को खत्म करना होगा।

## एक नज़र

### मॉस्को के रेस्तरां में बम धमाका

#### विस्फोटक ले जा रही महिला समेत तीन की मौत

**मॉस्को।** रूस की राजधानी मॉस्को के मध्य क्षेत्र में स्थित एक रेस्तरां में शनिवार को हुए बम विस्फोट में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई। रूसी अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि मृतकों में विस्फोट करने वाली महिला भी शामिल है। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी आरआईए नोवोस्ती के अनुसार, मॉस्को के कुद्रिन्स्काया स्क्वायर स्थित रेस्तरां में हुए इस विस्फोट में कम से कम 21 लोग घायल भी हुए हैं। आरआईए नोवोस्ती ने स्थानीय अधिकारियों के हवाले से बताया कि एक अज्ञात महिला कथित तौर पर विस्फोटक उपकरण को रेस्तरां के भीतर ले जाने की कोशिश कर रही थी। रिपोर्ट के अनुसार, प्रवेश द्वार पर तैनात सुरक्षा गार्ड ने महिला को अंदर जाने से रोक दिया। इसी दौरान विस्फोट हो गया। इस धमाके में महिला, सुरक्षा गार्ड और रेस्तरां में मौजूद एक ग्राहक की मौत हो गई। रूसी समाचार एजेंसी के मुताबिक, मॉस्को जांच समिति ने कहा है कि विस्फोट के कारणों और घटना की सभी परिस्थितियों की जांच की जा रही है। फिलहाल मामले की जांच जारी है। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक मॉस्को की मशहूर स्टालिन-युग की गगनचुंबी इमारतों में से एक में स्थित इस रेस्तरां में एक निजी समारोह आयोजित किया जा रहा था।

### पेरू में विमान हादसा, 13 मरे

**लीमा।** पेरू में शनिवार को एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में कम से कम 13 लोगों की जान चली गई। समाचार एजेंसी अल जज़ीरा ने पुलिस के हवाले से यह जानकारी दी है। विमान यात्रियों को प्रसिद्ध नाजका लाइन्स दिखाने ले जा रहा था। अधिकारियों ने बताया कि मरने वालों में अधिकतर पर्यटक थे। विमान दुर्घटना के बारे में स्थानीय पुलिस अधिकारी- मेजर जॉर्ज एंड्रेड ने कहा कि 11 यात्री और दो चालक दल के सदस्य मारे गए हैं। दुर्घटनास्थल पर पहुंची स्थानीय मीडिया के हवाले से आई खबरों में बताया गया कि विमान क्रैश होने के बाद तुरंत आग लग गई। तत्काल राहत और बचाव अभियान चलाना असंभव हो गया। विमान ने इका विभाग के पिस्को से उड़ान भरी थी। दुर्घटनाग्रस्त विमान पेरू के दर्शनीय स्थलों का भ्रमण कराने वाली ऑपरेटर एयरोडियाना के बेड़े का था। दुर्घटना के कारणों के बारे में तत्काल कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। दरअसल, पेरू प्रमुख अंतराष्ट्रीय यात्रा गंतव्य है, जो दुनिया भर से पर्यटकों को आकर्षित करता है। नाजका लाइन्स देश के दक्षिणी तट के पास रेगिस्तानी क्षेत्र में स्थित हैं, जो एंडीज पर्वत श्रृंखला के किनारे फैली हुई हैं। 500 ईसा पूर्व से 500 ईस्वी के बीच की इन आकृतियों को यूनेस्को ने विश्व विरासत स्थल घोषित कर रखा है। यूनेस्को इन्हें 'पुरातत्व के सबसे बड़े रहस्यों में से एक' बताता है।

### नगालैंड में कूरियर से कोकीन तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, पांच गिरफ्तार

**दीमापुर (नगालैंड)।** नगालैंड पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले एक बड़े अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है, जो कथित तौर पर व्यावसायिक कूरियर और पार्सल सेवाओं के जरिए कोकीन मंगाकर उसकी तस्करी करता था। इस मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी। जांच में खुलासा हुआ कि यह गिरोह कोकीन आपूर्तिकर्ताओं, संचालकों और वितरण एजेंटों की सुव्यवस्थित एवं संगठित श्रृंखला के माध्यम से संचालित हो रहा था। अधिकारियों के अनुसार, प्रारंभिक जांच से संकेत मिले हैं कि यह गिरोह पूरी तरह सुनियोजित तरीके से काम करता था। इसमें मादक पदार्थों की खरीद, भुगतान की बहुस्तरीय व्यवस्था, अंतरराज्यीय परिवहन, कूरियर के माध्यम से आपूर्ति और स्थानीय स्तर पर वितरण के लिए अलग-अलग जिम्मेदारियां तय थीं। इस मामले के दो अन्य आरोपी फरार हैं और उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस ने बताया कि जांच के दौरान गिरोह के अंतरराज्यीय और अंतरराष्ट्रीय संपर्कों का भी पता चला है।

# 'समुद्री रक्षक': स्वदेशी डीएससी ए24 पानी में उतरा




**कोलकाता।** भारतीय नौसेना को एक और बड़ी कामयाबी मिली है। नौसेना का नया पोत 'डीएससी ए24' पानी में उतर चुका है। इसे कोलकाता के टीटागढ़ शिपयार्ड में लॉन्च किया गया। यह पोत देश में ही तैयार किया गया है। इससे हमारी समुद्री सुरक्षा को नई ताकत मिलेगी। नौसेना के कार्मिक प्रमुख वाइस एडमिरल गुरचरण सिंह इस कार्यक्रम में मौजूद रहे। उनके साथ कई बड़े सैन्य अधिकारी भी शामिल हुए। पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ पोत को हुगली नदी के पानी में उतारा गया। यह जहाज डीएससी (डाइविंग सपोर्ट क्राफ्ट) प्रोजेक्ट का पांचवां पोत है। यह इस पूरी श्रृंखला का आखिरी पोत भी है। इसे 'यार्ड 329' के नाम से भी जाना जाता है। इसका निर्माण

- देश की समुद्री सुरक्षा को मिलेगी नई ताकत

टीटागढ़ रेल सिस्टम्स लिमिटेड (टीआरएसएल) ने किया है। इस पोत को 'कैटामरन-हल' डिजाइन पर बनाया गया है। यानी इसमें एक की जगह दो समानांतर पतवार लगे हैं। इस वजह से यह पानी में तेजी से संतुलित रहता है। समुद्र की तेज लहरों में भी इसे कोई नुकसान नहीं पहुंचता। इसका वजन लगभग 300 से 400 टन है। डीएससी ए24 पूरी तरह भारत में बने उपकरणों से लैस है। इसमें 70 प्रतिशत मुख्य उपकरण देश की अपनी कंपनियों के हैं।

# ओमान के तट पर फंसे तेल टैंकर से रिसाव बढ़ा



**मस्कट।** ओमान के तट पर फंसे एक प्रतिबंधित तेल टैंकर से कच्चे तेल का रिसाव बढ़ने के संकेत मिले हैं। हाल की उपग्रह तस्वीरों में


- समुद्री संरक्षित क्षेत्र पर संकट मंडरा रहा

समुद्र की सतह पर तेल की परत फैलती दिखाई दी है। यह टैंकर समुद्री संरक्षित क्षेत्र के पास फंसा हुआ है, जिससे पर्यावरण को लेकर चिंता बढ़ गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर समय रहते टैंकर को नहीं हटाया गया और उसका ढांचा टूट गया तो बड़ा तेल रिसाव हो सकता है, जिससे समुद्री जीवों और तटीय इलाकों को भारी नुकसान पहुंच सकता है। उपग्रह तस्वीरों के अनुसार समुद्र में तेल की पतली परत करीब 20 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैल चुकी है। ओमान के धोफार क्षेत्र के किब्लियाह द्वीप के तट पर भी कच्चे तेल के धब्बे दिखाई दिए हैं। यह द्वीप हल्लानियात द्वीप समूह का हिस्सा है। पर्यावरण विशेषज्ञ विम ज्वाइनेनबर्ग ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से टैंकर से कम मात्रा में लगातार तेल निकल रहा है और अब इसका फैलाव धीरे-धीरे बढ़ रहा है। उनके अनुसार हाल के दिनों में रिसाव की मात्रा पहले की तुलना में अधिक दिखाई दे रही है। विशेषज्ञों के अनुसार सबसे बड़ा खतरा यह है कि तेज हवाओं और समुद्री लहरों के कारण टैंकर का ढांचा टूट सकता है। मई से सितंबर तक चलने वाले मानसून के दौरान इस इलाके में समुद्र काफी उग्र रहता है। विम ज्वाइनेनबर्ग का अनुमान है कि टैंकर में आठ लाख बैरल से अधिक कच्चा तेल मौजूद है। यदि पूरा तेल समुद्र में फैल गया तो यह क्षेत्र बड़े पर्यावरणीय संकट का सामना कर सकता है।

## शोध

### रोमांचक यात्रा जरूरी नहीं, किसी पार्क में कुछ मिनट बिताना भी सुकूनदेह

# मानसिक स्वास्थ्य बेहतर करने के लिए प्रकृति के बीच बिताएं कुछ पल




**रिचमंड (अमेरिका)।** आज की कामकाजी जिंदगी का अधिकांश हिस्सा चारदीवारी के भीतर गुजरता है। घंटों का सफर, लगातार बैठकें और कंप्यूटर स्क्रीन के सामने बीतता दिन- इन सबके बीच प्रकृति के लिए समय निकालना किसी विलासिता जैसा लगने लगता है। कई लोगों को लगता है कि प्रकृति का आनंद तभी मिलता है, जब लंबी छुट्टी लेकर पहाड़ों पर 'ट्रैकिंग' की जाए या जंगलों में 'कैंप' लगाया जाए। लेकिन अब शोध कुछ और ही कहानी कहते हैं। वे बताते हैं कि प्रकृति का लाभ उठाने के लिए किसी रोमांचक यात्रा पर जाना जरूरी नहीं है। घर या दफ्तर के आसपास मौजूद किसी पार्क या हरियाली के बीच रोज कुछ मिनट बिताना भी तनाव कम करने, मन को शांत रखने और मानसिक स्वास्थ्य बेहतर बनाने के लिए काफी हो सकता है। यूनिवर्सिटी ऑफ रिचमंड के प्रोफेसर टॉड लुकिनबिल बताते हैं कि साल 2026 की वसंत ऋतु में मुझे डेनमार्क में शहरी परिदृश्य के बारे में पढ़ाने और उनका अध्ययन करने का अवसर मिला। दुनिया के सबसे खुशहाल देशों में गिने जाने वाले डेनमार्क से मुझे पहले से ही सुंदर पार्क, खुले आंगनों और साइकिल चलाने के लिए बने रास्तों की उम्मीद थी। वहां यह सब तो मिला ही, लेकिन जिसने सबसे ज्यादा प्रभावित किया, वह यह था कि लोग इन हरित स्थानों का इस्तेमाल अपनी रोजमर्रा की जिंदगी का स्वाभाविक हिस्सा मानते हैं। ये पार्क केवल छुट्टी बिताने या खास मौकों के लिए सुरक्षित जगहें नहीं थे। लोग यहां दोपहर का भोजन करते, दोस्तों से मिलते, दफ्तर से लौटते समय पैदल गुजरते या कुछ पल शांति से बैठकर सुकून महसूस करते थे। ऐसा लगता था जैसे खुले वातावरण में समय बिताना उनकी दिनचर्या का स्वाभाविक हिस्सा हो। डेनमार्क में यह संस्कृति केवल अच्छी योजना बनाकर बनाए गए उद्यानों की वजह से नहीं बनी, बल्कि इसलिए भी कि वहां हरियाली को लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी में इस तरह पिरोया गया है कि प्रकृति उनके दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुकी है। रोज पार्क जाने से मिलने वाले फायदे : प्रकृति के बीच समय बिताने से स्वास्थ्य को होने वाले लाभों के प्रमाण अब इतने मजबूत हो चुके हैं कि दुनिया के कई देशों की सार्वजनिक नीतियों पर भी उनका असर दिखने लगा है। उदाहरण के लिए, अमेरिका में नेशनल पार्क सर्विस की 'हेल्दी पार्क्स हेल्दी पीपल' और पार्कआरएक्स' जैसी पहलें इस सोच को बढ़ावा देती हैं कि पार्क तक आसान पहुंच लोगों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाती है। हालांकि, अधिकतर अमेरिकी जब 'पार्क' शब्द सुनते हैं, तो उनके मन में सबसे पहले येलोस्टोन, योसेमिटी या ग्रैंड कैन्यन जैसे प्रसिद्ध राष्ट्रीय उद्यानों की तस्वीर उभरती है। लेकिन सच यह है कि स्वास्थ्य के लिए सबसे अधिक लाभ उन पार्कों से मिलता है, जहां लोग जीवन में एक बार नहीं, बल्कि बार-बार जा सकें। यानी घर या दफ्तर के पास मौजूद छोटे-छोटे पार्क, हरित क्षेत्र और खुले स्थान कहीं अधिक उपयोगी साबित हो सकते हैं। मेरे अपने शोध ने भी यही बात साबित की। मैंने अमेरिकी गृहयुद्ध के ऐतिहासिक युद्धस्थलों पर विकसित या संरक्षित पार्कों का अध्ययन किया।

## बाजार दर्पण

